


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 157 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद कृ.9 2079 **शनिवार, 20 अगस्त 2022**

प्रधान संपादक – **डॉ. गिरीश कुमार संघी** हैदराबाद नगर **पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये**

## 'मैं भी सेना में होना चाहता था भर्ती'

इंफाल , 19 अगस्त(एजेंसियां)। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इंफाल में आज सेना और असम राइफल्स के जवानों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और जवानों से बातचीत कर उनका हाल भी जाना। राजनाथ सिंह ने कहा, जब भी मैं अपने सशस्त्र बलों के जवानों और अधिकारियों से मिलता हूं तो मुझे खुशी, गर्व और शांति महसूस होती है। उन्होंने कहा, हर कोई देश की सेवा कर रहा है, शिक्षक, डॉक्टर और अन्य, लेकिन हमारे सैनिक जो कर रहे हैं वह किसी पेशे से ज्यादा और सेवा से भी ज्यादा है। राजनाथ सिंह ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा, मैं बचपन में सेना में भर्ती होना चाहता था। सैन्य बलों में शामिल होने के लिए परीक्षा भी दी थी। >12

# डिप्टी सीएम के घर सीबीआई का छापा

### कपिल मिश्रा बोले-विदेशी अखबारों में छपा आर्टिकल पेड न्यूज, फोटो भी निजी स्कूल की

नई दिल्ली, 19 अगस्त(एजेंसियां)। दिल्ली की आबकारी नीति मामले में डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के आवास समेत 21 जगहों पर सीबीआई की छापेमारी चल रही है। जांच एजेंसी सुबह 8.30 बजे ही सिसोदिया के घर पहुंच गई थी। तब से सरकारी आवास (ए विंग दिल्ली सचिवालय) में तलाशी जारी है। खबरों के मुताबिक, अफसरों ने उनके और परिवार के बाकी सदस्यों के फोन और लैपटॉप जब्त कर लिए हैं।




**आप और बीजेपी आमने-सामने**

आप ने कहा कि यह कार्रवाई केजरीवाल को रोकने के लिए की गई है। बीजपी नेता कपिल मिश्रा ने दावा किया है कि विदेशी अखबारों में छपा फोटो दिल्ली के सरकारी स्कूल का नहीं बल्कि प्राइवेट स्कूल का है। इसके पहले भाजपा ने यह भी आरोप लगाया था कि पंजाब चुनाव से पहले केजरीवाल और शराब माफिया में डील हुई थी। एक्साइज के डिप्टी कमिश्नर रहे आनंद तिवारी, तत्कालीन आबकारी आयुक्त अरवा गोपी कृष्ण, कुलजीत सिंह, सुभाष रंजन के घर पर भी सीबीआई की टीम ने छापा मारा। शराब नीति घोटाले के आरोप को लेकर सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की, सूत्रों के मुताबिक इसमें सिसोदिया के अलावा 4 और लोगों के नाम हैं।

**सुबह 8.32 बजे: छापे शुरू होते ही सिसोदिया ने 3 ट्वीट किए**

सिसोदिया ने लिखा- सीबीआई आई है। उनका स्वागत है। हम कट्टर ईमानदार हैं। लाखों बच्चों का भविष्य बना रहे हैं। बहुत ही दुर्भाग्य कि हमारे देश में जो अच्छा काम करता है, उसे इसी तरह परेशान किया जाता है। इसीलिए हमारा देश नंबर वन नहीं बन पाया है।

राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल 3 बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने। पंजाब गए तो वहां प्रचंड बहुमत से आप की सरकार बनी। पूरे देश में केजरीवाल का शिक्षा और स्वास्थ्य का मॉडल पहुंच रहा है। देश में केजरीवाल के नाम पर लोग जुड़ रहे हैं, लोकप्रियता बढ़ रही है। दो दिन पहले भारत को दुनिया का नंबर वन देश बनाने का अभियान उन्होंने शुरू किया, देश के हर हिस्से से लोग जुड़ रहे हैं। संजय सिंह ने कहा, 'केजरीवाल चुनाव जीत रहे हैं, लोकप्रियता बढ़ रही है। इसका कारण दिल्ली का स्वास्थ्य और शिक्षा का मॉडल। इससे नरेंद्र मोदीजी को एक ही चिंता लगी रहती है कि कैसे केजरीवाल को रोकना है। शिक्षा और स्वास्थ्य के मॉडल को रोकना है।

संजय सिंह ने कहा, बताना चाहता हूं कि न केजरीवाल रुकने वाले हैं और न शिक्षा-स्वास्थ्य का मॉडल। मोहल्ला क्लीनिक का मॉडल जिसने पूरी दुनिया को दिया, उस स्वास्थ्य मंत्री को आपने जेल में डाल दिया। अब शिक्षा मंत्री को जेल में डालने की तैयारी है। अमेरिका का वो अखबार मोदी सरकार के बारे में छापता है कि कोरोना काल में लाखों की जान गई।

## हवाला एजेंट मोहम्मद यासीन गिरफ्तार

**लश्कर-ए-तैयबा और अल-बदर के लिए जुटाता था फंड**



नई दिल्ली, 19 अगस्त(एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मोहम्मद यासीन को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुरानी दिल्ली के दिल्ली-6 से गिरफ्तार यासीन लश्कर-ए-तैयबा और अल बदर जैसे आतंकी संगठनों को फंडिंग करने के लिए हवाला आतंक के एजेंट के तौर पर काम करता था।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि आतंकी को सुरक्षा एजेंसियो की मदद से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि भारत में हवाला का धन दक्षिण अफ्रीका से सूरत और मुंबई के रास्ते भेजा जा रहा है। वह हवाला नेटवर्क में दिल्ली का काम देखता था और दिल्ली से यह रकम विभिन्न कोरियर के माध्यम से जम्मू-कश्मीर भेजी जाती थी।

# सोने के तारों से बनी द्वारकाधीश की पोशाक

द्वारका, 19 अगस्त(एजेंसियां)। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व 'जन्माष्टमी' पूरे देश में धूमधाम से मनाया जा रहा है। श्रीकृष्ण की नगरी द्वारका के द्वारकाधीश मंदिर में कन्हैया के श्रृगार के लिए 'दिव्य' पोशाक और मुकुट तैयार किया गया है। प्योर सिल्क की सोने की जरी वाली पोशाक में हीरे जड़े गए हैं।

वहीं, उनके मुकुट में पन्ना, पुखराज, माणिक और हीरे जैसे कई कीमती रत्न जड़े हुए हैं। भगवान श्रीकृष्ण को यह पोशाक और मुकुट रात को 12 बजे उनके जन्मोत्सव के बाद पहनाई गई। जो भक्तों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।




**जन्माष्टमी पर करीब डेढ़ लाख श्रद्धालु आते हैं द्वारका**

गुजरात में स्थित द्वारका को भगवान श्रीकृष्ण की नगरी कहा जाता है। द्वारका में भगवान श्रीकृष्ण के कई मंदिर हैं लेकिन मुख्य द्वारकाधीश मंदिर में मनाई जाने वाली जन्माष्टमी की बात ही अलग होती है। जन्माष्टमी के दिन यहां बेहद खास होता है। एक अनुमान के मुताबिक जन्माष्टमी के दिन दुनियाभर से करीब डेढ़ लाख श्रद्धालु जन्माष्टमी मनाने द्वारका पहुंचते हैं।

**चार पीठों में से एक है द्वारका**

द्वारका चार पीठों में से एक है। मुख्य मंदिर है द्वारका जगत मंदिर। माना जाता है कि 400 ईसा पूर्व भगवान श्रीकृष्ण के वंशज वज्रनाभ ने इसका निर्माण कराया था। द्वारका भारत का एकमात्र ऐसा मंदिर है, जहां पर 52 गज की ध्वजा दिन में तीन बार चढ़ाई जाती है। श्रद्धालुओं को यहां ध्वजा चढ़ाने के लिए अपनी बारी आने में दो-दो साल तक का इंतजार करना पड़ता है।

### हाईकोर्ट से स्वप्ना सुरेश को झटका

## साजिश के मामलों में प्राथमिकी रद्द करने की मांग वाली याचिका खारिज



तिरुवनंतपुरम, 19 अगस्त(एजेंसियां)।सोना तस्करी मामले में केरल उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को मुख्य आरोपी स्वप्ना सुरेश को झटका दिया है। राज्य पुलिस ने स्वप्ना के खिलाफ तिरुवनंतपुरम और पलक्कड़ में दंगा भड़काने के लिए कथित साजिश रचने के मामले दर्ज किए थे। स्वप्ना ने इन मामलों को निरस्त करने के लिए अदालत का रुख किया था। लेकिन अदालत ने स्वप्ना की सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। याचिकाओं को खारिज करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि मामलों की जांच प्रारंभिक चरण में है। शिकायतकर्ता (स्वप्ना सुरेश) मामलों के संबंध में आरोप पत्र दायर होने के बाद अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। स्वप्ना सुरेश ने दो महीने पहले अदालत का रुख किया था। उनके खिलाफ राज्य में कथित दंगा भड़काने की साजिश रचने का मामला दर्ज किया गया था। स्वप्ना ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी (एफआईआर) को रद्द करने की मांग की थी। याचिका में सुरेश ने दावा किया था कि उसे मामले में झूठा फंसाया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने गवाहों के ट्रायल में देरी पर जताई नाराजगी, निचली अदालत को दी नसीहत

नई दिल्ली , 19 अगस्त(एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने गवाहों के ट्रायल में देरी पर नाराजगी जताई है और कहा है कि ट्रायल कोर्ट का यह कर्तव्य है कि वह यह सुनिश्चित करे कि सुनवाई लंबी न हो क्योंकि समय में अंतराल गवाही में समस्या पैदा करता है। न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की पीठ ने कहा कि निचली अदालत को किसी भी पक्ष की लंबी अवधि को नियंत्रित करना चाहिए। आंध्र प्रदेश में चित्तौड़ जिले के मेयर की हत्या करने वाले आरोपियों को भागने में मदद करने के आरोपी एक व्यक्ति को जमानत देते समय ये टिप्पणियां आईं।



शीर्ष अदालत ने कहा कि वह व्यक्ति पिछले सात वर्षों से जेल में है और अभियोजन पक्ष के गवाहों से पूछताछ की जानी बाकी है। हम इस बात से परेशान हैं कि घटना के सात साल बाद भी अभियोजन पक्ष के गवाहों का परीक्षण नहीं किया गया और मुकदमा शुरू होना बाकी है। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है। समय का अंतराल गवाहों की गवाही में अपनी समस्याएं खुद पैदा करता है तो चश्मदीद गवाह के लिए भी परेशानी पैदा करता है। पीठ ने कहा कि यह सुनिश्चित करना अभियोजन पक्ष का कर्तव्य है कि अभियोजन पक्ष के गवाह उपलब्ध हों और यह सुनिश्चित करना निचली अदालत का कर्तव्य है कि किसी भी पक्ष को सुनवाई को लंबा खींचने की अनुमति नहीं दी जाए। शीर्ष अदालत ने निचली अदालत को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि निचली अदालत का फैसला इस आदेश के जारी होने की तारीख से एक साल की अवधि के भीतर उपलब्ध हो। साथ ही कहा कि हम आरोप पत्र में अपीलकर्ता की भूमिका और हिरासत में बिताई गई कुल अवधि को देखते हुए अपीलकर्ता को जमानत देने के पक्ष में हैं।

# तिरंगा नहीं फहराने पर 7 शिक्षकों को सस्पेंड किया

### जांच के लिए कमेटी का गठन

जम्मू, 19 अगस्त(एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में 15 अगस्त के दिन दो स्कूलों में तिरंगा नहीं फहराया गया। इस पर प्रशासन की ओर से शिक्षकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। शिक्षा विभाग ने स्कूल के 7 शिक्षकों को सस्पेंड कर दिया है। साथ ही मामले की जांच के लिए एक कमेटी का भी गठन किया गया है।

दरअसल, किश्तवाड़ जिले के इंद्रवाल इलाके में स्थित मिडिल स्कूल बटवाडी और प्राथमिक स्कूल डोगा बटवाडी में स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा नहीं फहराया गया था। इसके बाद स्थानीय लोगों में गुस्सा था। इसी को लेकर शिक्षा विभाग ने कार्रवाई की और शिक्षकों को सस्पेंड कर दिया। विभाग का कहना है कि शिक्षकों ने तिरंगे का अपमान किया है। ये सभी शिक्षक तब तक निलंबित रहेंगे, जब तक कमेटी इस मामले में जांच पूरी नहीं कर लेती।



**इन शिक्षकों को किया गया सस्पेंड**

सस्पेंड किए गए शिक्षकों में अयाज अहमद, साजिद अहमद वानी, फारूक अहमद बूमल, गुलाम मोहिउद्दीन वानी, मिडिल स्कूल बटवाडी के मोहम्मद सिकंदर और प्राथमिक स्कूल डोगा बटवाडी के शाहिदा बानो और गुलाम हुसैन भट शामिल हैं।

**तमिलनाडु में हेडमिस्ट्रेस ने तिरंगा फहराने से इनकार किया**

इससे पहले तमिलनाडु धर्मापुरी जिले में एक सरकारी स्कूल की हेडमिस्ट्रेस ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर स्कूल में तिरंगा फहराने से इनकार कर दिया था। इसके पीछे उन्होंने अपनी धार्मिक मान्यताओं का हवाला दिया, जिसके बाद असिस्टेंट हेडमिस्ट्रेस ने तिरंगा फहराया।

**वीडियो जारी कर बताया कारण**

हेडमिस्ट्रेस का नाम तमिलसेल्वी है। उन्होंने एक वीडियो में तिरंगा न फहराने के पीछे कारण बताया कि वे यकोबा क्रिश्चियन हैं और उनकी मान्यता उन्हें ईश्वर के अलावा किसी के आगे सिर झुकाने की इजाजत नहीं देती। उन्होंने कहा कि उनका मकसद तिरंगे का अपमान करने का नहीं था। वे तिरंगे का सम्मान करती हैं, लेकिन उनके धर्म में सिर्फ ईश्वर को सैल्यूट किया जाता है।

## शिवपाल का अखिलेश पर फिर तंज

**पिता को कष्ट देने वालों को बताया कंस; यदुवंशियों से किया आह्वान**

लखनऊ, 19 अगस्त (एजेंसियां)। जन्माष्टमी पर शिवपाल सिंह यादव ने पत्र लिखकर अखिलेश यादव पर तीखा हमला किया है। इस पत्र के कई मायने निकाले जा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि जब कोई भी कंस अपने पूज्य पिता को छल बल से अपमानित कर पद से हटाकर आधिपत्य स्थापित करना चाहता है तो धर्म की रक्षा के लिए मां यशोदा के लाल योगेश्वर श्रीकृष्ण अवश्य अवतार लेते हैं और अपने योग माया से अत्याचारों को दंड देकर धर्म की स्थापना करते हैं। उन्होंने कहा कि पूज्यजन और श्रेष्ठ यदुवंशी वीरों निसंदेह प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया भी ईश्वर द्वारा रचित किसी विराट नियति और विधान का परिणाम है।

# राजू श्रीवास्तव का ब्रेन रिस्पॉन्स नहीं कर रहा

### डॉक्टर्स ने कहा-बस दुआओं का सहारा; पत्नी बोलीं-राजू फाइटर हैं, लड़ाई जीतेंगे

कानपुर, 19 अगस्त(एजेंसियां)। कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। लगातार 10 दिन से उनका इलाज चल रहा है, लेकिन कोई फायदा नहीं दिख रहा है। शुक्रवार को एम्स के डॉक्टर ने बताया कि राजू के दिमाग ने काम करना बंद कर दिया है। वे पूरी तरह ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं। डॉक्टर पूरी कोशिश कर रहे हैं। उधर, परिवार के सभी लोग दिल्ली एम्स पहुंच चुके हैं।




सोशल मीडिया पर राजू श्रीवास्तव की सेहत को लेकर तमाम तरह की खबरें वायरल हो रही हैं। इस बीच राजू की पत्नी शिखा ने बताया, "उनके पति की हालत स्टेबल है। डॉक्टर अपना काम कर रहे हैं। हमें उन पर भरोसा है और राजू जी एक फाइटर हैं, वह जरूर इस बैटल को जीतेंगे। वह ये लड़ाई जीतेंगे और फिर एक बार आप सभी को एंटरटेन करेंगे। ये मेरा आप सभी से वादा है। शिखा ने अपील की है कि लोग उनके पति की सेहत के बारे में अफवाहें उड़ाना बंद करें। कॉमेडियन राजू के दोस्त एहसान कुरैशी ने बताया, 'राजू पिछले 25-30 घंटे से बेहोश हैं। उनका दिमाग रिस्पॉन्स नहीं कर रहा है। बिगड़ती हालत के बाद डॉक्टर्स ने कहा है कि बस दुआओं का सहारा है। हम बस उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं।

राजू के बड़े भाई के मुताबिक उनका ब्लड प्रेशर भी नीचे आ गया है। डॉक्टर्स ने बीपी कंट्रोल करने के लिए दवाएं दीं, लेकिन उसका असर खत्म होते ही बीपी फिर डाउन हो गया। उनके भाई के मुताबिक राजू की तबीयत को देखते हुए पूरा परिवार हॉस्पिटल में ही मौजूद है।

बता दें कि राजू को 10 अगस्त को हार्ट अटैक के बाद एम्स दिल्ली में एडमिट कराया गया था। उन्हें जिम में एक्सरसाइज के दौरान अटैक आया था। 9 दिन बाद भी उन्हें होश नहीं आया है। वो लगातार वेंटिलेटर सपोर्ट पर ही हैं। वो कोमा जैसी अवस्था में हैं।

# पीएम मोदी का विपक्ष पर तंज

### सरकार बनाने में उतनी मेहनत नहीं लगती, जितनी देश बनाने में

नई दिल्ली, 19 अगस्त(एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गोवा के पणजी में 'हर घर जल उत्सव' कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस से संबोधित किया।

केंद्रीय जल मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस दौरान मोदी ने कहा कि आज गोवा देश का पहला राज्य बना है, जिसे हर घर जल सर्टिफाई किया गया है। अब 10 करोड़ ग्रामीण परिवार पानी की व्यवस्था से जुड़ चुके हैं।




इस मौके पर मोदी ने विपक्ष पर तंज कसा, कहा कि सरकार बनाने में उतनी मेहनत नहीं करनी पड़ती है, लेकिन देश बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होती है। हम सभी ने देश बनाने का रास्ता चुना है इसलिए देश की वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का लगातार समाधान कर रहे हैं। जिन लोगों को देश की परवाह नहीं है, उन्हें देश के वर्तमान और भविष्य की भी परवाह नहीं है। ऐसे लोग पानी के लिए बड़े-बड़े वादे करेंगे, लेकिन बड़े विजन के साथ कभी काम नहीं कर पाएंगे।

## आने वाले महीनों में और राज्य भी इससे जुड़ेंगे

पीएम ने कहा कि बीते कुछ सालों में गोवा अग्रणी भूमिका निभाता जा रहा है। मैं गोवा की जनता, प्रमोद जी और उनकी टीम, स्थानीय संस्थाओं को बधाई देता हूं। आपका प्रयास देश को प्रेरित करने वाला है। आने वाले महीनों में कई और राज्य इससे जुड़ने वाले हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में सिर्फ 3 सालों में जल जीवन मिशन के तहत 10 करोड़ घरों में नल की सुविधा पहुंची। ये कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। आजादी के सात दशकों में देश में केवल 3 करोड़ ग्रामीण परिवारों में ही पाइप से पानी की सुविधा थी।

उन्होंने आगे कहा कि कुछ साल पहले सभी देशवासियों के प्रयासों से देश खुले में शौच से मुक्त घोषित हुआ था। इसके बाद हमने संकल्प लिया था कि गांवों को कम्युनिटी टॉयलेट, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, गोवर्धन प्रोजेक्ट को लेकर जागरूक करेंगे। एक लाख से ज्यादा गांवों में ऐसा हो चुका है।

# यूएस में बापू की प्रतिमा से बदसलूकी

### महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा को तोड़ा; ये 2 हफ्ते में होने वाली दूसरी घटना

न्यूयॉर्क, 19 अगस्त(एजेंसियां)। अमेरिका के न्यूयॉर्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ शरारती तत्वों ने तोड़फोड़ कर दी। ये प्रतिमा क्वीन्स काउंटी के एक हिंदू मंदिर के बाहर स्थापित की गई थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 6 लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है। पिछले 2 हफ्ते में तोड़फोड़ की ये दूसरी घटना है। इसके पहले 3 अगस्त को भी कुछ लोगों ने इसी मूर्ति को गिरा दिया था।

**6 अज्ञात लोगों ने घटना को अंजाम दिया**

पुलिस ने कहा- घटना साउथ रिचमंड हिल स्थित श्री तुलसी मंदिर के पास की है। रात 1:30 बजे करीब 6 अज्ञात लोग आए। उन्होंने यहां स्थापित महात्मा गांधी की आदमकद मूर्ति तोड़ दी। अज्ञात लोगों ने मंदिर के बाहर सड़क पर ग्रैंडपी और डॉग (कुत्ता) भी लिख दिया। इसके बाद सभी कार में बैठकर भाग गए।

**हिंदूओं के खिलाफ बढ़ रही नफरत**

असेंबली मेंबर जेनिफर राजकुमार ने इस घटना की निंदा की है। ये जानकर दुख हो रहा है कि सिंबल ऑफ पीस कहे जाने वाले महात्मा गांधी की मूर्ति के साथ बदसलूकी की गई। ये हिंदूओं के खिलाफ बढ़ती नफरत भी दर्शाता है।

अमेरिका में बापू की प्रतिमा के साथ पहले भी तोड़-फोड़ की ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। 26 जनवरी 2022 को खालिस्तान समर्थकों ने वॉशिंगटन डीसी में गांधी प्रतिमा को अपवित्र करने का प्रयास किया था। खालिस्तानियों ने महात्मा गांधी की मूर्ति पर अपना झंडा लगा दिया था। जनवरी 2021 में कैलिफोर्निया के सेंट्रल पार्क में बापू की 6 फुट ऊंची प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया गया।

इससे पहले दिसंबर 2020 में वॉशिंगटन में भारतीय दूतावास के सामने मौजूद बापू की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया गया। ये काम भी खलिस्तान समर्थकों ने किया था। इससे पहले जून 2020 में भी दूतावास के बाहर गांधी की प्रतिमा को स्प्रे पेंटिंग से नुकसान पहुंचाया।

## जम्मू-कश्मीर में 25 लाख वोटर जोड़ने से सियासी घमासान

श्रीनगर, 19 अगस्त(एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में पहली बार ऐसे गैर-कश्मीरी भी वोट डाल सकेंगे, जो बाहरी प्रदेशों से आकर जम्मू-कश्मीर में अस्थायी तौर पर रह रहे हैं। इनमें प्रवासी कामगार, मजदूर, अन्य कर्मचारी शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इसकी घोषणा की है।


इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची अपडेट होगी। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने कहा कि भारत में जो वयस्क अस्थायी रूप से जहां रहता है, वहां वोट डाल सकता है। अनुच्छेद 370 लागू रहते स्थायी निवासी ही वोटर थे। अब स्थिति बदल गई है। अनुच्छेद 370 खत्म होने के ठीक 3 साल बाद इस घोषणा से विपक्षी पार्टियों में खलबली मच गई है।

पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भाजपा पर जम्मू-कश्मीर को "प्रयोगशाला' में बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह फैसला कश्मीर में लोकतंत्र के ताबूत में आखिरी कील होगा। इस प्रक्रिया का मकसद स्थानीय आबादी को शक्तिहीन करना है। >12

# क्या दिसंबर तक गिर जाएगी ममता की सरकार

### महाराष्ट्र दोहराने के लिए भाजपा को कितने विधायकों की जरूरत?

नई दिल्ली, 19 अगस्त(एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार गिरने का एक और दावा किया गया है। नया दावा करने वाले नेता हैं भाजपा के सुवेंदु अधिकारी। अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि दिसंबर तक तृणमूल कांग्रेस टूट जाएगी। इसके बाद बंगाल में भी महाराष्ट्र को दोहराया जाएगा। इससे पहले भाजपा नेता और अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती भी इस तरह का दावा कर चुके हैं।




मिथुन ने दावा किया था कि टीएमसी से 38 विधायक संपर्क में हैं। ऐसे सवाल ये है कि क्या सच में बंगाल में महाराष्ट्र को दोहराया जा सकता है? 294 सदस्यीय पश्चिम बंगाल विधानसभा में इस वक्त टीएमसी के 220 विधायक हैं। ममता बनर्जी की पार्टी को भारतीय गोरखा प्रजातांत्रिक पार्टी के एक विधायक का भी समर्थन मिला है। भाजपा के 70 विधायक हैं। एक-एक सीट से आईएसएफ और निर्दलीय विधायक हैं। एक सीट खाली है। मौजूदा 293 सदस्यों के सदन में बहुमत का आंकड़ा 147 का है।

यानीं, ममता बनर्जी की पार्टी के पास बहुमत के आंकड़े से काफी ज्यादा विधायक हैं। पश्चिम बंगाल भाजपा के पास 70 विधायक हैं। दो अन्य विधायकों का समर्थन अगर उसे मिलता है तब भी उसके बहुमत का आंकड़ा जुटाने के लिए 75 विधायकों की जरूरत होगी। यानीं, टीएमसी के कम से कम 75 विधायकों को तोड़ना होगा। हालांकि, ऐसा करने पर भी सरकार बदल जाएगी ऐसा नहीं कहा जा सकता है। क्योंकि इस स्थिति में बगावत करने वाले 75 विधायकों पर अयोग्यता की तलवार लटक जाएगी। >12

### बिलकिस गैंगरेप के दोषियों की रिहाई पर बीजेपी विधायक बोले

# वे लोग ब्राह्मण हैं, संस्कारी भी; रेपिस्टों का स्वागत करने वालों का समर्थन भी किया

गांधीनगर, 19 अगस्त (एजेंसियां)। 2002 में गुजरात दंगों के दौरान 5 महीने की प्रेग्नेंट बिलकिस बानो से गैंगरेप के मामले में दोषी 11 लोगों को गुजरात सरकार ने 15 अगस्त को रिहा किया था। ये सभी 2004 से जेल में बंद थे। सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने दोषियों को 2008 में उम्रकैद की सजा सुनाई थी। राज्य सरकार की रेमिशन पॉलिसी (माफी योजना) के तहत सभी को रिहा किया गया था। गोधरा से बीजेपी विधायक सीके राउलजी ने दोषियों की रिहाई का समर्थन करते हुए गुरुवार को कहा-वे ब्राह्मण हैं और उनके अच्छे संस्कार हैं। राउलजी ने 11 दोषियों का फूलमालाओं और मिठाई से स्वागत करने वालों का समर्थन भी किया।




**रिहाई के लिए बने गुजरात सरकार के पैनल में शामिल थे**

राउलजी गोधरा के डीएम सुजल मायात्रा की अध्यक्षता वाले गुजरात सरकार के पैनल का हिस्सा थे। इसी पैनल ने सर्वसम्मति से 11 दोषियों को रिहा करने की सिफारिश की थी। गुजरात के कलोल से बीजेपी विधायक सुमनबेन चौहान भी पैनल में शामिल थीं। यह फैसला तब लिया गया जब एक दोषी ने रिहाई की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने राज्य से इस पर फैसले लेने के लिए कहा था।

सीके राउलजी ने एक रिपोर्टर से कहा- मुझे नहीं पता कि उन्होंने कोई अपराध किया है या नहीं, लेकिन अपराध करने का कोई इरादा तो होना चाहिए। विधायक ने आगे कहा- वे ब्राह्मण थे और ब्राह्मण अच्छे संस्कार के लिए जाने जाते हैं। हो सकता है कि कोई उन्हें गलत इरादे के साथ फंसाना और सजा दिलवाना चाह रहा हो। जेल में रहने के दौरान दोषियों का आचरण अच्छा था।

**गुजरात दंगों में हुई थी सामूहिक दुष्कर्म की घटना**

गोधरा कांड के बाद गुजरात में साल 2002 में हुए दंगों के दौरान लीमखेड़ा तहसील में बिल्किस बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात हुई थी। इस दौरान उनके परिवार के 7 सदस्यों की भी हत्या कर दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने मामले की जांच की और 2004 में 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर मुंबई ले जाया गया था। सीबीआई की अदालत ने सभी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। आरोपियों को पहले मुंबई की आर्थर रोड जेल और इसके बाद नासिक जेल में रखा गया था। करीब 9 साल बाद सभी को गोधरा की जेल में ट्रांसफर कर दिया था।

**गुजरात में 2002 में हुई थी सांप्रदायिक हिंसा**

27 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा स्टेशन पर साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन के S-6 डिब्बे में आग लगा दी गई थी। आग लगने से 59 लोग मारे गए थे। ये सभी कारसेवक थे, जो अयोध्या से लौट रहे थे। गोधरा कांड के बाद पूरे गुजरात में दंगे भड़क उठे। इन दंगों में 1,044 लोग मारे गए थे। उस समय नरेंद्र मोदी गुजरात के सीएम थे।

# कर्नाटक में कृष्ण जन्माष्टमी के पोस्टर पर गोडसे-सावरकर

### हिंदू महासभा ने लिखा-राजनीति का आधार हिंदुत्व हो, सभी हिंदुओं को सैनिक बनाएं

**पुलिस ने हटाए पोस्टर, जांच शुरू**



मंगलौर, 19 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक के मंगलौर में गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर लगाए गए पोस्टर में नाथूराम गोडसे और वीर सावरकर की तस्वीरें देखी गई। ये पोस्टर हिंदू महासभा की ओर से शहर के अलग-अलग जगहों पर लगाई गई। रिपोर्ट के मुताबिक हिंदू महासभा के स्टेट प्रेसिडेंट राजेश प्रवथन ने इन पोस्टरों को लगवाया।

**पोस्टर पर लिखा स्लोगन चर्चा में**

गोडसे-सावरकर के साथ लगे इन पोस्टरों पर बड़े-बड़े अक्षरों में एक स्लोगन लिखा है, जिसमें कहा गया है कि राजनीति का आधार हिंदुत्व बनाओ और हर हिंदुओं को सैनिक बनाओ। पोस्टर को लेकर विपक्षी पार्टियों ने विरोध जताया है।

**पुलिस ने पोस्टर हटाया, शिकायत दर्ज**

विपक्षी नेताओं के विरोध के बाद पुलिस ने पोस्टर को हटा लिया है और शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा, स्वास्थ्य विभाग के स्थानों पर लगाया गया था, इस वजह से विभाग ने भी जांच कराने का निर्देश दिया है।

**सावरकर के पोस्टर पर हो चुका है विवाद**

कर्नाटक में सावरकर पर 15 अगस्त को भी विवाद हुआ था। शिवमोगा और तमकुरु शहर में टीपू सुल्तान सेना ने सावरकर के पोस्टर को फाड़ दिया था, जिसके बाद इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई थी।

## खबरें जरा हटके

# प्रेमिका की एक किस ने किया प्रेमी का काम तमाम

**जेल में बंद युवक के लिए जानलेवा साबित हुआ 'प्यार'**



अमेरिका के टेनेसी में हैरान कर देने वाला घटना सामने आई. जेल में बंद प्रेमी से मिलने गई प्रेमिका ने जैसे ही किस किया उसकी मौत हो गई. प्रेमिका मुंह में ड्रग्स ले गई थी जो किस के बहाने उसे देने थे, मगर प्रेमी एक साथ सारे ड्रग्स निगल गया और उसकी मौत हो गई. कुछ घटनाएं ऐसी होती हैं जो हैरान कर देती है. जिसके बाद लोग सोचने पर मजबूर हो सकते हैं कि आखिर ऐसा मुमकिन कैसे हुआ. लेकिन कुछ साजिशें ऐसी ही होती है जो उलटी पड़ जाने के बाद हैरानी होती ही है. ये मामला भी कुछ ऐसा ही है जहां पर प्रेमी पर प्यार जताना महिला को भारी पड़ गया और वो जेल चली गई. दूसरी तरफ प्रेमिका का चुम्बन प्रेमी को ज्यादा महंगा पड़ा कि उसकी तो मौत ही हो गई. कैसे ये आगे आपको बताते हैं.

अमेरिका के टेनेसी में सामने आया एक ऐसा मामला जिसने सबको हैरान कर दिया. जेल में बंद प्रेमी से मिलने गई प्रेमिका ने उसे जैसे ही किस किया प्रेमी की मौत हो गई. घटना के बाद जेल में हड़कंप मच गया. दरअसल प्रेमिका अपने मुंह में प्रेमी के लिए ड्रग्स लेकर गई थी. Kiss के बहाने वो उसे देना चाहती थी, लेकिन प्रेमी एक बार में ही सारे ड्रग्स निगल गया जिससे उसकी मौत हो गई.

**प्रेमिका के एक किस से मौत के मुंह में चला गया प्रेमी**

टेनेसी की जेल में बंद कैदी जोशुआ ब्राउन से मिलने उसकी गर्लफ्रेंड रेचल डोलार्ड पहुंची थी. मिलने की खुशी में रेचल ने ब्राउन को किस किया और बस ब्राउन का काम तमाम हो गया. जांच में जो बात निकलकर सामने आई वो बेहद हैरान करने वाली थी. प्रेमी से मिलने पहुंची रेचल के मुंह में मेथैंफेटामीन ड्रग था. प्रेमी को 'किस' करने के दौरान ये ड्रग वो प्रेमी के मुंह में ट्रांसफर करने वाली थी. ऐसा करने में वो सफल भी हो गई लेकिन साजिश में एक गड़बड़ी हो गई. मुंह के जरिए उसने पूरे महीने का स्टॉक प्रेमी को दिया था, जिसे वो गलतr से एक बार में ही निगल गया और उसकी मौत हो गई.

# पाकिस्तानी सैनिक हरियाणा में अभ्यास को तैयार

**भारत के साथ सीमा पर तनाव बरकरार**



नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसियां)। सीमा पर तनाव के बीच भारत और चीन जल्दी एक साथ सैन्य अभ्यास में भाग ले सकते हैं। इतना ही नहीं कहा जा रहा है कि पाकिस्तान भी सुरक्षा से जुड़े एक अभ्यास में हिस्सा लेने अक्टूबर में भारत आ सकता है। खबर है कि रूस में होने वाले वोस्तोक 2022 सैन्य अभ्यास में भारत भाग लेगा। इससे पहले तीनों देशों ने रूस में हुए जापद अभ्यास में भी हिस्सा लिया था। शंघाई सहयोग संगठन के तहत भारत में अक्टूबर के आसपास अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी अभ्यास हो सकता है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि हरियाणा के मनेसर में यह आयोजित हो सकता है। साप्ताहिक ब्रीफिंग के दौरान पाकिस्तान के विदेश प्रवक्ता आसिम इफ्तिखार ने मुल्क के शामिल होने के बात की जानकारी दी है। खास बात है कि इस साल भारत एससीओ आरएटीएस यानी रीजनल एंटी टैररिज्म स्ट्रक्चर की अध्यक्षता कर रहा है। साथ ही पाकिस्तान, भारत, रूस और सेंट्रल एशियन रिपब्लिक्स भी क्षेत्रीय व्यवस्था का हिस्सा हैं। न्यूइंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से लिखा है, 'चीन ने पुष्टि कर दी है कि उनके सैनिक वोस्तोक 2022 सैन्य अभ्यास में हिस्सा लेंगे। भारत का 75 सदस्यीय दल भी इसमें शामिल होने के लिए तैयार हैं और एक बार तारीख पक्की होने के बाद वह व्लादिवोस्तोक के लिए रवाना हो जाएगा।'

# कर्नाटक के स्कूल-कॉलेज में राष्ट्रगान अनिवार्य

*3 स्कूलों में जन-गण-मन नहीं हो रहा था, शिकायत मिलने के बाद शिक्षा मंत्री ने आदेश जारी किया*

बेंगलुरु, 19 अगस्त (एजेंसियां)। बेंगलुरु के सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट क्षेत्र में सेंट जोसेफ बॉयज हाई स्कूल, बिशप कॉटन बॉयज हाई स्कूल और बाल्डविन गर्ल्स हाई स्कूल के खिलाफ राष्ट्रगान नहीं गाने की शिकायत मिली थी। कर्नाटक के स्कूल शिक्षा मंत्री बीसी नागेश ने राज्य के सभी स्कूलों में मॉर्निंग प्रेयर के बाद राष्ट्रगान गाना अनिवार्य कर दिया है। यह आदेश तब जारी किया गया जब बेंगलुरु के तीन स्कूलों में राष्ट्रगान नहीं होने की शिकायत मिली थी। 17 अगस्त का आदेश सभी गवर्नमेंट, सेमी-गवर्नमेंट, निजी स्कूलों और प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेजों पर लागू होगा।

**जांच करने पहुंची थीं टीमें**

सरकारी आदेश लागू होने के बावजूद बेंगलुरु के 3 स्कूलों में राष्ट्रगान नहीं गाया जा रहा था। इसके बाद बेंगलुरु के सार्वजनिक निर्देश विभाग, नॉर्थ और साउथ डिवीजन के उप निदेशकों ने संबंधित स्कूलों का दौरा किया और पुष्टि की कि वहां सुबह की प्रार्थना में राष्ट्रगान नहीं हो रहा था।




बेंगलुरु नॉर्थ के डीडीपीआई लोहिताश्व रेड्डी ने कहा- पिछले हफ्ते उन स्कूलों को नोटिस जारी किए गए थे, जहां छात्र राष्ट्रगान नहीं गा रहे थे। अब उन्होंने आश्वासन दिया है कि अब वहां नियमित रूप से राष्ट्रगान गाया जाएगा।

**कर्नाटक में नियम-क्लास में करवाएं राष्ट्रगान**

इससे पहले नागेश ने बेंगलुरु के सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट क्षेत्र में सेंट जोसेफ बॉयज हाई स्कूल, बिशप कॉटन बॉयज हाई स्कूल और बाल्डविन गर्ल्स हाई स्कूल के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई का आदेश दिया था। कर्नाटक शिक्षा अधिनियम की धारा 133 (2) के अनुसार नियम है कि सामूहिक प्रार्थना के लिए जगह की कमी होने पर क्लासेस में राष्ट्रगान गाया जाना चाहिए। कर्नाटक के स्कूल शिक्षा मंत्री बी.सी. नागेश ने कहा है कि स्कूल और कॉलेज परिसरों में गणेश चतुर्थी मनाने के लिए स्वतंत्र हैं। नागेश ने 17 अगस्त को बेंगलुरु में प्रेस से बात करते हुए कहा, ₹स्कूलों को इस साल गणेश चतुर्थी मनाने की पूरी आजादी है और वे इसे हर साल की तरह जारी रख सकते हैं।₹ हालांकि बाद में उन्होंने स्पष्ट किया कि गणेश चतुर्थी को धार्मिक आयोजन नहीं माना जाना चाहिए।

इस बयान की मुस्लिम संगठनों ने आलोचना की, जिन्होंने स्कूलों और कॉलेजों में हिजाब पर बैन का सपोर्ट करते हुए गणेश चतुर्थी के लिए मंत्री की हरी झंडी पर सवाल उठाया। कट्टरपंथी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया की स्टूडेंट ब्रांच कैंपस फ्रंट ने नागेश के बयान की निंदा की। संगठन ने कहा कि राज्य सरकार एक समुदाय के पक्ष में अन्य समुदायों की भावनाओं को आहत कर रही है।

# पैसे और गहने के बजाय चोरों ने चुराई चॉकलेट, कैडबरी के गोदाम से उड़ाया 17 लाख का माल



आज तक आपने पैसों की चोरी सुनी होगी, सोने चांदी की चोरी सुनी होगी. हीरे जवाहरात भी चुराते हैं चोर. बहुत हुआ तो किसी के घर में घुसकर टीवी, लैपटॉप, मोबाइल और पर्स पर हाथ मारकर फरार हो जाते हैं चोर. लेकिन आज इस चोरी का जिक्र है हम करने जा रहे हैं, वो अब तक की सबसे अनोखी चोरी होगी. ऐसी चोरी जो शहर में चर्चा का विषय बन गई. आप भी सुनेंगे तो हैरान रह जाएंगे कि चोरों ने जान जोखिम में डालकर चॉकलेट चुराए हैं. शातिर चोरों ने चॉकलेट चुराई तो शहर में चर्चा का विषय बन गई घटना. मामला लखनऊ के चिनहट थाना इलाके का है. घटना छोटी मोटी चोरी का नहीं है. ना हीं ₹10-20 की चॉकलेट थी वो. चोर तो कैडबरी के गोदाम से पूरे 17 लाख की चॉकलेट चुराकर फरार हो गए. जाते जाते चोर सीसीटीवी का डीवीआर भी साथ ले गए जिससे उनकी शिनाख्त मुश्किल हो गई है.

**छा गई लाखों की चॉकलेट चोरी की घटना**

चोरो ने पैसे-गहनों की बजाय चॉकलेट्स में दिलचस्पी दिखाना शुरू कर दिया है. तभी तो दुनिया की सारी चीजें छोड़कर जान जोखिम में डालकर चॉकलेट चुराने चले आए. और रातों रात चॉकलेट कंपनी के गोदाम से चॉकलेट पर हाथ साफ कर फरार हो गए. चोरी की यह घटना शहर में आग की तरह फैल गई. जिसे देखो वो इस अनोखी चोरी की चर्चा करता नजर आया. क्योंकि मामला 10-20 या ₹1000 का नहीं था बल्कि चोरों ने गोदाम से जो चॉकलेट पार की वो करीब ₹17,00,000 की थी. कैडबरी डिस्ट्रीब्यूटर राजेंद्र सिंह सिद्धू ने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज करा दी है. पुलिस ने भी लोगों से इस मामले से जुड़ी किसी भी जानकारी पर तुरंत सूचना की अपील भी की है. राजेन्द्र सिंह के मुताबिक पड़ोसी ने उन्हें फ़ोन पर इस चोरी की जानकारी दी. जिस दौरान घटना घटी उस वक्त राजेन्द्रसिंह घर पर नहीं थे. इसी का फायदा उठाकर चोरों ने घर के बाहर लोडर लगाया और लाखों की चॉकलेट भरकर फरार हो गए.

# विजयवर्गीय बोले–बिहार के सीएम बॉयफ्रेंड बदलने वाली लड़कियों जैसे!

**बीजेपी का साथ छोड़ने पर घेरा; बोले–मैं अभी भी बंगाल का प्रभारी**




इंदौर, 19 अगस्त (एजेंसियां)। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय 25 दिनों बाद अमेरिका से इंदौर लौटे। लौटते ही वे एयरपोर्ट से सीधे पितृ पर्वत पहुंचे।

भगवान हनुमान के दर्शन करने के बाद उन्होंने मीडिया से चर्चा में बिहार सरकार को घेरा। कहा, बिहार में सत्ता परिवर्तन हुआ तब मैं अमेरिका में था। वहां मुझे एक परिचित ने कहा कि हमारे विदेश में जैसे लड़कियां बॉयफ्रेंड बदलती है वैसे बिहार की राजनीति है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के कांग्रेस के वापस सत्ता में आने के दावे को लेकर कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि कमलनाथ जी की उम्र 75 से ऊपर हो गई है उनकी बात को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर विदेशों में भी धूम रही, वहां भारतीयों में काफी उत्साह था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को सभी स्वीकारते हैं। संसदीय बोर्ड में शिवराज को हटाने के मामले में कहा कि राजनीति गति से नहीं देखना चाहिए, पार्टी में परिवर्तन होते रहते हैं। सत्यनारायण जटिया को लेने को लेकर उन्होंने कहा कि वह मेरे पुराने मित्र हैं, 1983 में मैंने पार्षद का चुनाव लड़ा था तो वे उज्जैन के सांसद थे। नए लोगों को भी मौका मिलना चाहिए। पश्चिम बंगाल का प्रभार वापस लेने को लेकर कहा कि पता नहीं मध्यप्रदेश में यह बात कहां से आई।

# शिक्षा-स्वास्थ्य का मॉडल सामने रख, 'आप' भ्रष्टाचार नहीं कर सकती : अनिल चौधरी

नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के घर शुक्रवार सुबह सीबीआई टीम की जांच चल रही हैं, वहीं दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी ने 'आप' पर हमला बोलते हुए कहा कि, शिक्षा-स्वास्थ्य का मॉडल सामने रख, 'आप' भ्रष्टाचार नहीं कर सकती।

दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष ने नई शराब नीति पर विशेष आयुक्त (अपराध शाखा) से पुलिस मुख्यालय में मुलाकात की थी और करोड़ों रुपए के घोटाले के खिलाफ एक ज्ञापन भी सौंपा था।




इसके साथ ही जब दिल्ली उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की तब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने इस फैसले का स्वागत भी किया था।

दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा, मनीष सिसोदिया के घर आज सीबीआई रेड पड़ रही है, इसकी जांच की मांग कांग्रेस पार्टी पहले से ही कर रही है। दिल्ली कोविड काल में इलाज के लिए तरस रही थी, उस वक्त दिल्ली सीएम और शराब मंत्री शराब माफियाओं के साथ मिलकर शराब नीति बनाने का काम कर रही थी। मीडिया के माध्यम से, सड़कों पर उतर कर और दिल्ली पुलिस कमीशनर को पत्र लिख विरोध दर्ज कराया था।

एक तरफ दिल्ली की महिलाएं शराब नीति के खिलाफ सड़कों पर उतरी हुई थी तो उसी दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री शराब माफियाओं को सुरक्षा मुहैया करा रहे थे।

# कभी बनकर तैयार नहीं हो पाया 4 अरब का ये महल, श्रापित होने का लग गया धब्बा



दुनिया में ऐसे कई मेगा प्रोजेक्ट्स हैं, जिनकी खूब चर्चा होती है. इन प्रोजेक्ट्स में इंजीनियर का दिमाग, इन्वेस्टर का पैसा और लोगों की जिज्ञासा शामिल होती है. लेकिन कई बार कुछ बड़े मेगा प्रोजेक्ट्स शुरू तो हो जाते हैं, लेकिन बीच में ही बंद भी हो जाते हैं. कभी प्रॉपर्टी डिस्प्यूट तो कभी कोई और वजह. लेकिन होता ऐसा ही है. आज हम जिस प्रोजेक्ट की बात कर रहे हैं, वो भी अरबों के इन्वेस्टमेंट से शुरू तो हुआ लेकिन आज तक पूरा नहीं हो पाया. इसकी वजह कोई डिस्प्यूट नहीं, बल्कि लोगों के अनुसार श्राप है.

यूके के हैमिलटन पैलेस को घोस्ट हाउस ऑफ़ ससेक्स कहा जाता है. ये यूके की महमरानी के महल से भी काफी बड़ा है. इसका निर्माण काफी जोर-शोर से शुरू हुआ लेकिन अब इतने सालों के बाद भी ये अधूरा है. इस अधूरे महल की वजह से इसके आसपास रहने खौफ रहता है. कई इसे भूतों का घर मानते हैं. कहा जाता है कि ये ब्रिटेन में बनने वाले किसी भी इमारत में सबसे महंगा था. लेकिन किसी वजह से इसे आजतक कम्प्लीट नहीं किया जा सका. इस प्रॉजेक्ट की शुरुआत 1985 में हुई थी. ये यूके के बकिंघम पैलेस से भी बड़ा है. लेकिन आज तक ये कंप्लीट नहीं हो पाया. इसे बनाने में चार अरब खर्च होने का अंदाजा है. लेकिन इतने पैसे लगने के बाद भी यहां कोई रह नहीं पाया. आज ये महल जंगलों के बीच घिरा हुआ है. इसके अंदर जाने की इजाजत किसी को नहीं है. साथ ही गेट पर भी साफ़ लिखा कि कोई अंदर ना जाए. ना अब तक कोई यहां रहा है और ना ही भविष्य में यहां किसी की रहने की उम्मीद है. इस अधूरे महल को देखने के लिए कई लोग आते हैं. लेकिन उन्हें बाहर से ही इसे देखकर संतोष करना पड़ता है. सोशल मीडिया पर इस अधूरे महल की कुछ तस्वीरें, जिसे ड्रोन से लिया गया, शेयर की गई.

# सिसोदिया पर सीबीआई रेड से भड़के भगवंत मान

### पंजाब सीएम बोले-मनीष आजाद भारत के बेहतरीन शिक्षा मंत्री, ऐसे भारत कैसे आगे बढ़ेगा



दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और पंजाब सीएम भगवंत मान 2 दिन पहले हिमाचल में इकट्ठा थे

चंडीगढ़, 19 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया पर सीबीआई रेड से पंजाब के सीएम भगवंत मान भड़क गए हैं। उन्होंने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मान ने कहा ' मनीष सिसोदिया आजाद भारत के सबसे बेहतरीन शिक्षा मंत्री हैं। आज यूएस के सबसे बड़े अखबार एनवाईटी ने फ्रंट पेज पर उनकी फोटो छापी और आज ही मोदी जी ने उनके घर सीबीआई भेज दी। ऐसे भारत कैसे आगे बढ़ेगा।

2 दिन पहले हिमाचल में इकट्ठा थे

दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और पंजाब सीएम भगवंत मान 2 दिन पहले हिमाचल में इकट्ठा थे। यहां सिसोदिया ने हिमाचल प्रदेश के लोगों को शिक्षा की 5 गारंटी दी थी। हिमाचल में इसी साल चुनाव हैं। सिसोदिया वहां काफी सक्रिय थे। सीएम भगवंत मान ने भी हिमाचल में सिसोदिया के काम की खूब तारीफ की थी।

**एक्साइज पॉलिसी केस में पड़ी रेड**

मनीष सिसोदिया के घर दिल्ली की एक्साइज पॉलिसी को लेकर रेड पड़ी है। पॉलिसी को लेकर सीबीआई ने केस दर्ज किया है। सूत्रों के मुताबिक एफआईआर में सिसोदिया के अलावा 4 और लोगों के नाम हैं। दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर वीके सक्सेना के निर्देश पर पॉलिसी की जांच शुरू हुई थी।

## एमपी गवर्नर ने मंच से लगवाए जय श्रीराम के नारे

**मंगू भाई ने धीमी आवाज आने पर कहा कौन नहीं बोला, सब दिख रहा है**

आगरमालवा, 19 अगस्त (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने गुरुवार को एक सरकारी कार्यक्रम में मंच से जय श्रीराम के नारे लगवाए। जब धीमी आवाज में नारे लगे तो उन्होंने लोगों से कहा कि कौन नहीं बोल रहा है, यहां पर मुझे सब दिखाई दे रहा है। इस घटना का विडीयो भी सामने आया है।

घटना आगर मालवा के लसुल्डीया गोपाल गांव के सरकारी स्कूल की है। राज्यपाल यहां हेल्थ कैंप, आंगनबाड़ी केंद्र और पीएम आवास योजना के तहत बने घरों को देखने आए थे। राज्यपाल ने यहां बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर में अभिषेक किया। राज्यपाल ने मंच से 2 बारे जयश्री राम का नारा लगवाया। इस घटना के संबंध में अभी राज्यपाल की ओर से कोई बयान नहीं आया है।

## पंजाब कैबिनेट मिनिस्टर के नाम पर ठगी

चंडीगढ़, 19 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब में कैबिनेट मिनिस्टर के नाम पर ही ठगी होने लगी है। रेवेन्यू मंत्री ब्रह्मशंकर जिंपा के नाम पर वॉट्सऐप के जरिए उनके करीबियों से रुपए मांगे गए। जिंपा ही नहीं बल्कि उनके भाई तक का भी नाम लिया गया।

जब जिंपा को इसका पता चला तो उन्होंने तुरंत एसएसपी को इसकी शिकायत दे दी। जांच हुई तो ठगी वाले नंबर झारखंड और वेस्ट बंगाल के निकले। पुलिस के पास शिकायत पहुंचने के बावजूद ठग दूसरे नंबर के जरिए पैसे मांग रहे हैं।

**एसएसपी को तुरंत रिकॉर्डिंग भेजी : जिंपा**

मंत्री ब्रह्मशंकर जिंपा ने कहा कि दसूहा में किसी पेट्रोल पंप वाली मैडम से भी पैसे मांगे गए। वह आम आदमी पार्टी की पदाधिकारी भी है। मेरे नाम के साथ मेरे भाई के नाम का भी इस्तेमाल किया गया। मैंने उसी वक्त एसएसपी को रिकॉर्डिंग भेज दी थी। उन्होंने जांच की तो वह झारखंड और वेस्ट बंगाल के नंबर निकले। कल भी मुझे एक रिकॉर्डिंग मिली। उसमें भी मेरा नाम लेकर पैसे मांगे जा रहे थे। मैंने वह भी एसएसपी को भेज दी है।

सुविचार: अपने दोष ढूंढ निकालना ज्ञानवीरों का काम है।

# तेलंगाना में स्वास्थ्य, शिक्षा क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता : गंगुला



करीमनगर, 19 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बीसी कल्याण और नागरिक आपूर्ति मंत्री गंगुला कमलाकर ने बताया कि तेलंगाना सरकार स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। तेलंगाना के सरकारी अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने की जानकारी देते हुए उन्होंने आने वाले दिनों में स्वास्थ्य क्षेत्र को और अधिक धन आवंटित करने और अस्पतालों में स्वास्थ्य कर्मचारियों को बढ़ाकर गरीबों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाने का आश्वासन दिया। भारत की स्वतंत्रता के हीरक जयंती समारोह के एक भाग के रूप में, मंत्री ने जिला परिषद अध्यक्ष कनुमल्ला विजया, मेयर वाई. सुनील राव और कलेक्टर आरवी कर्णन के साथ शुक्रवार को यहां मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र में स्तनपान कराने वाली महिलाओं को फल और मिठाई वितरित की। मंत्री ने विभिन्न वार्डों का व्यापक दौरा किया। स्तनपान कराने वाली महिलाओं से बातचीत करते हुए कमलाकर ने अस्पताल में मिलने वाले इलाज और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने डॉक्टरों से बातचीत करते हुए स्टाफ को मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के लिए उठाए जाने वाले कदमों के निर्देश दिए। मंत्री ने जुड़वा बच्चों (लड़का और लड़की) को जन्म देने वाली एक स्तनपान कराने वाली महिला रजनी को दो केसीआर किट और 5,000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की। इस अवसर पर मंत्री ने स्तनपान कराने वाली महिलाओं को केसीआर किट का वितरण किया। इस अवसर पर बोलते हुए कमलाकर ने कहा कि पहले लोग सरकारी अस्पतालों में जाने से डरते थे। हालांकि, अलग तेलंगाना राज्य के गठन के बाद स्थिति बदल गई है। यह मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के शासन के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण है। देश में कोई भी राज्य ऐसा गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान नहीं कर रहा था जो तेलंगाना राज्य में प्रदान किया जा रहा है, उन्होंने मुख्यमंत्री को गरीबों को गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करने के लिए कदम उठाने की जानकारी दी और धन्यवाद दिया। एमसीएचसी के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा कि स्तनपान कराने वाली महिलाएं अस्पताल में उपलब्ध कराए जा रहे उपचार पर खुशी की उम्मीद कर रही थीं, जिसमें हर दिन लगभग 250 से 300 गर्भवती महिलाओं का इलाज चल रहा है। एमसीएचसी में हो रहे इलाज से प्रभावित होकर निजी अस्पतालों में इलाज कराने वाली महिलाएं भी सरकारी अस्पताल का चक्कर लगा रही हैं। चूंकि मरीजों की संख्या हर दिन बढ़ रही है, एमसीएचसी सभी लोगों को समायोजित करने में असमर्थ था। इसलिए, सरकार एमसीएचसी का विस्तार करने और अधिक कर्मचारियों की भर्ती करने की योजना बना रही है।

# केंद्र के प्रतिबंधों के बीच तेलंगाना करेगा निरंतर बिजली आपूर्ति



हैदराबाद, 19 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्र द्वारा तेलंगाना और 12 अन्य राज्यों को बिजली संयंत्रों का बकाया चुकाए जाने तक बिजली खरीदने या बेचने पर रोक लगाने के एक दिन बाद, तेलंगाना ऊर्जा विभाग ने कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों सहित सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं को बिजली की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की। केंद्र सरकार द्वारा 13 राज्यों पर लगाए गए प्रतिबंध शुक्रवार से लागू हो गए, तेलंगाना ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने बिना किसी समस्या के लगातार बिजली आपूर्ति के लिए आवश्यक कदम उठाए।

टीएस ट्रांसको और जेनको के चेयरमैन व प्रबंध निदेशक डी. प्रभाकर राव की देखरेख में अधिकारी लगातार बिजली की मांग और आपूर्ति की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। अगले कुछ दिनों के लिए कार्य योजना तैयार करने के लिए अधिकारियों ने पहले ही बैठकें कर ली हैं। अधिकारियों ने कहा कि विभाग ने शुक्रवार दोपहर 12.15 बजे दर्ज की गई 12,119 मेगावाट की मांग को भी पूरा किया। हालांकि, उन्होंने कहा कि अगर मांग और बढ़ती है तो कुछ अड़चनें आएंगी और विभाग कुछ उपयुक्त निर्णय ले सकता है। केंद्र के फैसले के बाद, विभाग ने बिजली आपूर्ति की मांग को पूरा करने के लिए सभी संसाधनों में पूलिंग शुरू कर दी है। राज्य में कुल 11,609 मेगावाट बिजली की मांग में से, अधिकारी हाइडल, थर्मल, सौर, पवन और केंद्र सरकार के बिजली स्टेशनों से बिजली की आपूर्ति करने में कामयाब रहे। उन्होंने कहा कि कृष्णा नदी पर प्रमुख सिंचाई परियोजनाएं विभाग के बचाव में आईं क्योंकि उनमें पनबिजली उत्पादन शुरू हो गया था। अधिकारियों ने कहा कि कृष्णा नदी पर श्रीशैलम और नागार्जुन सागर परियोजना (एनएसपी) में बिजली उत्पादन ने विभाग को मांग को पूरा करने में काफी हद तक मदद की।

चूंकि श्रीशैलम और एनएसपी को अपस्ट्रीम और कैचमेंट क्षेत्रों से 3.18 लाख और 2.11 लाख क्यूसेक पानी मिल रहा था, अधिकारियों ने कहा कि राज्य में जलविद्युत उत्पादन के संबंध में कोई समस्या नहीं हो सकती है। गोदावरी बेसिन पर कुछ और सिंचाई परियोजनाएं भी पनबिजली पैदा कर रही हैं।

अधिकारियों के लिए एक बड़ा फायदा यह था कि मानसून की शुरुआत के बाद से घरेलू उपभोक्ताओं की ओर से कोई बड़ी मांग नहीं है।

## ऊर्जा विभाग अधिकारी ने केंद्र पर लगाया बिना नोटिस दिए प्रतिबंध लगाने का आरोप

हैदराबाद, 19 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने शुक्रवार को यहां कहा कि केंद्र सरकार ने बिना कोई नोटिस दिए बिजली की खरीद-बिक्री नहीं करने का आदेश दिया है।

उन्होंने कहा कि हम यह नहीं समझ पाए कि केंद्र ने उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद तेलंगाना पर प्रतिबंध क्यों लगाया। उन्होंने कहा कि केंद्र के फैसले के कारण आज 20 मिलियन यूनिट बिजली नहीं ली गई। पावर जेनरेटर और डिस्कॉम के पास बिजली खरीद समझौता है और समझौते के अनुसार लेनदेन किया जा सकता है।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि केंद्र ने 1,360 करोड़ रुपये का बकाया चुकाने के बाद भी तेलंगाना पर रोक लगा दी। राज्य सरकार और डिस्कॉम की ओर से कोई गलती नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और ऊर्जा मंत्री जी. जगदीश रेड्डी ने शुक्रवार को बिजली की स्थिति की समीक्षा की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने विभाग से उपभोक्ताओं को बिना किसी परेशानी के बिजली आपूर्ति करने को कहा। राज्य में इस बार भारी बारिश के कारण, हम पूरी क्षमता से पनबिजली का उत्पादन कर रहे हैं। हम काफी हद तक थर्मल, हाइडल और सोलर पावर का उत्पादन कर रहे हैं। विभाग ने शुक्रवार को बिना किसी रुकावट के 12,214 मेगावाट बिजली की आपूर्ति की। विभाग ने किसानों और उपभोक्ताओं को कहीं भी बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में सहयोग करने को कहा। अधिकारियों ने कहा कि चूंकि अगले एक या दो दिनों में आपूर्ति में कुछ कठिनाई की संभावना है, हम उपभोक्ताओं से हमारे साथ सहयोग करने का अनुरोध करते हैं। सुबह और शाम को बिजली की मांग होगी क्योंकि किसान अपनी कृषि भूमि में अपने पंप सेट पर स्विच करते हैं। अधिकारियों ने किसानों से विभाग के साथ सहयोग करने का आग्रह किया क्योंकि समस्या का जल्द ही समाधान किया जाएगा।

# अंबरपेट के निजी कॉलेज में छात्र ने किया आत्महत्या का प्रयास

## छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की



हैदराबाद, 19 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। एक सनसनीखेज घटना में, यहां के अंबरपेट के एक निजी कॉलेज के एक छात्र ने अपने शरीर पर पेट्रोल डालकर आत्महत्या करने की कोशिश की। आग ने उसके पूरे शरीर को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कॉलेज के प्राचार्य से बात करने के दौरान छात्र ने यह कदम उठाया। घटना में प्राचार्य और दो अन्य भी घायल हो गए, जब उन्होंने पीड़िता को बचाने की कोशिश की। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। प्राचार्य और एसी के कार्यालय का पूरा फर्नीचर जलकर खाक हो गया। इस संबंध में कॉलेज प्रबंधन ने स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के दोस्तों ने दावा किया कि उसने इतना बड़ा कदम इसलिए उठाया क्योंकि कॉलेज के प्रिंसिपल उसे टीसी नहीं देकर परेशान कर रहे थे। उधर, विभिन्न छात्र संगठनों के कार्यकर्ताओं ने घटना की निंदा करते हुए कॉलेज के सामने धरना दिया। कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कुछ कार्यकर्ताओं ने कॉलेज पर पथराव कर दिया, जिससे कॉलेज के प्रवेश द्वार के शीशे और खिड़की के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। पूर्वी क्षेत्र के डीसीपी के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए। एसएफआई के एक छात्र नेता ने कहा कि फीस के भुगतान के लिए कॉलेज प्रबंधन के उत्पीड़न के कारण पीड़ित ने आत्महत्या करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी निजी कॉलेज फीस के नाम पर छात्रों को परेशान कर रहे हैं और उन्हें चरम कदम उठाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कुछ कॉलेज प्रबंधन यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। उन्होंने राज्य सरकार से इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देने और राज्य के सभी निजी शिक्षण संस्थानों में शुल्क को विनियमित करने के लिए एक शुल्क नियामक समिति का गठन करने की मांग की।

## इटेला ने की कालेश्वरम परियोजना की गुणवत्ता की जांच के लिए इंजीनियर समिति की मांग

हैदराबाद, 19 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेकावत के हालिया आरोपों के मद्देनजर कि कलेश्वरम परियोजना का निर्माण घटिया था और सत्तारूढ़ दल के नेताओं द्वारा भारी राशि का दुरुपयोग किया गया था, भाजपा विधायक एटाला राजेंदर ने आज मांग की कि राज्य सरकार परियोजना की गुणवत्ता का अध्ययन करने के लिए विशेषज्ञ इंजीनियरों की एक समिति का गठन करती है। आज यहां मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, राजेंद्र ने अधिकारियों से सवाल किया कि वे अन्य दलों के जनप्रतिनिधियों को परियोजना का निरीक्षण करने की अनुमति क्यों नहीं दे रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव मुनुगोड़े विधानसभा क्षेत्र में होने वाली भाजपा की जनसभा में बाधा डालने की कोशिश कर रहे हैं। यही कारण है कि सत्तारूढ़ दल ने भाजपा की निर्धारित जनसभा से एक दिन पहले मुनुगोड़े में अपनी जनसभा का आयोजन किया।

## एमएनजे कैंसर अस्पताल में महापौर ने मरीजों को फल बांटे



हैदराबाद, 19 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। 8 से 22 अगस्त तक स्वतंत्र भारत वज्रोत्सवम के हिस्से के रूप में, जीएचएमसी मेयर गडवाल विजयाक्षी ने आज एमएनजे कैंसर अस्पताल नामपल्ली में रोगियों को फल वितरित किए। इस मौके पर विजयलक्ष्मी ने अस्पताल के हर वार्ड का निरीक्षण किया और मरीजों को फल बांटे। इस अवसर पर बोलते हुए महापौर ने खुलासा किया कि राज्य सरकार ने ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के तत्वावधान में 10.68 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से अन्य स्थानों से आने वाले 862 रोगियों की सुविधा के लिए सात प्रमुख अस्पतालों में रैन बसेरों का निर्माण किया है। मेयर ने कहा कि यूसीडी डिवीजन द्वारा संचालित 13 रैन बसेरों में मरीजों को फल वितरित किए गए। इसके अलावा, अधिकारी अस्पतालों में मरीजों और उनके सहायकों को दिन में तीन बार 5 रुपये का भोजन उपलब्ध करा रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी अन्य राज्य में मरीजों के लिए ऐसी सुविधा उपलब्ध नहीं थी। महापौर के साथ एमएनजे अस्पताल की निदेशक डॉ जयकुमारी और अन्य लोग भी थे।



**एसीपी, एबिड्स डिवीजन, हैदराबाद वेंकट रेडेडी की देखरेख में जिला अस्पताल किंग कोटी में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राजेंद्रनाथ (अधीक्षक, किंग कोटि अस्पताल), श्रीमती डॉ सदाना (आरएमओ, किंग कोटि अस्पताल), श्रीमती सुरेखा ओम प्रकाश, (निगम, गनफाउंड्री डिवीजन) एसएचओ नारायणगुडा पीएस, आदि ने भाग लिया।**

# एससीआर जीएम ने 'सद्भावना दिवस' की शपथ दिलाई



हैदराबाद, अगस्त 19 (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक (प्रभारी) अरुण कुमार जैन ने शुक्रवार को यहां रेल निलयम में अधिकारियों और कर्मचारियों को सद्भावना दिवस की शपथ दिलाई। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में हर साल 20 अगस्त को सद्भावना दिवस मनाया जाता है। यह दिन सभी धर्मों के भारतीय लोगों के बीच राष्ट्रीय एकता, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। सद्भावना दिवस मनाने का मकसद हिंसा से बचना और लोगों में सद्भावना को बढ़ावा देना है। महाप्रबंधक ने रेलकर्मियों को शपथ दिलाई कि "मैं यह गंभीर प्रतिज्ञा लेता हूं कि मैं जाति, क्षेत्र, धर्म या भाषा की परवाह किए बिना भारत के सभी लोगों की भावनात्मक एकता और सद्भाव के लिए काम करूंगा। मैं आगे प्रतिज्ञा करता हूं कि मैं हिंसा का सहारा लिए बिना बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से हमारे बीच सभी मतभेदों को सुलझाऊंगा।

# प्यार के नाम पर फंसी किशोरी की गर्भपात प्रक्रिया के दौरान मौत

कोत्तागुडेम, 19 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के भद्राचलम कस्बे में शुक्रवार को गर्भपात प्रक्रिया के दौरान एक किशोरी की मौत के बाद आदिवासी संघों और लड़की के परिवार ने विरोध शुरू कर दिया।

दूसरे वर्ष की डिग्री की छात्रा और पांच महीने की गर्भवती लड़की को कथित तौर पर जिले के मुल्कलापल्ली मंडल के पुसुगुडेम के उसके प्रेमी भुक्य नंदा नाइक ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। कहा जाता है कि उसने वीआर रामावरम की लड़की से शादी करने का वादा करके उसे फंसाया और उसके साथ शारीरिक अंतरंगता विकसित की। यह जानने पर कि वह पांच महीने की गर्भवती है, युवक ने कथित तौर पर उसकी जानकारी के बिना उसे गर्भपात करने के लिए कुछ गोलियां दीं।

खून बहने लगा तो वह उसे कस्बे के एक निजी अस्पताल में ले गया। उसने वहां के डॉक्टरों को बताया कि लड़की उसकी पत्नी है और वे गर्भपात कराना चाहते हैं। अस्पताल के डॉक्टरों ने कथित तौर पर उसका गर्भपात कर दिया, लेकिन उसकी हालत गंभीर हो गई क्योंकि उसे दौरा पड़ा और उसकी मौत हो गई, जिसके बाद नंदा नाइक फरार हो गया। तब अस्पताल के अधिकारियों ने लड़की के माता-पिता को सूचित किया, जिन्होंने बदले में 100 पर कॉल किया और पुलिस को घटना के बारे में सूचित किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक की तलाश की जा रही है। भद्राचलम आदिवासी समिति के कार्यकर्ताओं, लड़की के माता-पिता और परिवार के सदस्यों ने अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई और युवक को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर श्री सुरक्षा मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल में धरना दिया।

## CLASSIFIEDS

### CHANGE OF NAME

I, M.RAMA DEVI, W/o: Sub Mangineni Srinivasa Rao, R/o: Konaphalam, Repalle, Guntur, A.P., have changed my name from M.Rama Devi to MANGINENI RAMA DEVI vide Affidavit dt.19-08-2022.


**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन के प्रतिसाद करने से पहले उसकी पूरी तरह से जांच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## ELECTION NOTICE

It is to hereby informed to all the members of The Teli Industrial Cooperative Society Limited (Regd. No. 20968), Kacheguda, Hyderabad district that elections to the Managing Committee is to be held on 04-09-2022 from 08:00 AM to 03:00 PM at society office, Rajmohalla Road, Kacheguda, Hyderabad. Nominations will be received on 24-08-2022 to 26-08-2022 from 11 AM to 03 PM. Scrutiny on 27-08-2022 11 AM onwards. Withdrawal of nominations on 28-08-2022 up to 5 PM. Counting of votes on 04-09-2022 from 3.30 PM onwards.

Dt: 19-08-2022, Hyderabad
Sd/- T. Venkat Reddy, Election Officer, Ph: 9912801834



## बिहार के 20 जिलों में वज्रपात के आसार, मौसम विभाग का अलर्ट

पटना, 19 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में एक बार फिर मॉनसून संबंधी गतिविधियों में तेजी आई है। मौसम विभाग ने राज्य के 20 जिलों में शनिवार तक बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सावधान रहने और खुले में न निकलने की चेतावनी जारी की है। मौसम बदलने से राज्य के लोगों को गर्मी से राहत मिली है। साथ ही धान समेत खरीफ की फसल उगाने वाले किसानों के चेहरे पर रौनक लौट आई है।

मौसमविदों के मुताबिक अभी मानसून ट्रफ गया और बनारस से होकर गुजर रहा है। साथ ही एक चक्रवाती परिसंचरण का क्षेत्र भी बनने के आसार हैं। ऐसे में दो दिनों तक गया, सुपौल, किशनगंज, अररिया, भागलपुर, बांका एवं जमुई के आसपास हल्के से मध्यम स्तर की वर्षा का पूर्वानुमान है। पछुआ हवा का प्रवाह बनने से ट्रफ को अपने वास्तविक स्थिति में पहुंचने में आंशिक मदद मिल रही है। इस वजह से दो दिन कुछ जगहों पर बारिश के आसार बने हुए हैं।

## नशीली दवाएं खिलाकर एक करोड़ उड़ाने वाला सिटी हेड 4 साथियों संग गिरफ्तार

शाहजहांपुर, 19 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी के दावत के दौरान खाने नशीली दवाएं मिलाकर सबको बेहोश करने और फिर शराब कंपनी के ऑफिस से एक करोड़ 7 लाख 15 हजार रुपये गायब कर देने वाले सिटी हेड राहुल मिश्रा और उसके चार अन्य साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पांचों आम की बगिया में एक मंदिर के पास से पकड़े गए। उनके कब्जे से लगभग पूरा रुपया भी बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चार तमंचे, चार कारतूस भी बरामद किए हैं।

पुलिस ने पांचों चोरों की गिरफ्तारी शाहजहांपुर के डैम रोड पर नये पुल के पास आम की बगिया में मदिंर के पास से होने का दावा किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में राहुल मिश्रा निवासी पुवायां, गीतेश वर्मा निवासी पुवायां, सुधीर यादव निवासी डभौरा गढ़ियारंगीन, जितेंद्र सिंह उर्फ नीतेश गुप्ता उर्फ नीते निवासी पुवायां, चन्द्रभान निवासी पुवायां शामिल हैं।

## गोरखपुर यूनिवर्सिटी के छात्रों ने किया बवाल, सड़क जाम



गोरखपुर, 19 अगस्त (एजेंसियां)। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय प्रशासन ने नाथ चंद्रावत (एनसी) हॉस्टल को खाली करने का निर्देश जारी किया था। इसकी शिकायत करने छात्र सीएम योगी से मिलने गोरखनाथ मंदिर जा रहे थे। मगर, पुलिस और प्रशासन ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। इसे लेकर शुक्रवार को छात्रों ने बवाल कर दिया। छात्रों ने तरंग ओवर ब्रिज पर जाम लगा दिया। इससे आम लोगों को परेशानी का समाने करना पड़ा। पुलिस प्रशासन ने किसी तरह छात्रों को समझाकर शांत कराया। कुछ छात्र विश्वविद्यालय के मेन गेट पर प्रदर्शन कर रहे हैं। गुरुवार को वार्डन एसके सिंह ने हॉस्टल खाली करने के का निर्देश चस्पा कर दिया गया था। हॉस्टल में 61 छात्र रह रहे हैं। दरअसल, गोरखपुर विश्वविद्यालय के नाथ चंद्रावत (एनसी) छात्रावास में बुधवार की देर रात युवकों के दो गुटों में वर्चस्व को लेकर जमकर मारपीट हुई। दहशत फैलाने के लिए तीन राउंड फायरिंग भी की गई। एनसी के साथ कबीर छात्रावास के दो कमरों में आग लगा दी गई। देर रात गोली चलने और आगजनी की सूचना पाते ही कैंट पुलिस के साथ एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने इस मामले में वार्डन की तहरीर पर हत्या की कोशिश, मारपीट, आगजनी की धाराओं में हिमांशु सिंह और यशपाल सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# विवादों से बोहनी

## नीतीश सरकार के कैबिनेट विस्तार के 4 दिन में 6 बवाल

पटना, 19 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में बनी महागठबंधन सरकार के गठन के साथ ही विवादों की सिलसिला शुरू हो चुका है जो खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा। एक विवाद खत्म होता नहीं कि दूसरा विवाद जन्म ले लेता है। नीतीश कुमार की महागठबंधन सरकार को चलते हुए दस दिन भी पूरे नहीं हुए कि एक के बाद एक विवाद खड़ा हो रहा है। पिछले चार दिन में ही नीतीश सरकार में 6 विवाद खड़े हो चुके हैं।

पहले अपहरण केस में आरोपी कार्तिक सिंह को कानून मंत्री बनाए जाने को लेकर विवाद हुआ। इस विवाद पर सरकार ठीक से सफाई भी नहीं दे पाई थी कि लेशी सिंह बनाम बीमा भारती का विवाद खड़ा हो गया। बिहार सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री लेसी सिंह के किलाफ रुपौली से जेडीयू विधायक बीमा भारती खुलकर सामने आ गई हैं। उनका



कहना है कि लेशी सिंह पर हत्या और अपहरण जैसे कई गंभीर मामलों में केस दर्ज है। ऐसे में नीतीश कुमार को तुरंत लेशी सिंह को कैबिनेट से बर्खास्त कर देना चाहिए। सीएम कुमार इन विवादों से निपटते कि इस बीच गुरुवार को नीतीश सरकार में पर्यावरण मंत्री बनाए गए तेज प्रताप यादव विवादों में घिर गए। तेज प्रताप यादव गुरुवार को अधिकारियों के साथ बैठक ले रहे थे जिसकी फोटो वायरल हो रही है। इस बैठक में उनके साथ मीसा भारती के पति शैलेश कुमार भी नजर आए जिनका सरकार से कोई लेना-देना नहीं है। हालांकि इसपर राजद ने कहा है कि शैलेश तेज प्रताप से किसी काम से मिलने आए थे। इस दौरान उन्हें बैठने को कहा गया था जिसकी फोटो वायरल हो रही है। राजद का कहना है कि शैलेश कुमार ने मीटिंग में हिस्सा नहीं लिया बल्कि जब वो दफ्तर पहुंचे तब तेज प्रताप यादव मीटिंग कर रहे थे सो उन्हें इंतजार करते हुए बैठ गए।

ऐसा ही कुछ डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की मीटिंग में हुआ जहां बिना किसी औपचारिक पद के तेजस्वी यादव के करीबी संजय यादव स्वास्थ्य विभाग की बैठक में नजर आए। संजय यादव के पास कोई सरकारी पद नहीं है फिर भी वो विभाग की बैठक में मौजूद दिखे। संजय यादव तेजस्वी यादव के राजनीतिक सलाहकार हैं लेकिन विभागीय बैठक में बैठक में शामिल होने का उन्हें अधिकार नहीं है क्योंकि इसमें सिर्फ मंत्री और विभाग के अधिकारियों को ही बैठने की अनुमति होती है।

इन सब विवादों के बीच नीतीश सरकार में शिक्षा मंत्री बनाए गए आरजेडी विधायक चंद्रशेखर को लेकर बीजेपी नेता और राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने पुराने मामले का हवाला देते हुए मोर्चा खोल दिया है। सुशील मोदी ने नीतीश कुमार से पूछा कि कारतूस के शौकीन को शिक्षा मंत्री बनाकर नीतीश कुमार बच्चों को क्या संदेश दे रहे हैं? गौरतलब है कि दो साल पहले चंद्रशेखर यादव पर दस जिंदा कारतूस छिपाकर रखने को लेकर आर्म्स एक्ट में केस दर्ज हुआ था। बाद में माफी मांगने पर कोर्ट ने उन्हें बरी किया था।

## विश्व हिंदू सेना अध्यक्ष अरुण पाठक पर अब धोखाधड़ी का मुकदमा

### नौकरी लगवाने के नाम पर पैसे हड़पने का आरोप

वाराणसी, 19 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व हिंदू सेना के अध्यक्ष अरुण पाठक पर एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। अरुण पाठक पर नौकरी दिलाने के नाम पर 4.50 लाख रुपये लेने के मामले में भेलुपुर थाने में केस दर्ज किया गया है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विधि छात्र कौस्तुभ त्रिपाठी की तहरीर पर धोखाधड़ी और धमकी का केस दर्ज किया गया है। नेपाली युवक का सिर मुंडवाकर जयश्रीराम का नारा लगाने के बाद अरुण पाठक चर्चा में आया था। पिछले दिनों महामंडलेश्वर हिमांगी ने भी अरुण पाठक पर छेड़छाड़ और धमकी देने समेत कई आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था।

अब केस दर्ज कराने वाले छात्र कौस्तुभ त्रिपाठी का आरोप है कि




बीएचयू में स्नातक की पढ़ाई के दौरान काम की तलाश में अरुण पाठक से मुलाकात हुई। अरुण पाठक ने अपने यहां पार्ट टाइम पर पंद्रह हजार रुपये महीने पर रख लिया। दो साल तक कोई वेतन नहीं दिया। करीब तीन लाख रुपये बकाया हो गया।

इस बीच 2017 में अरुण पाठक ने ग्राम विकास अधिकारी की भर्ती में नौकरी लगवाने के लिए फार्म भरवाया। इसके एवज में चार लाख रुपये में बात करने को कहा। अपने पास बकाया वेतन के पैसे के अलावा और पैसा की मांग करने लगा। पीड़ित ने अपने पिता से पढ़ाई के नाम पर एक लाख तीन हजार रुपये लेकर दिया।

पैसा लेने के बाद भर्ती निरस्त होना बताया। तत्कालीन रेल मंत्री मनोज सिन्हा से बात कर रेलवे में नौकरी का झांसा भी दिया। पैसा लेने के बाद अरुण पाठक धमकी देने लगा। पहले भी पुलिस में शिकायत की थी लेकिन मुकदमा नहीं दर्ज किया जा रहा था। अब कई मामलों में अरुण पाठक पर केस और गिरफ्तारी के बाद मुकदमा दर्ज हुआ है।

## राकेश टिकैत का आरोप-किसान आंदोलन से पहले थानेदारों ने किसानों को धमकाया

लखनऊ, 19 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने संयुक्त किसान मोर्चा (31 किसान संगठनों) के साथ गुरुवार (18 अगस्त) से 75 घंटे का धरना प्रदर्शन शुरू किया है। किसान यूनियन ये धरना प्रदर्शन केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी की बर्खास्त करने और उत्तर प्रदेश में (कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन के दौरान) किसानों पर दर्ज हुए मुकदमे को रद्द करने की मांग को लेकर रहे हैं। इस धरना प्रदर्शन के दौरान यहां के स्थानीय किसान नहीं नजर आए। जब इस पर किसान नेता राकेश टिकैत से बात की गई तो उन्होंने उत्तर प्रदेश के पुलिस प्रशासन को इसका जिम्मेदार ठहराया।

राकेश टिकैत ने बताया, 'यहां के थानेदार घर-घर जाकर



किसानों को डरा-धमका रहे थे जिसकी वजह से लखीमपुर खीरी का लोकल किसान इस धरना प्रदर्शन में हिस्सा नहीं ले रहा है। कुछ जिम्मेदार किसान जो इस धरने में बड़ी जिम्मेदारी ले सकते थे वो पंजाब चले गए। जब मैंने इसके बारे में पता किया तो पता चला कि इन किसानों को यूपी पुलिस के थानेदारों ने पहले ही डरा-धमका दिया था।'

**जिम्मेदार किसानों को थानेदार ने धमका कर पंजाब भेज दिया: टिकैत**

राकेश टिकैत ने आगे बताया, 'जब मैंने उन किसानों से बात की तो उन्होंने बताया कि हम तो पंजाब चले आए हैं। इस पर मैंने कहा भाई एक-दो के यहां शादी-ब्याह का कार्यक्रम हो सकता है सारे जिम्मेदार लोग एक साथ पंजाब क्यों चले गए?

यहां पर हमने लोगों को रुकने के लिए डेरों पर व्यवस्था करवाई थी लेकिन यहां के लोगों ने हाथ खड़े कर दिए। लोकल थानेदार डेरों में भी जाकर लोगों को धमकाने लगे कि जो इन डेरों में दिखाई देगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।'

## सीएम नीतीश कुमार के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

पटना, 19 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के सीएम नीतीश कुमार के हेलीकॉप्टर की खराब मौसम के चलते गया में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। सीएम राज्य में सूखे की स्थिति का जायजा लेने निकले थे। बताया जा रहा है कि नीतीश जहानाबाद, अरवल समेत कई जिलों का हवाई दौरा करने के लिए निकले थे। इस दौरान खराब मौसम की वजह से उनके हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। दरअसल, बिहार में कम बारिश की वजह से कई जिलों में किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। इस वजह से सीएम नीतीश सूखे के हालातों का जायजा लेने वाले थे। सीएम नीतीश के गया में उतरने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया। अब सीएम सड़क मार्ग से वापस पटना लौट सकते हैं। गया के डीएम डॉ. त्यागराजन ने बताया कि खराब मौसम की वजह से गया में सीएम के हेलीकॉप्टर को उतारा गया है।

## सांसद अफजाल अंसारी की एक और संपत्ति पर सरकार का कब्जा

### 12 .35 करोड़ का फार्म हाउस कुर्क

गाजीपुर, 19 अगस्त (एजेंसियां)। गाजीपुर में गैंगस्टर के मुकदमे में नामित बसपा सांसद अफजाल अंसारी की एक और संपत्ति को योगी सरकार ने कब्जे में ले लिया है। अफजाल अंसारी के फार्म हाउस समेत छह हेक्टेयर भूमि को शुक्रवार दोपहर प्रशासन ने कुर्क कर लिया। गैंगस्टर समेत अन्य मुकदमों में सांसद अफजाल के खिलाफ यह दूसरी कुर्की की कार्रवाई हुई है। प्रशासन ने भांवरकोल थाने में छह हेक्टेयर कृषि और व्यवसायिक संपत्तियों को कुर्क किया है। इनकी कीमत करीब 12.35 करोड़ बताई जा रही है। इन संपत्तियों को अफजाल अंसारी ने 2005 से 2020 के बीच खरीदा था।

शुक्रवार को डीएम मंगलाप्रसाद सिंह की कोर्ट ने सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ भांवरकोल थाने में 2007 में कायम गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई करते हुए संपत्ति कुर्की का आदेश जारी किया। एसपी रोहन पी.बोत्रे के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस और प्रशासन ने मुख्तार के बड़े भाई और गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी की संपत्तियों पर डुगड़गी बजाकर कुर्की का नोटिस चस्पा किया। एसपी सिटी गोपीनाथ सोनी ने बताया कि सांसद अफजाल की माचा सुखडेहरा के दो मंजिला



फार्म हाउस समेत छह हेक्टेयर भूमि को कुर्क किया गया है। इन संपत्तियों को अवैध तरीके से खरीद फरोख्त कर दाखिल खारिज ना कराना और दान अभिलेख तैयार कराकर पुत्रियों को देने का मामला शामिल है।

## 5 राज्यों में करोड़ों ठगने वाला दानापुर कोर्ट से अरेस्ट

पटना, 19 अगस्त (एजेंसियां)। पटना के रूपसपुर थाने की पुलिस ने दानापुर कोर्ट परिसर से कई महीनों से फरार एक जालसाज को गुरुवार को धर दबोचा है। पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद जालसाज अपनी राजनीतिक पहुंच का हवाला देकर पुलिस को ही धमकाने लगा। पुलिस के सख्त रवैये के कारण उसकी एक न चली और रूपसपुर थाने की पुलिस जालसाज को दबोच कर थाने ले आई। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार जालसाज बिहार ही नहीं, बल्कि दूसरे राज्यों में भी कई लोगों को करोड़ों रुपए का चूना लगा चुका है। कई राज्यों की पुलिस इसकी तलाश में कई महीनों से खाक छान रही थी।

## अखिलेश यादव के आने से पहले सपा विधायक रमाकांत के परिवार पर शिकंजा, बहू के घर कुर्की

आजमगढ़, 19 अगस्त (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पार्टी के विधायक रमाकांत यादव से जेल में मिलने आ रहे हैं। इससे पहले रमाकांत यादव के परिवार पर प्रशासन ने शिकंजा कसा है। रमाकांत यादव की बहू आशा यादव के घर की कुर्की की गई है। गुरुवार को पुलिस द्वारा की गई कुर्की की कार्रवाई से रमाकांत समर्थकों में हड़कंप मचा हुआ है।

सपा विधायक कई मामलों में केस दर्ज होने के बाद इन जिनों आजमगढ़ की जेल में बंद हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने रमाकांत से मिलने 23 अगस्त को आजमगढ़ आ रहे हैं। अखिलेश के आगमन की तैयारियां सपा वाले कर रहे हैं। इसी बीच कोर्ट से आदेश लेकर पुलिस ने रमाकांत यादव की बहू के घर की कुर्की की है।

बताया जाता है कि मैगना में चलने वाले एक ठेके से बड़ी संख्या में अवैध शराब का रैपर मिला था। इसमें आशा यादव सहित 7 लोगों को आरोपित किया गया था। अन्य आरोपी जेल में हैं। जबकि आशा यादव फरार चल रही हैं।

## यूपी में जंगलराज है, योगी सरकार का विकास का ढिंढोरा छलावा है: मायावती



लखनऊ, 19 अगस्त (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने यूपी के कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने हाल ही में घटित अपराध और अन्य दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए कहा है कि यूपी में केवल विकास का दावा किया जाता है लेकिन केवल ये छलावा है, हकीकत में यहां जंगलराज कायम है।

राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शुक्रवार को ट्वीट करते हुए कहा, बाँदा जिले में यमुना नदी पर वर्षों से पुल के अधूरे पड़े रहने के कारण नाव दुर्घटना में अनेकों लोगों की मौत, हापुड़ में पेशी पर आए आरोपी की दिन दहाड़े हत्या व अब हमीरपुर में गैंगरेप की दर्दनाक घटना आदि साबित करती हैं कि यूपी में जंगलराज है और विकास का ढिंढोरा छलावा मात्र।

मायावती ने सीएम योगी आदित्यनाथ के कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यूपी में कुल मिलाकर कानून का न्यायपूर्ण इस्तेमाल नहीं होने से आपराधिक तत्वों का बेखौफ हो जाना लचर कानून-व्यवस्था का सबूत है। इनका विकास भी कुछ ख़ास ज़िलों तक ही सीमित है जबकि यूपी के हर क्षेत्र में अति-गरीबी व बेरोजगारी है। सरकार इस ओर ज़रूर ध्यान दे।

## जगदगुरु परमहंस आचार्य बोले- जैसे बाबरी विध्वंस किया था उसी तरह मथुरा में जन्मोत्सव पर कार सेवा करेंगे, पुलिस ने रोका



लखनऊ, 19 अगस्त (एजेंसियां)। आज कृष्ण जन्माष्टमी है देश भर के साधु-संत इस दिन भगवान कृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में उनका दर्शन करना चाहते हैं। पूरे देश से साधु-संत मथुरा के लिए निकले हैं। इसी क्रम में जगतगुरु परमहंस आचार्य भी मथुरा में कार सेवा के लिए निकले थे लेकिन अयोध्या जिला प्रशासन ने उन्हें रोकर दिया है। इस दौरान काफी देर यूपी पुलिस और संत परमहंस के बीच बहस हुई जिसके बाद संत परमहंस माने लेकिन उन्होंने प्रधानमंत्री-गृहमंत्री और यूपी के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन पुलिस क्षेत्राधिकारी अयोध्या को सौंपा है।

जब इस बारे में मीडिया ने उनसे बात की तो उन्होंने बताया, 'हमने पहले से इस बात का ऐलान किया हुआ था कि जिस तरह से हमने अयोध्या में बाबरी विध्वंस किया था उसी तरह से हम मथुरा में भी भगवान कृष्ण के जन्माष्टमी महोत्सव के पावन पर्व पर भी हम लोग कार सेवा करेंगे। इस बात को लेकर प्रशासन ने हमें यहां पर रोक दिया और मथुरा नहीं जाने दिया है। इसके बाद हमने आदरणीय प्रधानमंत्री जी को पत्र लिखकर इस बात की मांग की है कि जब एक आतंकवादी के लिए रात को सुप्रीम कोर्ट खुल सकता है तो फिर 100 करोड़ हिन्दुओं की आस्था के लिए क्या फास्टट्रैक कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकती है।' उन्होंने कहा, 'भारतीय जनता पार्टी ने इस बात का वादा किया था कि सत्ता में आने पर अयोध्या, मथुरा और काशी विश्वनाथ तीनों लेंगे एक साथ। तो इस तरह से अयोध्या तो हो गया लेकिन अब मथुरा और काशी कब तक लेंगे? उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को कोट करते हुए कहा, उन्होंने बताया था कि देर से मिला हुआ न्याय अन्याय के समान होता है। इसलिए हम लोगों को भी अब न्याय मिलना चाहिए।

## ईसाई मिशनरी के लोगों पर चोरी-छिपे धर्म परिवर्तन कराने का आरोप, जमकर हुई मारपीट

अमेठी, 19 अगस्त (एजेंसियां)। अमेठी में धर्म परिवर्तन का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि अमेठी के कटारी गांव स्थित एक घर में धर्म परिवर्तन का खेल चल रहा था। इस बीच गांव वालों को इसकी भनक लग गई और फिर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ईसाई मिशनरी से जुड़े लोगों ने धर्म परिवर्तन के आरोपों से इनकार कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक अमेठी जिले के जामो क्षेत्र इलाके में आने वाले कटारी गांव में पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव में कुछ लोग धर्म परिवर्तन करवा रहे हैं। इस बीच कुछ ग्रामीण मौके पर



पहुंच गए और ईसाई मिशनरी से जुड़े लोगों से पूछताछ करने लगे। ऐसा करना ईसाई मिशनरी से जुड़े लोगों को नागवार गुजरा और उन्होंने गांव वालों से झगड़ा शुरू कर दिया।

इस बीच आरोप है कि ईसाई मिशनरी से जुड़े लोगों ने सिंपल सिंह नाम के शख्स पर हमला कर दिया। इस हमले में सिंपल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए जिसके बाद गांव के बाकी लोग जमा हो गए और फिर फिर आपस में मारपीट शुरू हो गई। पुलिस के मुताबिक इस घटना में पांच लोग घायल हुए हैं जिनमें तीन महिलाएं शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक उन्होंने मौके पर पहुंचकर बाइबिल समेत अन्य धार्मिक पुस्तकें प्राप्त की है। ग्रामीणों के मुताबिक ईसाई मिशनरी से जुड़े लोग अक्सर गांव में आते हैं और भोले-भाले लोगों को अपना शिकार बनाते हैं।

## सूबे के मजदूरों का दूसरे राज्यों में पलायन

### मनरेगा मजदूरों की संख्या में 75 फिसदी गिरावट

पटना, 19 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में कम बारिश के कारण सूखे की स्थिति उत्पन्न हो गई है। शत-प्रतिशत धान की रोपनी नहीं हो सकी। जो फसल लगी है, उसे बचाने के लिए किसान जद्दोजहद कर रहे हैं। भादो में भी बारिश नहीं होने के कारण फसलों पर इसका प्रभाव निश्चित है। ऐसे में खेती में काम कर जीवन-बसर करने वाले कामगारों ने बिहार से पलायन करना शुरू कर दिया है। बिहार से खुलने वाली ट्रेनों व बसों में भीड़ से इसे आसानी से समझा जा सकता है।

बिहार से हर साल कितने लोग बाहर रोजी-रोजगार के लिए जाते हैं, इसका कोई अधिकृत आंकड़ा श्रम संसाधन विभाग के पास नहीं है। लेकिन दिल्ली की एक गैर सरकारी संगठन की रिपोर्ट की मानें तो बिहार से हर साल 40 लाख से अधिक लोग पलायन करते हैं। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया कि पंजाब में बिहारियों की संख्या कम होने का यह कतई अर्थ नहीं कि लोग अब बाहर नहीं जा रहे हैं। पहले जहां लोग कृषि क्षेत्र में काम करने के लिए पंजाब जाया करते थे। अब वे औद्योगिक क्षेत्र में काम करना चाहते हैं। इसलिए उनकी दिलचस्पी पंजाब के बदले दिल्ली, गुजरात व महाराष्ट्र में बढ़ गई है।

## मुख्तार अंसारी के करीबियों पर ईडी की नजर तो अचानक से बीजेपी पर ही हमलावर हो गए राजभर!

लखनऊ, 19 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बाहुबली नेता मुख्तार अंसारी के मऊ से लेकर दिल्ली तक उनके करीबियों के यहां ईडी ने गुरुवार (18 अगस्त) को छापेमारी की। इस छापेमारी में मनी लॉन्ड्रिंग ईडी ने मुख्तार अंसारी के गाजीपुर स्थित पैतृक आवास के साथ 11 ठिकानों और उनके 3 करीबियों के आवास पर छापेमारी की मुख्तार अंसारी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायक अब्बास अंसारी के पिता हैं। इस पूरे मामले को लेकर जब



सुहेलदेव पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर से बातचीत की गई तो उन्होंने इसे राजनीति से प्रेरित कार्रवाई बताया। और क्या कुछ बोले ओम प्रकाश आइए आपको बताते हैं।

ओम प्रकाश राजभर ने यूपी तक वेब पोर्टल से बातचीत करते हुए बताया, 'मुख्तार अंसारी पर ईडी की कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है। अगर ये राजनीति से प्रेरित नहीं होती तो ईडी ऐसी कार्रवाई विपक्ष के नेताओं पर ही क्यों करती है? सत्ता पक्ष के नेताओं पर ईडी, सीबीआई की कार्रवाई क्यों नहीं होती है? कांग्रेस के जमाने में भी मैंने देखा था कि सुप्रीम कोर्ट ने कमेंट किया था सीबीआई को कि वो जियउवा (पालतू) तोता है।'

राजभर ने आगे कहा, 'अगर ईडी और सीबीआई की ये कार्रवाईयां सभी लोगों पर होती उन इलाकों में जिनके पास आय से अधिक संपत्ति होती तो फिर सरकार की मंशा पर कोई सवाल नहीं उठता लेकिन ये कार्रवाई जो मुख्तार अंसारी पर हो रही है वो राजनीति से प्रेरित है।' वहीं जब राजभर से ये पूछा गया कि उनके विधायक अब्बास अंसारी हैं उनके खिलाफ लखनऊ कोर्ट से एनबीडब्ल्यू जारी किया गया और मुख्तार अंसारी पर ईडी की कार्रवाई हो रही है बीजेपी कहती है कानून अपना काम कर रहा है जांच एजेंसियां अपनी जांच कर रही हैं तो उसमें परेशान क्यों हो रही है?

## गंगा नदी में 3 बच्चे डूबे, 2 लापता

पटना, 19 अगस्त (एजेंसियां)। राजधानी पटना से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। पटना के एलसीटी घाट पर शुक्रवार को एक हादसा हो गया। गंगा में तीन बच्चे नहाने के क्रम में डूब गए। इसके बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोग सड़क पर उतर आए और जमकर हंगामा किया। लोगों ने एनडीआरफ को बुलाने की मांग कर रहे थे। हंगामा कर रहे लोगों ने सड़क जाम कर दिया। सूचना मिली है कि एक बच्चे को सकुशल बाहर निकाल लिया गया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि एलसीटी घाट पर बच्चे नहाने गए थे।

## छोटे शाही स्नान के लिए उमड़े शिव भक्त, पवित्र डल झील ने 25 हजार ने लगाई आस्था की डुबकी

भरमौर (चंबा), 19 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मणिमहेश की पवित्र यात्रा का आगाज हो रहा है। शुक्रवार को मणिमहेश यात्रा के दौरान छोटा शाही स्नान में करीब 25 हजार शिव भक्तों ने पवित्र डल झील में आस्था की डुबकी लगाई। गुरुवार 9:22 से शुक्रवार सुबह 11 बजे तक छोटा शाही स्नान का शुभ मुहूर्त रहा। एसडीएम असीम सूद ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि मणिमहेश यात्रा में व्यवस्था जांचने के लिए प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। दो सितंबर तक चलने वाली इस यात्रा से पहले ही तीन श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। जिला प्रशासन ने खराब मौसम और पथरीले रास्ते को देखते हुए रात को यात्रा करने पर रोक लगाई है। शाम 7:00 से सुबह 5:30 पांच बजे तक श्रद्धालु भरमौर से हड़सर के लिए पैदल या वाहन से नहीं जा पाएंगे। पहली बार मणिमहेश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं का पंजीकरण हो रहा है।

## डोलो ने डॉक्टरों को बांटे 1 हजार करोड़ के गिफ्ट

# सुप्रीम कोर्ट के जज बोले-कोरोना में मुझे भी डोलो-650 खाने का सुझाव दिया गया था

नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसियां)। कोरोना महामारी के दौरान चर्चा में रही पैरासिटामोल दवा 'डोलो' की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। सुप्रीम कोर्ट में दायर एक याचिका में दावा किया गया है कि फार्मा कंपनी ने बुखार की दवा डोलो-650 मरीजों को देने के लिए देशभर में डॉक्टरों को 1 हजार करोड़ रुपए के फ्री गिफ्ट बांटे हैं। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से भी 7 दिन में जवाब मांगा है।

फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से सीनियर एडवोकेट संजय पारिख ने सुप्रीम कोर्ट की बेंच के सामने इस बात का दावा किया है। एडवोकेट पारीख ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स की रिपोर्ट के हवाले से यह दावा किया है। इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस एएस बोपन्ना की बेंच ने की। जस्टिस




चंद्रचूड़ हाल ही में कोरोना संक्रमित हुए थे। उन्होंने सुनवाई के दौरान एक वाकये का भी जिक्र किया।

उन्होंने बताया- 'जो आप कह रहे हैं, वो मुझे सुनने में अच्छा नहीं लग रहा। ये वही दवाई है, जिसका कोविड के दौरान मैंने खुद इस्तेमाल किया। मुझे भी इसका इस्तेमाल करने के लिए बोला गया था। ये वाकई गम्भीर मसला है।' फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि इस तरह के मामलों में रिश्वत के लिए डॉक्टरों पर तो केस चलता है, पर दवा कंपनियां बच जाती हैं। याचिका में डॉक्टरों को तोहफे देने वाली दवा कंपनियों की जवाबदेही भी सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई। याचिका में कहा गया है कि फार्मास्यूटिकल मार्केटिंग प्रैक्टिसेज के लिए यूनिफॉर्म कोड बनाए जाने की जरूरत है। इसके ना होने के चलते मरीजों को ब्रांडेड कंपनियों की बहुत ज्यादा कीमत वाली दवाई खरीदनी पड़ती है, क्योंकि अक्सर उनका इलाज करने वाले डॉक्टर महंगे गिफ्ट के लालच में मरीजों को वही दवाई पर्चे पर लिखते हैं।


### सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार से भी जवाब मांगा

कोर्ट ने याचिका में रखी गई मांगों पर केंद्र सरकार को एक हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा।

मामले की अगली सुनवाई 10 दिनों के बाद की जाएगी। सुनवाई के दौरान केन्द्र सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने कहा कि सरकार की ओर से हलफनामा लगभग तैयार है। इसे शीर्ष अदालत में दाखिल किया जाएगा।

## दैनिक पंचांग

ग्रह गोचर




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | सिंह में | सिंह... | 05-50 बजे |
| चंद्र- | वृष में | कन्या | 07-58 बजे |
| मंगल | वृष में | तुला - | 10-03 बजे |
| बुध- | सिंह में | वृश्चिक | 12-13 बजे |
| गुरु- | मीन में | धनु--- | 14-27 बजे |
| शुक्र- | मिथुन में | मकर- | 16-33 बजे |
| शनि- | मकर में | कुंभ - | 18-24 बजे |
| राहु- | मेष में | मीन... | 20-02 बजे |
| केतु- | तुला में | मेष-- | 21-38 बजे |
| | | वृष-- | 23-23 बजे |
| | | मिथुन.. | 01-23 बजे |
| | | कर्क... | 03-35 बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- 2079
शक संवत् -1944, कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426878
कलियुग संवत् -5123 वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् -1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885123
महावीर निर्वाण संवत् -2548, हिजरी सन् -1443
ऋतु-वर्षा, दिशाशूल- पूर्व-अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- नवमी- 01-09 राततक उपरान्त, दशमी
मास - भद्रपद कृष्ण पक्ष, शनिवार, 20 August
नक्षत्र - रोहिणी - 04-39 - राततक उपरान्त, मृगशिरा
योग - व्याघात- 21-40 - तक उप- हर्षण
करण- तैतिल - 12-01 - तक, उप- गर
विशेष:- श्री गोगानवमी नंदोत्सव
व्रत -त्योहार - सर्वार्थसिद्ध योग, कन्या मे बुध

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है। सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल** 09:10 से 10:45 तक

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र बेगम बाजार हैद्रा.

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 06:03 - 07:36 | अशुभ | लाभ | 18:38 - 20:03 | शुभ |
| शुभ | 07:36 - 09:10 | शुभ | उत्पात | 20:03 - 21:29 | अशुभ |
| रोग | 09:10 - 10:45 | अशुभ | शुभ | 21:29 - 22:54 | शुभ |
| उत्पात | 10:45 - 12:19 | अशुभ | अमृत | 22:54 - 00:19 | शुभ |
| चंचल | 12:19 - 13:54 | शुभ | चंचल | 00:19 - 01:45 | शुभ |
| लाभ | 13:54 - 15:28 | शुभ | रोग | 01:45 - 03:10 | अशुभ |
| अमृत | 15:28 - 17:03 | शुभ | काल | 03:10 - 04:36 | अशुभ |
| काल | 17:03 - 18:36 | अशुभ | लाभ | 04:36 - 06:03 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): आप को विभिन्न दिशाओं में अकर्षित अनुभव कर रहे हैं और समझ नही पा रहे कि क्या किया जाना चाहिए यह परेशानी आज और ज्यादा बढ़ेगी और आपके लिए फैसला लेना और भी मुश्किल हो जाएगा। आपको सावधानी से काम लेना होगा क्योंकि आपके फैसले लेने की क्षमता भावनाओ और दुसरे कारणों से प्रभावित हो सकती है।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने आप को ज्यादा ना थकाएं और कम महत्वपूर्ण विषयों के लिए अधिक मेहनत ना करें। दूसरों को अच्छी न लगने वाली बातें कहकर उनका दिल ना दुखाएं। आपको किसी भी मैदान में बिना सोचे-समझे कूद पड़ने की जगह सब पहलुओं के बारे में संवेदनशील होकर अपने दिमाग को संतुलित करके सोचना होगा।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): दूसरों के वेश्वास का सम्मन करें और नम्र बने रहें। आप सफलता हासिल करने की राह पर बढ़ रहे हैं लेकिन हमेशा अंतिम समय पर सावधानी नही रखते। जीवन अप्रत्याशित होता ही है, इसीलिए इन परेशानियों की अधिक चिंता ना करें। जीवन के पथ पर उत्साह और जोश से आगे बढ़ते रहें।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आपके सामने नए अवसर प्रस्तुत होने वाले हैं। आप आज तक अपनी जिस प्रतिभा को केवल हॉबी मानते आये थे, उससे अपनी आजीविका कमा सकते हैं। जीवन के हर क्षेत्र में नए बदलाव होंगे जो अपके जीवन को पूरी तरह बदलकर रख देंगे। आप अपने जीवन से संतुष्ट अनुभव करेंगे।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): बिजनेस सम्बन्धी किसी मीटिंग मे आपके मनमुताबिक मोड़ आने की सम्भावना है। अप आज शांत किन्तु दृढ़ हैं। आपने खुब सोच समझकर फैसले लिए हैं। कार्यस्थल पर सकारात्मक बदलाव होंगे। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात संभव है। घर पर शांत और संतुष्ट बने रहेंगे। बोद्धिक उन्नते होगी।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अधिक सोच विचार ना करें कि अप्रत्याशित घटनाएँ क्यों हो रही हैं या बहुत देर क्यों हो रही है ये आपके भले के लिए भी हो सकते है जिसके फायदे अभी आपको दिखाई नहीं दे रहे हैं। अपनी बेहतरीन परफॉरमेंस देने के लिए कुछ नया प्रयोग करें। इससे आपको भी अपने रोजमर्रा के नियमित कार्यक्रम से थोड़ी राहत मिलेगी।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): संचार कुशलता आपकी विशेषता है आप किसी दोस्त या करीबी से आज कोई ऐसी बात बांटना चाहेंगे जो आप काफी लम्बे समय से सोच रहे हैं। आज अपने गुस्से और निराशा को बाहर निकलने दें। बात करते हुए कोई समाधान भी मिल सकता है लेकिन बातें दिल खोलकर करें। दिन के अंत में कोई चोंकाने वाली खबर मिल सकती है।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): अप अपने दोस्त की गलती की जिम्मेदारी खुद लेने पर तुले हुए हैं, लेकिन इसके नतीजों के बारे में भी सोच लें। किसी कानूनी पचड़े में भी पड़ सकते हैं। कोई ऐसी घटना होगी जो आपको कभी ना भूलने वाला सबक देगी। कुछ अलग दिखें, कपड़े या अपना बाल बनाने का तरीका बदल लें।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): इस समय आपके जीवन में अजीब ही घटनाएँ हो रही हैं। जिससे भी आप मिलते हैं, आपके मन में उसी के लिए कोमल भावनाएं पैदा हो जाती हैं, विशेषत विपरीत लिंग को आप बहुत अकर्षित करेंगे। साथ ही आप उस काम के बारे में भी जागरूक रहेंगे जो आपको दूसरों के लिए घर और कार्यस्थल पर करना है।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): आज आप बहुत सृजनात्मक अनुभव करेंगे। खूबसूरती की प्रशंसा के साथ साथ खुद भी कुछ खूबसूरत चीज बनना चाहेंगे। दिन कलाकारों के लिए विशेष अच्छा है। हालाँकि आज शुरू किये हुए कार्यों को आज ही पूरा कर लें। क्योंकि अचानक आप विकर्षित सा अनुभव करने लगेंगे यह भावना काफी सामान्य है।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): इस समय आपको जीवन में दो ही विकल्प मिलेंगे और दोनों में से किसी एक को भी छोड़ना आपके लिए समान दर्दनाक होगा। आपको अब अपने दिल की सुननी चाहिए। अपने खाली समय में अपने लक्ष्यों की सूची बनाएं, लेकिन उनकी प्राथमिकताएं भी तय करें। आपकी महत्वकाक्षाएं बढ़ गई हैं।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आज आप खुद की जरुरत से अधिक आलोचना करने के मूड में हैं। आपको भी पता है कि आपकी अधिकतर चिंताएं निरर्थक हैं, फिर भी आप चिंता करते रहते हैं। इसका एकमात्र समाधान यह है कि अपने किसी ऐसे करीबी से सा अपनी चिंताओं के बारे में बात करें जो आपको सहारा दे सके।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

## हरियाणा का 'हनीट्रैप गैंग' गिरफ्तार

**मोहाली के स्टूडेंट को किडनैप कर 50 लाख फिरौती मांगी; फेक प्रोफाइल से फ्रेंडशिप कर मिलने बुलाया था**

चंडीगढ़, 19 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब पुलिस ने हरियाणा के 'हनीट्रैप गैंग' को गिरफ्तार किया है। गैंग में 2 युवक और एक लड़की शामिल है। तीनों ने मोहाली की चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट को किडनैप कर 50 लाख की फिरौती मांगी थी। पुलिस ने किडनैप स्टूडेंट को छुड़ा लिया है। गैंग की लड़की ने फेक प्रोफाइल बनाकर स्टूडेंट से फ्रेंडशिप की।

फिर मिलने बुलाकर उसे किडनैप कर लिया। किडनैप किए स्टूडेंट को खरड़ से बरामद करने के बाद परिवार को सौंप दिया गया है। रोपड़ रेंज के डीआईजी गुरप्रीत भुल्लर ने बताया कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के बीई स्टूडेंट हितेश को किडनैप कर लिया गया था। उसे खरड़ के रणजीत नगर में एक किराए के कमरे में रखा गया था। इसकी शिकायत मिलने के बाद पुलिस एक्शन में आई और 48 घंटे में युवक को छुड़ा लिया गया।

**हनीट्रैप गैंग : सोनीपत की लड़की, पानीपत और सिरसा के लड़के**

डीआईजी गुरप्रीत भुल्लर ने बताया कि गैंग के 3 मेंबरों को गिरफ्तार किया है। इनमें अजय कादियां पानीपत के गांव जट्टल का रहने वाला है। दूसरा किडनैपर सिरसा के आबूद का अजय है। इनके साथ सोनीपत के गांव बरोली की राखी तीसरी किडनैपर है। पुलिस ने इनसे होंडा सिटी कार, 5 मोबाइल और 9 कारतूस के साथ .32 बोर की पिस्टल बरामद की है।

## पानीसागर सेक्टर में बीएसएफ पेट्रोल टीम पर फायरिंग, एक जवान शहीद

अगरतला, 19 अगस्त (एजेंसियां)। त्रिपुरा में भारत-बांग्लादेश सीमा पर शुक्रवार सुबह आतंकवादियों ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पर घात लगाकर किए गए हमले में घायल एक जवान की मौत हो गई।

मृतक बीएसएफ जवान की पहचान 53 वर्षीय गिरिजेश कुमार उड्डेय के रूप में हुई है। उदय बीएसएफ की 145वीं बटालियन में हवलदार थे। सूत्रों के मुताबिक, इलाज के लिए अगरतला स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पर उन्होंने अंतिम सांस ली। उसके शरीर के कई हिस्सों में चार गोलियां लगीं, जिससे उसकी मौत हो गई।

## तो हमें भी इस्लामिक देश में रहना पड़ता : अधिकारी



कोलकाता, 19 अगस्त (एजेंसियां)। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और नंदीग्राम से भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बदौलत ही हम पश्चिम बंगाल के हिंदुओं को यह बंगाल मिला। अगर वे नहीं होते, तो हम भी इस्लामिक देश का हिस्सा होते और इस्लामिक देश में रहना पड़ता। जहां किसी दूसरे धर्मों को मानने का और पालन करने का कोई अधिकार नहीं मिलता। वे पूर्वी मेदिनीपुर में आयोजित भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रत्युष मंडल ने कहा कि उलुबेरिया विधानसभा क्षेत्र में यह तीन दिवसीय भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया जा रहा है। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुवेंदु अधिकारी ने एक बार फिर दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार राज्य में अगले छह महीने भी नहीं चलेगी। उनकी ताजा टिप्पणी कोलकाता के हाजरा और कालीघाट इलाके में तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की तस्वीरों वाले पोस्टर लगाए जाने के बाद आई है, जिसमें दावा किया गया है कि छह महीने में नई और सुधरी हुई तृणमूल अस्तित्व में आएगी। सुवेंदु ने कहा कि शिक्षक भर्ती घोटाले से लेकर पशु व कोयला तस्करी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई अपना काम कर रहा है, लेकिन यह टीएमसी सरकार छह महीने भी नहीं चलेगी। दिसंबर उनकी समय सीमा है।

# महाराष्ट्र में दही हांडी को खेल का दर्जा

### घायल और मृत होने पर मिलेंगे 5-10 लाख रुपए, गोविंदाओं को नौकरियों में मिलेगा आरक्षण

मुंबई, 19 अगस्त (एजेंसियां)। दही हांडी उत्सव के दौरान गोविंदाओं का ग्रुप मैदान, सड़क या कम्पाउंड में इकट्ठा होता है और पिरामिड बनाकर ऊंचाई पर लटकी मिट्टी की मटकी को तोड़ते है। खो-खो और कबड्डी की तरह ही अब महाराष्ट्र में दही हांडी को एक खेल का दर्जा दिया गया है। इसे एडवेंचर स्पोर्ट्स का एक प्रकार माना जाएगा।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को विधानसभा में बताया कि दही हांडी में शामिल होने वाले गोविंदाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ, सरकारी नौकरियों में 5 फीसदी आरक्षण भी दिया जाएगा। जल्दी ही प्रो कबड्डी के नियमों के आधार पर राज्य में दही हांडी प्रतिस्पर्द्धा भी शुरू की जाएगी।

कुछ दिन पहले ही सीएम शिंदे ने दही हांडी उत्सव के दिन सार्वजनिक छुट्टी घोषित करने का ऐलान किया था। सरकार ने इस संदर्भ में एक सरकारी आदेश भी जारी किया है। खास यह है कि दही-हांडी अब सिर्फ गोकुलाष्टमी या जन्माष्टमी के वक्त ही नहीं बल्कि साल के 365 दिन एक एडवेंचर स्पोर्ट के तौर पर खेला जा सकेगा।



**10 लाख तक का मुआवजा दिया जाएगा**

गोविंदाओं को अब बीमा संरक्षण भी दिया जाएगा। दही हांडी खेलते वक्त अगर दुर्घटना हो जाती है और ऐसे में किसी गोविंदा की मौत हो जाती है तो संबंधित गोविंदा के परिवार वालों को 10 लाख रुपए की रकम मदद के तौर पर दी जाएगी। गंभीर रूप से जख्मी होने पर 7 लाख 50 हजार रुपए की रकम मदद के तौर पर दी जाएगी। यानी अगर ऐसी किसी दुर्घटना में अगर कोई गोविंदा दोनों आंखें या दोनों पैर या दोनों हाथ या शरीर के कोई दो अहम अंग गंवा देता है तो उसे साढ़े सात लाख रुपए की रकम राज्य सरकार की ओर से मदद के तौर पर दी जाएगी। ऐसी किसी दुर्घटना में कोई गोविंद अगर एक हाथ या एक पैर या शरीर का कोई अंग गंवा बैठता है तो ऐसी स्थिति में उसे 5 लाख रुपए की रकम मदद के तौर पर दी जाएगी।

**जन्माष्टमी पर होता है दही-हांडी उत्सव**

इस उत्सव को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर मनाया जाता है। लड़कों का ग्रुप मैदान, सड़क या कम्पाउंड में इकट्ठा होता है और वे पिरामिड बनाकर जमीन से 20-30 फुट ऊंचाई पर लटकी मिट्टी की मटकी को तोड़ते है। महाराष्ट्र और गुजरात में माखन हांडी की प्रथा काफी प्रसिद्ध है, जहां मटकी को दही, घी, बादाम और सूखे मेवे से भरकर लटकाया जाता है।

1907 में मुंबई में शुरू हुई दही हांडी की परंपरा यह माना जाता है कि नवी मुंबई के पास घणसोली गांव में यह परंपरा पिछले 104 साल से चली आ रही है। यहां सबसे पहले 1907 में कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर दही हांडी शुरू हुई थी। मायानगरी में हर साल होने वाली दही हांडी उत्सव की धूम पूरी दुनिया में हैं। सिर्फ देश ही नहीं विदेश से भी लोग यहां दही हांडी उत्सव देखने आते हैं। हांडी फोड़ने पर कुछ मंडल करोड़ों का इनाम भी देते हैं।

# पीएम को घेरा और फिर ममता से मिले, तारीफ भी की

नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसियां)। भाजपा के पूर्व राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यन स्वामी ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की है। यही नहीं उन्होंने इस मुलाकात के बाद उनकी जमकर तारीफ की है और कहा कि वह करिश्माई नेता हैं। स्वामी ने कहा कि वह साहसी महिला हैं और मैं सीपीएम से उनकी लड़ाई की सराहना करता हूं, जिसमें उन्होंने कम्युनिस्टों को मात दी थी। वह गुरुवार रात को कोलकाता में ममता बनर्जी से मिले थे। कोलकाता प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात करीब आधे घंटे तक चली थी। सूत्रों का कहना है कि यह औपचारिक मुलाकात थी और इसमें कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई। हालांकि इसके सियासी मायने भी निकाले जा रहे हैं।

### क्या करने जा रहे हैं सुब्रमण्यन स्वामी



इसकी वजह यह है कि सुब्रमण्यन स्वामी लंबे समय से भाजपा में साइडलाइन चल रहे हैं और वह अकसर मोदी सरकार की नीतियों की आलोचना करते रहते हैं। सुब्रमण्यन स्वामी ने ट्वीट किया, 'आज मैं कोलकाता में था और करिश्माई नेता ममता बनर्जी से मुलाकात की। वह साहसी महिला हैं। मैं सीपीएम से उनकी फाइट के लिए सराहना करता हूं। उन्होंने कम्युनिस्टों को मात दे दी थी।' उन्होंने ममता बनर्जी के साथ अपनी तस्वीर भी शेयर की थी। इस बैठक के बाद सुब्रमण्यन स्वामी के अगले राजनीतिक कदम को लेकर भी कयास लगने लगे हैं।

**पहले भी कई बार चुके हैं ममता बनर्जी की तारीफ**

बता दें कि बीते साल नवंबर में भी सुब्रमण्यन स्वामी ने ममता बनर्जी से मुलाकात की थी। यही नहीं वह इससे पहले भी कई बार ममता बनर्जी की खुलकर तारीफ कर चुके हैं। इसी साल जुलाई में स्वामी ने ट्वीट कर कहा था कि मैं ममता बनर्जी को एक विद्वान नेता के तौर पर जानता हूं। भले ही हमारे वैचारिक मतभेद हों, लेकिन हमें किसी भी नेता की प्रतिभा को समझना चाहिए। यही नहीं गुरुवार को ही उन्होंने ट्वीट करके भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी पर संसदीय बोर्ड के पुनर्गठन से नितिन गडकरी और शिवराज सिंह चौहान जैसे नेताओं को बाहर करने पर टिप्पणी की थी।


सुब्रमण्यन स्वामी ने ट्वीट किया था, 'जनता पार्टी और भाजपा के शुरुआती दिनों में पार्टी और संसदीय बोर्ड में नियुक्ति के लिए चुनाव होते थे। पार्टी के संविधान के अनुसार इसकी जरूरत थी। आज भाजपा में कोई चुनाव नहीं होते। हर पद पर नरेंद्र मोदी की मंजूरी से लोग नामित हो जाते हैं।'

# चौंकाने वाले आंकड़े : 11 राज्यों की महिलाओं के एक से ज्यादा यौन साथी, पुरुष इस मामले में काफी आगे

नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण में महिलाओं और पुरुषों के यौन संबंधों को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। सर्वे के अनुसार 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पुरुषों की तुलना में महिलाओं के औसतन एक से अधिक यौन साथी हैं।

जबकि, ऐसे पुरुषों का प्रतिशत चार फीसदी पाया गया जिनके ऐसी महिलाओं से संबंध थे, जो न तो उनकी पत्नी थी और न साथ में रहती थीं। यह आंकड़ा उक्त महिलाओं की संख्या से कहीं अधिक है। एक से ज्यादा पुरुषों से संबंध रखने वाली महिलाओं की संख्या 0.5 फीसदी है।

1.1 लाख महिलाओं और 1 लाख पुरुषों के बीच किए गए राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण से पता चला है कि कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पुरुषों की तुलना में महिलाओं के



औसतन सेक्स पार्टनर की संख्या अधिक थी। ये 11 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हैं-राजस्थान, हरियाणा, चंडीगढ़, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, मध्यप्रदेश, असम, केरल, लक्षद्वीप, पुडुचेरी और तमिलनाडु।

राजस्थान में ऐसी महिलाओं की संख्या सर्वाधिक है, जिनके एक से ज्यादा सेक्स पार्टनर हैं। ऐसी महिलाओं के औसत 3.1 फीसदी सेक्स पार्टनर हैं, जबकि एक से ज्यादा सेक्स पार्टनर वाले पुरुषों का औसत 1.8 फीसदी है। 2019 से 2021 के दौरान किए गए राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 देश के 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों के 707 जिलों का सर्वेक्षण किया गया था।

इसकी रिपोर्ट सामाजिक-आर्थिक और अन्य पृष्ठभूमि विशेषताओं, नीति निर्माण और प्रभावी कार्यक्रम कार्यान्वयन के लिए उपयोगी डेटा भी प्रदान करती है।

**ग्रामीण महिलाओं के सेक्स पार्टनर ज्यादा**

एनएफएचएस के आंकड़ों के अनुसार शहरी महिलाओं के सेक्स पार्टनर (1.5 फीसदी) पाए गए, जबकि ग्रामीण महिलाएं इस मामले में आगे पाई गईं और उनके अपने जीवनकाल में औसतन 1.8 से अधिक सेक्स पार्टनर थे। ग्रामीण इलाकों में पुरुषों के भी सेक्स पार्टनर करीब इतने ही पाए गए।

**मध्यप्रदेश में ज्यादा हैं सेक्स पार्टनर**

सर्वे पर यकीन करें तो पता चलता है कि दिल्ली में महिलाओं के औसत 1.1 फीसदी सेक्स पार्टनर हैं। यानी एक महिला औसत रूप से एक से मामूली ज्यादा सेक्स पार्टनर रखती हैं, वहीं, मध्यप्रदेश में यह संख्या 2.5 फीसदी, उत्तर प्रदेश में 2.2 फीसदी, तमिलनाडु में 2.4 फीसदी, असम में 2.1 फीसदी और हरियाणा में 1.8 फीसदी सेक्स पार्टनर रखती है।

स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 20 अगस्त, 2022

# दागदार जनप्रतिनिधि

आजकल ऐसी बयार चल पडी है कि कोई भी पार्टी हो बगैर दागदार जनप्रतिनिधि के पूरी ही नहीं होती है। सबसे बडी बात तो यह है कि सभी नेताओं के अपने दागदार नहीं दिखते लेकिन दूसरी पार्टियों के दागी अंधेरे में रोशनी की तरह दिखाई देते हैं। आपराधिक छवि वाले नेता का इतना रसूख होता है कि उन्हें जनप्रतिनिधि बनाए जाने के सवाल पर कोई भी नेता कोई राय जाहिर करने से कतराता ही दिखेगा। लेकिन बीते कुछ दिनों से राजनीति को अपराध की छवि से मुक्त करने के दावे की हकीकत सामने आ रही है। खासकर जब किसी राज्य या केंद्र में नई सरकार गठन का मौका आता है। बिहार में नीतीश कुमार को एक ऐसे नेता के तौर पर जाना जाता है जिन्होंने राज्य में अपराध के खात्मे की घोषणा के बूते ही अपने राजनीतिक कद को बाकी पार्टियों से ऊंचा किया है। लेकिन इस तरह के वादों और दावों की असली परीक्षा उन्हें जमीन पर उतारने के वक्त होती है। पिछले हफ्ते ही भाजपा से गठबंधन तोड़ कर नीतीश कुमार ने राज्य में राजद और अन्य सहयोगी दलों के साथ मिल कर नई सरकार बना ली। इसके बाद उन्होंने जब मंत्रिपरिषद के गठन का फैसला लिया तो यह उम्मीद की गई कि वे अपनी छवि के मुताबिक फैसले लेंगे और ईमानदार लोगों को मंत्री बनाएंगे। लेकिन उसमें मंत्री बनाए गए कुछ विधायकों के अतीत और वर्तमान को लेकर जिस तरह का विवाद खड़ा हो गया है, उसकी तो नीतीश कुमार ने शायद कल्पना भी नहीं की होगी। लेकिन गठबंधन सरकार की कई बार ऐसी मजबूरियां होती हैं कि कुछ बातों को नजरंदाज करना पडता है। देखा जाए तो बिहार में नई सरकार में जिन लोगों को मंत्रीमंडल में लिया गया है उनमें से कई पर लगे गंभीर आरोपों के बाद एक बार फिर इस सवाल ने जोर पकड़ा है कि जो लोग राजनीति को अपराधीकरण से मुक्त करने की बात करते हैं, वे ही मौका मिलने पर वैसा नहीं कर पाते जैसी बातें करते हैं। इस बार भी सुर्खियों में बिहार सरकार में कानून मंत्री बने कार्तिकेय सिंह हैं, जो भूमिहार बिरादरी से आते हैं और राष्ट्रीय जनता दल के विधायक हैं। आरोप है कि जिस दिन उन्हें पटना के दानापुर में अदालत के सामने समर्पण करना था, उसी दिन वे राजभवन में शपथ लेने पहुंच गए। ऊपर से अब कानून मंत्री बन गए हैं तो इसकी क्या गारंटी है कि वे अपने ऊपर लगे आरोपों को प्रभावित नहीं करेंगे। बता दें कि 2014 में कार्तिकेय सिंह सहित सत्रह अन्य लोगों पर पटना के बिहटा थाने में अपहरण का मामला दर्ज कराया गया था। कार्तिकेय सिंह पर आरोप है कि उन्होंने एक बिल्डर को मारने के मकसद से अपहरण की साजिश रची थी। यह बिडंबना ही है कि अक्सर साफ-सुथरी और ईमानदार सरकार देने का दावा करने वाले नेता ही आपराधिक छवि के लोगों को उच्च पद देने का सवाल पर आंख मूंद लेते हैं। ऐसे में सवाल लाजमी है कि क्या नीतीश कुमार अपने ही दावों को लेकर गंभीर नहीं हैं। हालत यह है कि बिहार की मौजूदा सरकार में जितने विधायकों को मंत्री बनाया गया है, उनमें से बहत्तर फीसद के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। गैरसरकारी संगठन एसोसिएशन आफ डेमोक्रेटिक रिसर्च की ताजा रिपोर्ट में बताया गया है कि इनमें से तेईस मंत्रियों ने अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी दी है। इनमें सत्रह मंत्रियों को गंभीर अपराधों की धाराओं से सामना करना पड रहा है। विचित्र किंतु सत्य यह है कि कई बार गंभीर अपराधों की धाराएं लगी होने के बावजूद यह सफाई पेश की जाती है कि संबंधित विधायक या सांसद के खिलाफ मुकदमा राजनीतिक कारणों से दर्ज कराया गया था। उस पर सुनवाई चल रही है, जब कोर्ट कोई फैसला सुनाएगा तब उसके अनुसार ही उस पर अमल किया जाएगा। अगर कोई व्यक्ति हत्या, अपहरण या अन्य संगीन अपराधों में आरोपी है तो उसे राजनीतिक बता कर क्या हासिल करने की कोशिश की जाती है। अक्सर इसी नुक्ते का फायदा उठा कर कई बार हत्या या बलात्कार जैसे अपराधों का कोई आरोपी विधायक-सांसद या फिर मंत्री तक बन जाता है। यह बेवजह नहीं है कि देशभर में अपराधी तत्त्वों के राजनीति में बढ़ते दखल ने एक ऐसी समस्या खड़ी कर दी है कि अपहरण के आरोपी अदालत में पेश होने की जगह मंत्री पद की शपथ ले लेते हैं। इस तरह की रियायत बरतने के बाद जाहिर है मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लगेंगे ही। साथ ही उनकी साख पर भी बट्टा लग रहा है कि क्या ऐसे मंत्रियों के भरोसे ही वे बिहार को अपराध और भ्रष्टाचार से मुक्त कर पाएंगे।

# कटी पतंग और मैं



डॉ. सुरेश कुमार

मैं छह महीने पहले तक शादी-शुदा थी। अब विधवा हूँ। न जाने यह समाज क्यों विधवा को कटी पतंग की तरह लूटने के लिए लालायित रहता है। पति निकम्मा ही सही हवस के भूखों से बचाए रखने का लायसेंस होता है। मंगलसूत्र, सिंदूर, बिछुए मुझे यह याद दिलाते हैं कि मैं किसी के साथ बंधी हूँ। इसके न होने पर हर कोई मुझे यूज़ करने के बारे में सोचता है। पति के मरने के छह महीने तक मैं घर में ही पड़ी रही। कभी मेरी बहन तो कभी भाई और कभी पिता मेरे साथ रहते और मुझे इस दुख से उबारने का साहस देते।यह दुनिया काम करने वालों को कभी फुर्सत नहीं देती। और जिनको फुर्सत देती है उनको काम नहीं देती। सो सभी मुझे छोड़कर अपने-अपने घर चले गए। अब मैं अकेली, सास-ससुर के साथ रहती हूँ। घर का पूरा काम मुझे ही संभालना पड़ता है। यहाँ पुरुष के लिए घूमने-फिरने के लिए चौबीस घंटे होते हैं, लेकिन स्त्रियों के लिए निश्चित समय होता है। शाम छह बजे से पहले लौट आने वाली स्त्रियाँ लोगों की नजर में चरित्रवान और अंधेरे में आने वाली पहले कानाफूसी और बाद में चरित्रहीनता का शिकार होती हैं। रात आठ बजे सामान लाने के लिए किराना की दुकान पर क्या गई भाभी कहने वाले लोगों की आँखों में कुछ और ही नजर आ रही थी। विधवा मतलब सजने-धजने, खूबसूरत कपड़े पहनने, मेहंदी लगाने, लिपस्टिक, पाउडर, काजल से दूर रहने का फरमान है। इस फरमान का कड़ाई से पालन करने पर भी मैं अपने ही कुछ अवयवों से हारी हूँ। ये अवयव एक समय खूबसूरती का कारक बनते हैं तो एक समय जीना दुश्वार कर देने वाले घातक शूल। दुकान पर जाने पर दुकानदार मुझे जानबूझकर रोकने के लिए सामान देरी से देने के लिए तरह-तरह के बहाने बना रहा है। मौका मिलते ही मुझे आँख मार रहा है। वह मुझे ऊपर से नीचे तक बार-बार घूर रहा है। मैं चाहती तो दुकान बदल सकती हूँ, लेकिन लोगों की नीयत बदलने की मेरे पास तरकीब नहीं है। सामान थमाते हुए उसने मेरे हाथ मिस दिए। सड़क पर शराब की दुकान भी होती है। वहाँ से गुजर रही थी तो कुछ लोग मेरा भाव पूछने लगे। मैं नहीं जानती की रातों की कीमत क्या होती है? नम हथेलियाँ, भयभीत चेहरा लिए जैसे-तैसे शर्मिंदगी और रंज का पसीना सूखने से पहले घर पहुँचना चार लोगों की कानाफूसी से बचने के लिए बहुत जरूरी था। तब भी हमारे घर के पास एक बढ़ई रहता है जिसकी पत्नी और बच्चे हैं, उसने कहा – "कभी हमें भी आपकी खातिरदारी करने का मौका दो।" मुझे पता नहीं कि कितनों ने मेंरी खातिरदारी की, लेकिन वह मुझे केवल एक शब्द कहकर चरित्रहीन बनाने पर तुला था। मेरी गलती बस इतनी थी कि कभी मेरे पति के कहने पर वह घर पर खिड़की की मरम्मत करके गया था।

# नीतीश के 'तेजस्वी' क्षण की आडवाणी को भी प्रतीक्षा होगी !



श्रवण गर्ग

प्रधानमंत्री बारह जुलाई को पटना में थे। वे वहाँ बिहार विधान सभा के शताब्दी समारोह में भाग लेने पहुँचे थे। इस अवसर पर मोदी की मुलाक़ात तेजस्वी यादव से होनी ही थी। तेजस्वी के साथ संक्षिप्त बातचीत में पीएम ने राजद नेता को सलाह दे डाली कि उन्हें अपना वज़न कुछ कम करना चाहिए। तेजस्वी ने मोदी के चैलेंज को मंज़ूर कर लिया। एक महीने से भी कम वक्त में तेजस्वी ने न सिर्फ़ खुद का वज़न कम करके उसे नीतीश कुमार के साथ बाँट लिया, बिहार का राजनीतिक होमोग्लोबीन भी दुरुस्त कर दिया। दो मत नहीं कि नीतीश ने तेजस्वी के साथ मिलकर मोदी के समक्ष 2024 में वापसी के लिए चुनौती खड़ी कर दी है। तेजस्वी के साथ मिलकर किए गए राजनीतिक विस्फोट के बाद जब पत्रकारों ने नीतीश से सवाल किया कि क्या वे 2024 में पीएम पद के उम्मीदवार हैं ? बिहार के मुख्यमंत्री द्वारा शब्दों को तौलकर दिया गया जवाब था: ''मैं किसी चीज़ की उम्मीदवारी की दावेदारी नहीं करता। केंद्र सरकार को 2024 के चुनाव में अपनी सम्भावना को लेकर चिंता करनी चाहिए।'' नीतीश द्वारा की गई टिप्पणी के कोई एक सप्ताह और लाल क़िले से अपने बहुचर्चित उद्बोधन के दो दिन बाद ही मोदी ने चिंता प्रकट करने की शुरुआत भी कर दी। नितिन गडकरी और शिवराज सिंह चौहान पार्टी की सर्वोच्च नीति-निर्धारक इकाई संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति से बाहर कर दिए गए। इन दोनों ही नेताओं और कुछ अन्य मुख्यमंत्रियों (यथा हरियाणा और हिमाचल ) के भविष्य को लेकर नई सूचनाएँ भी जल्द ही प्राप्त हो सकतीं हैं। पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों के प्रतिनिधि के तौर पर जिन नए लोगों की पुनर्गठित संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति में भर्ती की गई है उससे पार्टी की ग़रीबी और बेचैनी दोनों उजागर हो गईं। आश्चर्य व्यक्त किया जा सकता है कि कट्टर हिंदुत्व के प्रतीक योगी आदित्यनाथ को जगह नहीं दी गई। 2024 के लोकसभा चुनावों के नतीजे भाजपा शायद धुन बदल कर सुनना चाहती है !मध्य प्रदेश ,राजस्थान और छत्तीसगढ़ सहित जिन राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं वे मोदी की 2024 में वापसी के लिए काफ़ी महत्वपूर्ण सिद्ध होने वाले हैं । 2024 के लिहाज़ से वर्तमान में विपक्षी दलों की सरकारों वाले सिर्फ़ नौ राज्यों (बिहार, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना, पंजाब, छत्तीसगढ़,राजस्थान, झारखंड ) में ही लोकसभा की सीटों की गिनती लगा लें तो आँकड़ा 221 का होता है। उड़ीसा और आंध्र को भी जोड़ लें तो कुल सीटें 267 हो जातीं हैं। उक्त राज्यों में केवल बिहार, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में ही भाजपा मोदी के करिश्मे के दम पर विपक्ष को चुनौती दे सकने की स्थिति में आज है। अन्दाज़ लगाया जा सकता है कि सीटों की ऐसी स्थिति में भाजपा अपने 303 के वर्तमान आँकड़े को 2024 में कैसे क़ायम रख पाएगी ? नीतीश कुमार ने 2024 को लेकर मोदी की चिंता बढ़ाने से पहले कुछ तो होमवर्क किया ही होगा ! जो लोग नीतीश कुमार की राजनीति को अंदर से जानते हैं, दावे के साथ कह सकते हैं कि 'सुशासन बाबू' की महत्वाकांक्षाएँ नरेंद्र मोदी से क़तई कम नहीं हैं। इसीलिए जब बिहार के पूर्व उप-मुख्यमंत्री सुशील मोदी ने आरोप लगाया कि नीतीश के विद्रोह के पीछे उनकी इस माँग को भाजपा द्वारा नहीं माना जाना था कि उन्हें उपराष्ट्रपति पद दिया जाए तो किसी ने भी यक़ीन नहीं किया। नीतीश कुमार द्वारा भाजपा से उपराष्ट्रपति पद की माँग करना ऐसा ही नज़र आता है जैसे नरेंद्र मोदी 2024 में देश का राष्ट्रपति बनने की इच्छा व्यक्त करें। दो मत नहीं कि भ्रष्टाचार के मामलों में ममता बनर्जी के अत्यंत क़रीबियों पर हुई केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई, गिरफ़्तारियों और राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति के चुनावों में तृणमूल कांग्रेस द्वारा निभाई गई संदेहास्पद भूमिका ने 2024 के चुनावों में मोदी के ख़िलाफ़ विपक्ष का नेतृत्व करने के सारे समीकरण बदल दिए हैं।ममता ने, तात्कालिक रूप से ही सही, अपने को विपक्षी एकता के परिदृश्य से बाहर कर लिया है। सोनिया, राहुल और प्रियंका ने सरकार के ख़िलाफ़ सड़कों की लड़ाई को चाहे अभी नहीं छोड़ा हो, गांधी परिवार के ख़िलाफ़ जाँच एजेंसियों का दबाव बराबर बना हुआ है। प्रधानमंत्री द्वारा लाल क़िले से घोषित की गई 'परिवारवाद' के ख़िलाफ़ लड़ाई के असली परिणाम सामने आना अभी शेष हैं। उनके निशाने पर गांधी परिवार ही हुआ तो देश को कोई आश्चर्य नहीं होगा। उपरोक्त परिस्थितियों में नीतीश अगर विपक्ष की अगुवाई के अवसर को इस बार चूक जाते और बिहार में भाजपा के साथ गठबंधन में ही बने रहते तो कहा नहीं जा सकता था कि 2024 के परिणामों के बाद उनका और जद(यू) का भविष्य क्या बचता ! नीतीश कुमार ने अपने कदम से इतना तो सुनिश्चित कर ही दिया है कि जद(यू) और राजद सहित तमाम क्षेत्रीय दल भाजपा के बुलडोज़र के नीचे आने से अभी बच गए हैं। इसी तरह, झारखंड की सोरेन सरकार भी आगे की किसी तारीख़ तक के लिए सुरक्षित हो गई है। इसे महज़ संयोग नहीं माना जा सकता कि पटना में नीतीश के धमाके के दो दिन बाद ही एक मीडिया समूह द्वारा प्रधानमंत्री की लोकप्रियता को लेकर किया गया सर्वे दिल्ली में जारी हो गया। विभिन्न समस्याओं को लेकर जनता में व्याप्त व्यापक असंतोष के बीच भी सर्वे में दावा किया गया कि देश के 53 प्रतिशत लोग मोदी को ही 2024 में प्रधानमंत्री के पद पर देखना चाहते हैं। सर्वे में लोकप्रियता के दूसरे क्रम पर राहुल (नौ प्रतिशत)और तीसरे पर केजरीवाल (सात प्रतिशत) को बताया गया। मोदी को चुनौती देने वालों में भी ममता और राहुल के नामों का ही ज़िक्र किया गया। सर्वे की सबसे उल्लेखनीय यह थी कि नीतीश कुमार को नेतृत्व की दौड़ में कहीं बताया ही नहीं गया। नीतीश कुमार राजनीति में आपातकाल के ख़िलाफ़ संघर्ष करने वाले जेपी युग की उपज हैं। जनता के बीच मौन धारणा है कि परिस्थितियाँ आपातकाल से बहुत ज़्यादा भिन्न नहीं हैं पर देश के पास कोई जेपी नहीं है। हक़ीक़त यह है कि जनता और विपक्ष दोनों को ही इस समय ज़रूरत किसी जेपी की है। नीतीश कुमार अगर साहस दिखाएं तो उस ज़रूरत को पूरा कर सकते हैं। परिवर्तनों के लिए देशव्यापी संघर्ष की ज़मीन भी बिहार में ही तैयार हो सकती है।

लालू यादव ने तीस साल पहले (सितम्बर 1990 में) लालकृष्ण आडवाणी के 'राम रथ' को बिहार के समस्तीपुर में रोकने का साहस दिखाया था। नीतीश कुमार अगर संकल्प कर लें तो इस बार लालू के बेटे तेजस्वी की मदद से मोदी के 'विजय रथ' को रोकने की हिम्मत दिखा सकते हैं। बहुत मुमकिन है 94-वर्षीय आडवाणी भी उम्र के इस पड़ाव पर पहुँचकर अपने पुराने रथ-यात्री अनुयायियों तथा 'मार्गदर्शक मंडल' में धकेले जा रहे नए-नए सदस्यों के साथ बिहार से प्रकट हो सकने वाले किसी 'तेजस्वी' क्षण की साँसें बचाकर प्रतीक्षा कर रहे हों !

**http://shravangarg1717.blogspot.com**



# माध्यम कद के शहरों के स्मार्ट सिटी की परिकल्पना



संजीव ठाकुर

बड़े विदेशी शहरों के अनुरूप भारत में भी ऐसे बड़े शहरों की जरूरत महसूस हो रही है,जहां के निवासियों की सभी जरूरतों को त्वरित व तेजी से पूरा किया जा सके। ऐसे शहरों को स्मार्ट सिटी का नाम दिया जाएगा1 जिस शहर में सभी गुणवत्ता पूर्ण आम लोगों को सुविधाएं कम सेवा मूल्य पर और आसानी से उपलब्ध हो सके। जहां लोगों के जीवन यापन के तरीके इतने सुलभ व संतुलित हो की धूल प्रदूषण से मुक्त सड़कें ,पानी, बिजली आसानी से उपलब्ध हो सके1 और वहां पर घर पहुंच घर में बैठे-बैठे इंटरनेट और सोशल मीडिया पर क्षण भर में सभी प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सके।, आम नागरिक जन सुविधाओं से स्वतंत्रता के बाद अब तक जूझ रहा हैं, तो उसका त्वरित निराकरण संचार माध्यमों से हो सके। ऐसे स्मार्ट शहर की स्थापना किया जाना केंद्र सरकार का लक्ष्य बन गया है1 पर क्या भारत की जनसंख्या की विशालता को देखते हुए और भारत के मेट्रोपॉलिटन शहरों की संघनता और जनसंख्या को दृष्टिगत रख इन्हें स्मार्ट सिटी में बदला जा सकता है? यदि सरकार और आम नागरिकों का दृढ़ निश्चय संकल्प हो, और आपसी सहयोग तथा सामंजस्य बेहतर तरीके से हो जाए तो भारत में स्मार्ट सिटी की परिकल्पना यथार्थ रूप भी ले सकती है1 यदि दूसरे तरीके से और दूसरे नजरिए से इस तथ्य को देखा जाए तो स्मार्ट सिटी में पर्याप्त बिजली, पानी,भोजन,घर आदि की उपलब्धता के साथ-साथ स्वास्थ्य, सुरक्षा,शिक्षा, मनोरंजन, यातायात की सुविधाएं भी आसानी से प्राप्त हो जाएं और आरामदायक जीवन से संबंध सभी आर्थिक गतिविधियों का संचालन सुचारू रूप से चलता रहे। ऐसी स्मार्ट सिटी यदि भारत में बन जाती है, तो भारत से ज्यादा विकासवान दूसरा भी नहीं हो सकता है। तो ऐसे शहर की परिकल्पना केवल दृढ़ संकल्प और सार्थक मेहनत के प्रतिफल के रूप में ही की जा सकती है। देश के प्रधानमंत्री ने पूर्व स्वतंत्रता दिवस पर भारत में 100 से ज्यादा शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने की घोषणा भी की है। और इसके लिए उन्होंने 9 हजार करोड़ रुपयों का बजट का प्रावधान भी रखा है। वैसे तो प्रधानमंत्री के इस स्वप्निल विचारों को मूर्त रूप देने के लिए केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय द्वारा एक पूरा मैनुअल जारी किया गया है। यह परियोजना आने वाले वर्षों में मूर्त रूप लेगी। देश के 40 लाख से अधिक आबादी वाले 9 शहरों,10 लाख से 40 लाख आबादी वाले 44 शहरों, 5 लाख से 10 लाख आबादी वाले 20 शहरों, सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की राजधानियों के अंतर्गत आने वाले लगभग 37 शहर सहित पर्यटन व धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण 15 शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने की योजना बनाई गई है। नए प्रारूप में सर्वप्रथम केंद्रीय शासन द्वारा दिल्ली, गुड़गांव, फरीदाबाद, इलाहाबाद, कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, देहरादून, हरिद्वार, बोधगया, भोपाल, इंदौर,कोच्चि, जयपुर और अजमेर को स्मार्ट सिटी के रूप में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है।भारत में स्मार्ट सिटी बनाने की इस नई परियोजना मैं विदेशी राष्ट्रों ने भी गहरी रुचि दिखाई है। जापान ने वाराणसी शहर को एक अच्छी विकसित सर्व सुविधा संपन्न स्मार्ट सिटी बनाने रुचि दिखाई है। कतर देश के प्रिंस शेख हमद बिन नासिर ने दिल्ली को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए 100 अरब रुपए की योजना बनाकर निवेश करने की इच्छा जताई है। नासिर जी ने अपने एक पार्टनर दिल्ली के नितेश शर्मा के साथ मिलकर देश में स्मार्ट शहरों की निर्माण हेतु एक लाख करोड़ रुपए निवेश करने का प्रावधान रखा है। सिंगापुर ने भी भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए सहयोग देने की बात कही है। उन्होंने चेन्नई बैंगलोर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के निकट एक लिटिल सिंगापुर विकसित करने की योजना बनाई है।भारत सरकार ने स्मार्ट सिटी पर होने वाले खर्च हेतु पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल की को प्राथमिकता देने की योजना भी बनाई है। पर स्मार्ट सिटी बनाते समय विशेष तौर पर केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत स्मार्ट सिटी में मांग प्रबंधन वित्तीय को ओपन ऊर्जा कुशलता सूचनाओं के आदान-प्रदान की समयानुकूल व्यवस्था के साथ न्यूनतम कचरा उत्पादन जैसी विशेषताओं का होना भी आवश्यक है। स्मार्ट सिटी में बाधा हीन कारोबार, गुणवत्ता परक जीवन के कारण तीव्र प्रति श्रद्धा की स्थिति मौजूद रहती है। ऐसे में जन सुरक्षा एवं नागरिक अधिकारों को भी साथ साथ जीवित रखना होगा। स्मार्ट शहरों को विध्वंसक कार्रवाई यों और चोरी डकैती आदि से बचाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के तहत सीसीटीवी की निगरानी में 24 घंटे रखा जाना होगा ।इसके साथ ही संतुलित जीवन के लिए पर्यावरण संतुलन भी अत्यंत आवश्यक होगा। देश में बड़ी संख्या में स्मार्ट सिटी स्थापित करने में निसंदेह भारत को विकसित देशों की ओर अग्रसर होने में बहुत मदद मिलेगी।

देश में नए सिरे से रोजगार के अवसर भी खोजा जाएगा ।परंतु इस नई परियोजना को मूर्त रूप देने में कई विघ्न बाधाएं एवं चुनौतियां भी हैं। जनता निर्विवाद रूप से कठिनाइयों से निपटने के बाद ही सपनों के शहर को बस बसाना आसान होगा। इन प्रोजेक्ट को अमल में लाने के लिए शहरी तथा ग्रामीण कानूनों में भी परिवर्तन आवश्यक होगा। यदि देश का प्रत्येक नागरिक सरकार के अधीन प्रोजेक्ट में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से सहयोग देकर अपना योगदान दें, तो निश्चय ही अगले दो दशकों में भारत में सैकड़ों स्मार्ट सिटी निर्मित हो सकेगी और आम नागरिकों को जन सुविधाओं के साथ भारत एक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आ जाएगा।

# क्यों बढ़े दूध के दाम?

देश में दूध की कीमतें बढ़ती जा रही है। दुनिया के सबसे बड़े दूध के उपभोग वाले देश में दूध के भाव बढ़ने से आम लोगों के घर का बजट बिगड़ना स्वाभाविक है। दूध का उत्पादन और विपणन करने वाली कंपनियां अब अपनी लागत का भार उपभोक्ताओं पर डालना शुरू कर चुके हैं। इसी हफ्ते अमूल और मदर डेयरी दोनों ने दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी है। इस साल दो बार दूध की कीमतों में इजाफा हो चुका है। इससे पहले साल 2019 में दूध के दाम बढ़े थे। आइए समझते हैं कि देश में दूध की कीमत आखिर क्यों बढ़ रही है? आने वाले दिनों में लोगों को कोई राहत मिल सकती है या नहीं?

डेयरी कंपनियों और सहकारी संस्थाओं का तर्क है कि दूध का उत्पादन और दुग्ध व्यवसाय का परिचालन लगातार महंगा होता जा रहा है। पशुचारे की कीमत बीते कुछ महीनों में तेजी से बढ़ी है। मकई, गेहूं और सोयाबीन की कीमतों में बीते एक वर्ष के दौरान 20 प्रतिशत तक का इजाफा हो गया है। महंगाई से निपटने के लिए दुग्ध उत्पादकों के सामने अपनी बढ़ी हुई लागत का भारत उपभोक्ताओं के ऊपर डालने के अलावे कोई चारा नहीं बचा है। इस बारे में दूध का विपणन करने वाली कंपनी अमूल का कहना है कि इनपुट कॉस्ट बढ़ने के कारण जिन सहकारी समितियों से वे दूध ले रहे हैं वे किसानों की दूध की कीमत हर हर साल लगभग आठ से नौ प्रतिशत की दर से बढ़ा देती है। वहीं मदर डेयरी का कहना है कि रॉ मिल्क की कीमत बीते चार से पांच महीनों के दौरान 10 से 11 प्रतिशत तक बढ़ी है।

**क्या दूध की डिमांड बढ़ने का असर भी कीमतों पर पड़ रहा?**

देश में कोरोना वैक्सीनेशन की सफलता के बाद बड़े पैमाने पर ऑफिस, स्कूल और अन्य संस्थान दोबारा खुल गए हैं। बंदिशें घटने से होटलों और रेस्त्रांओं में भी दूध की मांग बढ़ी है, क्योंकि अब लोग घर के बाहर निकलकर कोरोना काल के पूर्व तरह खाने-पीने लगे हैं। पिछले दो-तीन क्वार्टर में दूध की मांग में बड़ा इजाफा हुआ है। इसका असर भी दूध की कीमतों पर पड़ा है। जानकारों के मुताबिक वैश्विक बाजारों में भी दूध के महंगा होने का असर घरेलू बाजार पर पड़ रहा है। लोग दूध और उससे बने उत्पादों के निर्यात में दिलचस्पी लेने लगे हैं। इन परिस्थितयों के कारण दूध की कीमतों पर दबाव बढ़ा है।

थोक महंगाई दर जुलाई महीने में घटकर 13.93% हो गई है। वास्तव में बात अगर दूध और उसके उत्पादों की बात करें तो इस मामले में जुलाई महीने में थोक महंगाई दर 5.45% रही जो जून महीने में 6.35% थी। पर ये अब भी फरवरी महीने की तुलना में बहुत अधिक है। वहीं दूसरी ओर कंपनियों ने अपनी लागत का भारत भी उपभोक्ताओं पर डालना शुरू कर दिया है। मांग का बढ़ना भी दूध की कीमतों में बढ़ोतरी का कारण है। वहीं, दूध की विपणन कंपनी अमूल का कहना है कि दूध की कीमतों में बढ़ोतरी अब भी चार प्रतिशत से कम है, जबकि खाद्य पदार्थों की महंगाई दर लगभग आठ से नौ प्रतिशत पर बनी हुई है।

दूध का उत्पादन सिंतबर से फरवरी महीने के बीच बढ़ता है। इसे फ्लश सीजन कहा थाता है। इस महीनों में दूध का उत्पादन अपने उच्चतम स्तर पर होता है। इन महीनों के दौरान पशुओं के लिए हरी खाद्य सामग्री और पानी प्रचूर मात्रा में उपलब्ध होती है। इसका सकारात्मक असर दूध के उत्पादन पर पड़ता है। सितंबर से फरवरी महीने के बीच अगर दुग्ध उत्पादकों के लिहाज से सब कुछ ठीक ठाक रहा तो उपभोक्ताओं को दूध की कीमतों में थोड़ी राहत मिल सकती है।

दूध की कीमतों में बढ़ोतरी महंगाई से पहले से जूझ रहे आम लोगों के लिए एक नई परेशानी है। जाहिर तौर उन्हें अब दूध पर पहले की तुलना में अधिक खर्च करना पड़ेगा। भारत दूध का सबसे बड़ा उपभोक्ता देश है और यहां जुलाई महीने से अब तक दुग्ध उत्पादक और विपणन कंपनियां दूध की कीमतों में 5% से 8% तक की बढ़ोतरी कर चुकी है।

अमूल ने कहा है कि कीमत बढ़ने के शुरुआती कुछ दिनों में इसका असर दूध की खपत पर जरूर पड़ा पर अब धीरे-धीरे चीजें समान्य होने लगीं हैं। बता दें कि दूध की बढ़ी कीमतों का असर उन कंपनियों के संचालन पर भ्जी पड़ रहा है जो दूध पर आधारित उत्पाद बनाते हैं। जाहिर तौर पर उनकी लागत बढ़ी है। ऐसे में उससे जुड़े उत्पाद जैसे पनीर, दही, मिठाई, बेकरी प्रोडक्ट्स आदि की कीमतें भी बढ़ सकती है।

# भाजपा की नई रणनीति



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

भाजपा ने पहले राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति नियुक्त किए। और अब उसने अपने संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति का पुनर्गठन कर दिया। इन दोनों निर्णयों में नरेन्द्र मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा ने बहुत ही व्यावहारिक और दूरदर्शितापूर्ण कदम उठाया है। इन चारों मामलों में सत्तारूढ़ नेताओं का एक ही लक्ष्य रहा है- 2024 का अगला चुनाव कैसे जीतना? इस लक्ष्य की विरोधी दल आलोचना क्या, निंदा तक करेंगे। वे ऐसा क्यों नहीं करें? उनके लिए तो यह जीवन-मरण की चुनौती है? उनका लक्ष्य भी यही होता है लेकिन इस मामले में कांग्रेस के मुकाबले भाजपा की चतुराई देखने लायक है। उसने एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाकर देश के आदिवासियों को भाजपा से सीधा जोड़ लेने की कोशिश की है और भारत की महिला मतदाताओं को भी आकर्षित किया है।

उप राष्ट्रपति के तौर पर जगदीप धनखड़ को चुनकर उसने देश के किसान और प्रभावशाली जाट समुदाय को अपने पक्ष में प्रभावित किया है। अब संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति के चुनाव में भी उसकी यही रणनीति रही है। इन संस्थाओं में से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज चौहान के नाम हटाने पर काफी ऊहा-पोह मची हुई है। सड़क मंत्री के तौर पर गडकरी की उपलब्धियां बेजोड़ हैं। जिन नए नामों को इन समितियों में जोड़ा गया है, उनमें भूपेंद्र यादव, ओम माथुर, सुधा यादव, बनथी श्रीनिवास, येदुयुरप्पा, सरकार इकबाल सिंह, सर्वानंद सोनोवाल, के. लक्ष्मण, बी.एल. संतोष आदि हैं। ये लोग विभिन्न प्रांतों और जातीय समूहों का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये सब भाजपा की चुनावी शक्ति को सुद्दढ़ करने में मददगार साबित होंगे। इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं माना जाना चाहिए कि ये नेता जिन वर्गों या जातियों से आते हैं, उनका कोई विशेष लाभ होने वाला है।

लाभ हो जाए तो उसे शुभ संयोग माना जा सकता है। जिन नेताओं के नाम हटे हैं, उन्हें मार्गदर्शक मंडल के हवाले किया जा सकता है, जैसे 2014 में अटलजी, आडवाणीजी और जोशीजी को किया गया था। वे नेता तो 8 साल से मार्ग का दर्शन भर कर रहे हैं। नए मार्गदर्शक नेता शायद मार्गदर्शन कराने की कोशिश करेंगे।

# ऐसा मंदिर जहां रहस्यमयी तरीके से दुबली हो जाती है भगवान कृष्ण की मूर्ति



संस्कृतियों का गढ़ कहे जाने वाला भारत विश्व में अपने धार्मिक रीति-रिवाजों के लिए भी प्रसिद्ध है। अलग-अलग धर्म वाले इस देश में अनेक धार्मिक स्थल मौजूद हैं, जिनमें से कुछ अपने रहस्यों के लिए भी जाने जाते हैं। दुनिया में आस्था का केंद्र माने जाने वाले भारत के राज्य केरल में एक ऐसा ही मंदिर है, जिससे एक विचित्र रहस्य जुड़ा हुआ है। भगवान श्री कृष्ण को समर्पित इस मंदिर में भगवान की मूर्ति भूख में व्याकुल रहती है। अगर उन्हें प्रसाद का भोग न लगाया जाए, तो ऐसा माना जाता है कि वह दुबली पड़ने लगती है। जन्माष्टमी का जश्न आप कुछ अलग अंदाज में मनाना चाहते हैं, तो आपको दक्षिण भारत का रुख करना चाहिए। केरल की धार्मिक यात्रा का प्लान बनाएं और यहां पहुंचे। इससे पहले आपको इस मंदिर से जुड़ी कुछ रोचक बातें बताते हैं।

### कहां स्थित है ये मंदिर

श्री कृष्ण का ये मंदिर केरल के जिले कोट्टायम के इलाके तिरुवेरपु या थिरुवरप्पू में मौजूद है। इसे यहां एक चमत्कारी मंदिर माना जाता है, क्योंकि यहां स्थापित भगवान कृष्ण की मूर्ति को भूख जरा भी बर्दाश्त नहीं है। करीब 1500 साल पुराने इस मंदिर में भगवान कृष्ण को 10 बार प्रसाद खिलाया जाता है। कहा जाता है कि प्लेट में रखा हुआ प्रसाद धीरे-धीरे कम होने लगता है। धार्मिक मान्यता है कि जब भगवान ने कंस को मारा था, तब उन्हें बहुत भूख लगी थी और तब से भगवान की मूर्ति यहां भूख से व्याकुल रहती है। अगर भगवान को खाना देने में जरा भी देरी हुई, तो मूर्ति अपने आप दुबली होना शुरू हो जाती है।

### महज 2 मिनट के लिए बंद होता है मंदिर

इस मंदिर को दिन में सिर्फ दो मिनट के लिए बंद किया जाता है। कहते हैं कि भगवान कृष्ण की मूर्ति सिर्फ 2 मिनट के लिए सोती है। पुजारी को मंदिर की चाबी के साथ कुल्हाड़ी भी दी जाती है। इसकी वजह अगर चाबी से कपाट का ताला न खुले, तो उसे तोड़ देने की अनुमति उसके पास होती है। इस प्रथा का सालों से फॉलो किया जा रहा है।

### ग्रहण में भी बंद नहीं होता मंदिर

इस मंदिर के रिवाजों को ध्यान में रखते हुए, इसे ग्रहण में भी बंद नहीं किया जाता है। ग्रहण में देवता कष्ट में होते हैं, लेकिन भगवान कृष्ण की मूर्ति को ध्यान में रखते हुए, यहां मंदिर के कपाट खुले रहते हैं और उन्हें समय समय पर प्रसाद चढ़ाया जाता है। मान्यता है कि यहां प्रसाद ग्रहण करने वाला व्यक्ति कभी भूखा नहीं रहता।

# आपके शरीर पर भी हैं श्रीकृष्ण के ये निशान?

### कितने लकी होते हैं ऐसे लोग





भगवान श्री कृष्ण एक महान वक्ता के रूप में जाने जाते थे, जिन्होंने दुनिया को प्रेम और कर्म का पाठ पढ़ाया। श्री कृष्ण ने भागवत गीता की रचना की थी और उनके मुंह में पूरा ब्रह्मांड समाया था। ऐसी मान्यताएं हैं कि भगवान श्री कृष्ण के शरीर पर कुछ खास निशान थे, जिन्हें बहुत ही शुभ माना जाता है। इस तरह के निशान अगर किसी इंसान के शरीर पर हों तो यकीनन वो दुनिया का सबसे खुशहाल, स्वस्थ और समृद्ध इंसान हो सकता है।

**अर्ध चंद्र-** ऐसा कहा जाता है कि श्रीकृष्ण के पैर के तलवे पर अर्ध चंद्र का निशान था। यही अर्ध चंद्र भगवान शिव के मस्तक पर भी सजा हुआ है। ऐसा कहते हैं कि जिन लोगों के शरीर पर ये अर्ध चंद्र होता है, वो करियर के मामले में ऊंचाइयों को छूते हैं।

**शंख-** श्री कृष्ण के पैर के तलवे पर शंख जैसा भी एक निशान था। भगवान विष्णु के एक हाथ में भी शंख होता है, जिसकी ध्वनि से अंतर्आत्मा और चेतना जागृत होती है। शरीर पर शंख जैसा निशान जीवन में सफलता और सुख-शांति का प्रतीक समझा जाता है।

**मछली जैसा निशान-** श्री कृष्ण की हथेली और पैर पर मछली जैसा निशान भी था। हिंदू धर्म में मछली को भगवान विष्णु को अवतार समझा जाता है। ऐसा कहते हैं कि शरीर पर ये निशान प्रतिष्ठा का प्रतीक होता है।

**त्रिभुज-** इसी प्रकार, यदि किसी इंसान के पैरों पर त्रिभुज का निशान हो तो ऐसे लोगों की जीवन में दिलचस्प लोगों से मुलाकात होती है। शरीर पर त्रिभुज के इस निशान का मतलब है कि आगे चलकर वो इंसान बहुत अमीर होने वाला है। ऐसे लोग एक अच्छे वक्ता होते हैं और जीवन में खूब तरक्की करते हैं।

**तीर-कमान-** पैर पर तीर-कमान जैसा निशान भी बहुत शुभ समझा जाता है। ऐसे लोग जीवन में खूब संघर्ष करते हैं और जीत हासिल करते हैं। ये निशान अगर शरीर के निचले हिस्से में हो तो ऐसे लोग बड़ी उपलब्धियां हासिल करते हैं।


**हाथ पर तिल-** अगर किसी इंसान के हाथ पर तिल हो तो ऐसे इंसान को साधारण समझने की भूल ना करें। ऐसे लोग बहुत ज्यादा मेहनती और विनम्र स्वभाव के होते हैं। इनका दांपत्य जीवन भी बहुत खुशहाल होता है।

**बगल में तिल-** यदि किसी इंसान के बाएं हाथ के बगल में तिल हो तो ऐसे लोग जीवन में बड़ी कामयाबी हासिल करते हैं। लेकिन बहुत संघर्ष के बाद। वहीं, दाहिने हाथ के बगल में तिल या मस्से का मलतब है कि उस इंसान को बहुत संभलकर रहने की आवश्यकता है।

**कान पर तिल-** जिन लोगों के कान पर तिल होता है, उन्हें बेहद लकी समझा जाता है। ऐसा कहते हैं कि जिन लोगों के कान पर तिल होता है उन्हें जीवन में बिना किसी संघर्ष के ही सबकुछ हासिल हो जाता है।

# पूर्व जन्म के चलते कृष्ण को मारने पहुंची थी पूतना





हर साल मनाया जाने वाला जन्माष्टमी का पर्व इस साल दो दिन 18 और 19 अगस्त को मनाया जा रहा है। जी दरअसल धर्म ग्रंथों के अनुसार, जैसे ही कंस को पता चला कि उसे मारने वाला कहीं और जन्म ले चुका है तो उसने पूतना नाम का राक्षसी को बुलाया और आदेश दिया कि भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि की रात जितने भी बच्चों ने गोकुल में जन्म लिया, उन सभी का वध कर दो। जी हाँ और पूतना ने ऐसा ही किया, हालाँकि जैसे ही वो श्रीकृष्ण को मारने पहुंची तो नन्हे कान्हा ने उसी का वध कर दिया। यह बात तो हम सभी जानते हैं, लेकिन पूतना पिछले जन्म में कौन थी, इसके बारे में कम हो लोगों को पता है। आज हम आपको बताते हैं पूतना के पूर्व जन्म की कथा।

**पूर्व जन्म में राजा बलि की पुत्री थी पूतना –** श्रीमद्भागवत के अनुसार, पूतना पिछले जन्म में दैत्यों के राजा बलि की पुत्री थी। राजा बलि महापराक्रमी थे। वे तीनों लोकों पर अधिकार करने के लिए एक महान यज्ञ कर रहे थे। जब इस बात के बारे में देवताओं को पता चला तो वे भगवान विष्णु के पास गए। भगवान विष्णु वामन रूप लेकर राजा बलि के पास पहुंचें। उस समय रत्नमाला भी वहीं थी। भगवान वामन का सुंदर स्वरूप देखकर रत्नमाला की ममता जाग उठी और उसने मन ही मन सोचा कि मेरा भी पुत्र ऐसा ही सुंदर होना चाहिए। भगवान ने रत्नमाला की इच्छा जान ली और मन ही मन उसे ये वरदान भी दे दिया। भगवान वामन ने राजा बलि से तीन पग भूमि मांगकर उनका सबकुछ अपने अधिकार में ले लिया। इस घटना को देखकर रत्न माला काफी क्रोधित हो गई क्योंकि उसके पिता तो कुछ देर पहले तक पूरी धरती के स्वामी थे, अब उनके पास कुछ भी नहीं बचा था। ये सोचकर रत्न माला ने मन ही मन भगवान वामन को भला-बुरा करने लगी और सोचा कि अगर ऐसा पुत्र मेरा हो तो मैं उसे दूध में विष मिलाकर पिला देती। भगवान वामन ने रत्नमाला की ये इच्छा भी जान ली और इसे भी पूरा होने के वरदान दे दिया। पिछले जन्म में भगवान वामन ने रत्न माला को जो वरदान दिए थे, उसके अनुसार पूतना जब श्रीकृष्ण को मारने पहुंची तो उसने अपने स्तनों पर विष लगा लिया ताकि दूध पीते ही कान्हा की मृत्यु हो जाए, लेकिन ऐसा हुआ नहीं और श्रीकृष्ण की हाथों उसकी मृत्यु हो गई। इस तरह पिछले जन्म में वामन रूप में जो वरदान विष्णु ने रत्नमाला को दिए थे उसे श्रीकृष्ण अवतार में पूरा किया।

# महीने की 2, 11, 20 और 29 तारीख को जन्मे लोग कैसे होते हैं





जिन लोगों की जन्म तारीख 2, 11, 20 या 29 होती है उनका बर्थ मूलांक 2 होता है। इस मूलांक के लोगों पर चंद्रमा का विशेष प्रभाव होता है। ये लोग चंचल स्वभाव के होते हैं। मानसिक रूप से मजबूत होते हैं। काफी भावुक, कल्पनाशील, सहनशील होते हैं। ये जन्मजात कलाकार होते हैं। ये मस्तिष्क के स्तर पर अधिक सबल होते हैं। ये अच्छे प्रेरक सिद्ध होते हैं। ये मूलतः बुद्धिजीवी होते हैं।

ये समाज के लिए अच्छे प्रेरक सिद्ध होते हैं। इनके अंदर आत्मविश्वास की थोड़ी सी कमी रहती है। जिस कारण इन्हें निर्णय लेने में कुछ समय लगता है। प्रेम और सौंदर्य के क्षेत्र में ये महारथी कहे जा सकते हैं। इनका व्यक्तित्व काफी आकर्षक होता है जिस वजह से इनकी तरफ कोई भी तुरंत ही आकर्षित हो जाता है। ये किसी अंजान को भी तुरंत अपना बना लेते हैं। दूसरों के मन की बात जान लेने में ये प्रवीण होते हैं। ये लोग अच्छी शिक्षा प्राप्त करते हैं। पढ़ने लिखने में काफी तेज होते हैं। इनकी आर्थिक स्थिति की बात की जाए तो वो अमूमन अच्छी रहती है। इनके अंदर धन जमा करने की अच्छी आदत होती है। जिस कारण इनके पास धन का कभी अभाव नहीं होता। धन कमाने की योजना बनाने में भी ये माहिर होते हैं।

बिजनेस से ज्यादा इनके लिए नौकरी अच्छी रहती है। क्योंकि ये औरों की बनाई योजना को बखूबी पूरा कर सकते हैं। ये अच्छे योजनाकार हो सकते हैं। कृषि कार्य, दूध और पानी से जुड़े काम, तरल पदार्थों से जुडे काम, न्याय, नहर विभाग, शिक्षा, बैंक और स्वास्थ्य विभाग से इन्हें अच्छा लाभ मिलता है। संगीत, गायन, लेखन आदि क्षेत्रों में ये अच्छा काम करते हैं।

# पेन से लेकर घड़ी तक भूल से भी किसी को नहीं दें यह चीजें वरना रूठ जाएगी किस्मत

**झाड़ू –** जी दरअसल झाड़ू को मां लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। वहीं शास्त्रों में झाड़ू किसी को उधार देने से घर से मां लक्ष्मी चली जाती है। जी हाँ और इसी के साथ लोगों का आर्थिक पक्ष कमजोर होने



लगता है।

नमक का लेन-देन करना लोगों के लिए आम बात होती है। हालाँकि शास्त्रों के अनुसार, नमक की कभी उधारी नहीं करनी चाहिए। न ही किसी को दान देना चाहिए। नमक का संबंध चंद्रमा शुक्र ग्रह से है, नमक की उधारी करने ये दोनों ग्रह कमजोर होने लगते हैं।

**घड़ी –** शास्त्रों के अनुसार, घड़ी उधार नहीं देनी चाहिए ना लेनी चाहिए क्योंकि दूसरों की घड़ी पहनने से उसका बुरा समय भी आपके साथ जुड़ जाता है। घड़ी समय के साथ इंसान का भाग्य भी तय करती है।

**कलम –** शास्त्रों के अनुसार, कलम लोगों के अच्छे बुरे कर्मों का हिसाब रखती है। इस वजह से अगर किसी से कलम का लेन-देन कर रहे हैं तो, उसे अपने पास न रखे, वापस जरूर करें। इसी के साथ ही जिसने पेन लिया हो उससे जरूर लें लें क्योंकि ऐसा न करने से पेन के साथ आपका अच्छा भाग्य भी दूसरों के साथ बंट जाता है।

# इस मंदिर में 100 करोड़ के बेशकीमती गहनों से होता है कृष्ण-राधा का श्रृंगार



हम बात कर रहे हैं ग्वालियर के फूलबाग में स्थित गोपाल मंदिर के बारे में। यहाँ जन्माष्टमी के दिन होने वाली भगवान की विशेष पूजा श्रृंगार को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। इसी के साथ यहां भगवान राधा-कृष्ण को हीरे, पन्ना, माणिक, पुखराज, नीलम, सोना-चांदी जड़ित गहनों के साथ सजाया जाता है। इसी के साथ यहां सोने हीरे से जड़ा मुकुट भगवान को पहनाया जाता है। इस मंदिर में भगवान के श्रृंगार को फेसबुल लाइव से भी दिखाया जाता है। जी हाँ और 100 करोड़ रुपए के गहनों से श्रृंगार के समय भगवान राधा-कृष्ण सुरक्षा में पुलिस-फोर्स को लगाया जाता है। आपको बता दें कि गोपाल मंदिर का निर्माण सिंधिया राजवंश ने सन 1921 में कराया था और इसके बाद सिंधिया रियासत के महाराज माधवराव ने इसका जीर्णोद्धार कराया भगवान के लिए बेशकीमती गहने में हीरे पन्ना जड़ित कराए गए थे। कहा जाता है आजादी के बाद सिंधिया राजवंश ने इस मंदिर की देख-रेख कीमती गहनों को भारत सरकार को सौंप दिया था। उसके बाद उन्हें जिला कोषालय के लॉकर में रखा गया और हर जन्माष्टमी पर भगवान के श्रृंगार के लिए इसे कोषागार से निकाला जाता है।



# खेल-खिलाड़ी

## गिल के साथ बल्लेबाजी करते हुए खुद को युवा महसूस कर रहा हूं: शिखर धवन



टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले वनडे में 10 विकेट से जीत दर्ज की तो इसका श्रेय पूरी तरह से गेंदबाजी में दीपक चाहर, अक्षर पटेल और प्रसिद्ध कृष्णा को जाता है. वहीं, गेंदबाजी के दौरान शिखर धवन और शुबमन गिल ने मैच को एकतरफा कर दिया. धवन ने मैच के बाद कहा कि मैं अपने खेल का आनन्द उठा रहा हूं.

शिखर धवन और शुबमन गिल ने 192 रन की अटूट साझेदारी बनाई. गिल ने 82 और धवन ने 81 रन का योगदान दिया. शिखर धवन ने मैच के बाद कहा, "मैं युवा शुबमन (गिल) के साथ बल्लेबाजी का आनंद ले रहा हूं और मैं भी एक युवा की तरह महसूस कर रहा हूं. मैं वेस्टइंडीज से लगातार अच्छे प्रदर्शन का आनंद ले रहा हूं. मुझे पता था कि एक बार जब मैं सेट हो गया, तो मैं रन बनाजऊंगा. साथ ही मैं स्ट्राइक को रोटेट करते रहना चाहता था और उसके बाद पारी को गति देना था. गिल के साथ मेरी लय अच्छी तरह से व्यवस्थित हो गई है. जिस तरह से वह बल्लेबाजी करता है और गेंद को टाइम करता है वह देखना काफी आनंद देता है. उसने अर्धशतक को बड़े अर्धशतक में बदलने में निरंतरता दिखाई है."

शिखर धवन ने मैच में नाबाद 81 रन बनाये और शुबमन गिल (82 नाबाद) के साथ हरारे स्पोर्टस क्लब में जिम्बाब्वे को पहले वनडे में 10 विकेट से शिकस्त दी.स्लिप में कैचिंग के लिए शिखर ने कहा, "मुझे (स्लिप में कैच पकड़ने में) मजा आता है और अनुभव के साथ यह आसान हो गया है. हमारी गेंदबाजी यूनिट ने अच्छा प्रदर्शन किया और दीपक चाहर को चोट से वापसी करते हुए और तीन विकेट लेते देखकर अच्छा लगा. मुझे यकीन है कि वह अच्छा महसूस कर रहे होंगे."

## गिल ने बढ़ाई इस खिलाड़ी की टेंशन



ऋतुराज गायकवाड



शुभमन गिल

टीम इंडिया के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल का शानदार फॉर्म जिम्बाब्वे में भी जारी है. शुभमन गिल ने हाल ही में वनडे फॉर्मेट में मिले मौकों का पूरा फायदा उठाया है. वह आने वाले समय में बैकअप ओपनर के तौर पर टीम की पहली पसंद हो सकते हैं. शुभमन गिल ने कुछ ही पारियों में अपने साथी खिलाड़ी की टेंशन बढ़ा दी है. इस खिलाड़ी के लिए अब प्लेइंग 11 में जगह बनाना किसी चुनौती से कम नहीं है.

जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले वनडे में शुभमन गिल की अर्धशतकीय पारी ने युवा बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ की टेंशन बढ़ा दी है. ऋतुराज गायकवाड़ पिछले कुछ समय से लगातार टीम इंडिया में शामिल किए जा रहे हैं. उन्हें भी टीम के बैकअप ओपनर के तौर पर देखा जा रहा था, लेकिन शुभमन गिल के इस प्रदर्शन को देखते हुए ऋतुराज गायकवाड़ के लिए प्लेइंग 11 में शामिल होना नामुमकिन के बराबर दिखाई दे रहा है. आपको बता दें कि ऋतुराज गायकवाड़ ने भारत के लिए अभी तक अपना पहला वनडे मैच भी नहीं खेला है.

**टी20 फॉर्मेट में मिले कई मौके**

ऋतुराज गायकवाड़ ने टीम इंडिया के लिए अभी तक 9 टी20 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 16.88 की औसत से सिर्फ 135 रन ही बनाए हैं और 1 अर्धशतक जड़ा है. ऋतुराज गायकवाड़ बतौर ओपनर टीम इंडिया में शामिल किए जा रहे हैं, लेकिन वनडे फॉर्मेट में उन्हें अभी तक एक भी मौका नहीं मिला है. केएल राहुल और रोहित शर्मा बतौर ओपनर टीम इंडिया की पहली पसंद हैं, ऐसे में ऋतुराज गायकवाड़ को बतौर बैकअप ओपनर देखा जा रहा था. शुभमन गिल वनडे क्रिकेट में एक बड़े मैच विनर खिलाड़ी साबित हो रहे हैं. उन्होंने वेस्टइंडीज दौरे के बाद जिम्बाब्वे में भी अपना शानदार खेल जारी रखा है. उन्होंने सीरीज के पहले मैच में 72 गेंदों पर नाबाद 82 रनों की पारी खेली.

## टीम इंडिया से अचानक गायब हुआ ये धाकड़ खिलाड़ी, 27 साल की उम्र में ही बर्बाद हुआ करियर!

टीम इंडिया इस समय जिम्बाब्वे दौरे पर है और फिर टीम को एशिया कप जैसा बड़ा टूर्नामेंट खेलना है. जिम्बाब्वे दौरे पर केएल राहुल की कप्तानी में एक युवा टीम खेल रही है, वहीं एशिया कप में रोहित की कप्तानी में टीम खेलेगी. इन दोनों ही दौरों पर टीम में एक घातक ऑलराउंडर शामिल नहीं है. ये खिलाड़ी टी20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद टीम इंडिया का अहम हिस्सा बन गया था, लेकिन अब ये खिलाड़ी टीम इंडिया के स्क्वाड तक में अपनी जगह नहीं बना पा रहा है.

टीम इंडिया के युवा ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर आईपीएल 2022 के बाद से ही भारत के लिए एक भी मैच नहीं खेले हैं. उन्हें अब टीम के स्क्वाड में शामिल नहीं किया जा रहा है. अय्यर ओपनिंग से लेकर लोअर ऑर्डर तक में बल्लेबाजी कर सकते हैं, लेकिन पिछले कुछ समय से वे बहुत ही खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं. वेंकटेश अय्यर ने टी20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद टीम में अपनी जगह पक्की कर ली थी, लेकिन वह सेलेक्टर्स के भरोसे पर ज्यादा समय तक खरे नहीं ऊतर सके.

ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या टी20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद से ही चोट के चलते टीम इंडिया से बाहर चल रहे थे. हार्दिक पांड्या की जगह वेंकटेश अय्यर ही काफी समय तक टीम इंडिया की पहली पसंद बने हुए थे. वेंकटेश अय्यर ने रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम के लिए अपना डेब्यू किया था, लेकिन हार्दिक पांड्या के टीम में आने के बाद से ही उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला है. हार्दिक पांड्या की वापसी भी वेंकटेश अय्यर के बाहर होने का बड़ा कारण है.

वेंकटेश अय्यर ने टीम इंडिया के लिए 9 टी20 मैचों में 133 रन बनाए हैं और 5 विकेट हासिल किए हैं. वहीं, टीम इंडिया की तरफ से उन्होंने 2 टी20 मैच भी खेले हैं. वेंकटेश अय्यर को हाल ही में साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में ऋषभ पंत ने एक मैच में मौका नहीं दिया था. वहीं आयरलैंड सीरीज में भी वे प्लेइंग XI का हिस्सा नहीं बन सके थे और अब टीम के स्क्वाड से भी बाहर कर दिए गए हैं।



वेंकटेश अय्यर

## वीरेंदर सहवाग ने सुनाया अफरीदी की बदतमीजी का किस्सा, बोले- सचिन तेंदुलकर को दे रहा था लगातार गाली

क्रिकेट फैन्स के लिए भारत और पाकिस्तान के मैच जितने रोमांचक होते हैं उतनी ही रोमांचक उन मैचों से जुड़ी कहानियां भी हैं. दोनों बरसों से एक-दूसरे के खिलाफ खेल रहे हैं. दोनों अपनी प्रतिद्वंद्विता के लिए दुनिया भर में मशहूर हैं और दोनों टीमों के खिलाड़ियों के आपस के किस्से भी फैन्स के लिए किसी मैच से कम नहीं हैं. हालांकि भारत और पाकिस्तान के कुछ क्रिकेटर मैदान के बाहर एक-दूसरे के बहुत अच्छे दोस्त भी हैं लेकिन कुछ खिलाड़ी मैदान के बाहर हों या मैदान के भीतर उनकी कश्मकश कभी खत्म नहीं होती.



भारत के पूर्व ओपनिंग बल्लेबाज वीरेंदर सहवाग ने एक ऐसे ही किस्से को बयां किया है. सहवाग ने 2003 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए इस मैच में पाकिस्तानी ऑलराउंडर शाहित अफरीदी की बदतमीजी की एक दास्तां बताई है, जो वह सचिन तेंदुलकर के खिलाफ लगातार कर रहे थे. हालांकि बेचारे अफरीदी की यह खीझ भी थी क्योंकि उस मैच में सचिन पाकिस्तान पर टूट कर बरस रहे थे और उन्होंने उसकी जीत के अरमानों को भी धोकर रख दिया था.

इस वर्ल्ड कप को बीते 19 साल हो गए लेकिन आज भी फैन्स जब इस मैच की झलकियां देखते हैं तो उन्हें लगता है मानों यह अभी कुछ साल पहले की ही बात है. भारत इस टूर्नामेंट का उपविजेता रहा था. उसने तब ऑस्ट्रेलिया को छोड़कर हर उस टीम को मात दी थी, जो उसके सामने आई थी. अब बात अफरीदी के बदतमीजी वाले उस किस्से की, जिसका जिक्र सहवाग ने किया है.

भारत इस मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 274 रन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा कर रहा था. सचिन तेंदुलकर यहां पाकिस्तानी गेंदबाजों पर कहर बनकर टूट रहे थे. इस दौरान उन्हें बैटिंग के दौरान क्रैम्प्स आ गए, तो शुरुआत में ही आउट हो चुके वीरेंदर सहवाग को उनके रनर के तौर पर मैदान पर जाना पड़ा था. सहवाग ने बताया, 'हम जानते थे कि वह बहुत अहम मैच है, लेकिन सचिन तेंदुलकर काफी अनुभवी खिलाड़ी थे और पाकिस्तान के खिलाफ कई मैच खेल चुके थे. ऐसे में उन्हें पता था कि उन्हें इसके लिए तैयार रहना है.'

वीरू ने आगे कहा, 'अगर मैं उनकी वर्ल्ड कप पारियों की बात करूं तो यह बेस्ट पारी थी. मुझे मैच के दौरान उनका रनर बनकर मैदान पर उतरना पड़ा था क्योंकि उन्हें क्रैम्प्स आ गए थे और अफरीदी उन्हें लगातार गाली दे रहा था. वह लगातार कुछ ना कुछ बके ही जा रहा था. लेकिन सचिन फोकस बनाए हुए थे, उन्हें पता था कि क्रीज पर उनका टिके रहना जरूरी था. वह नॉर्मली रनर नहीं लेते थे, लेकिन उन्हें पता था कि अगर मैं रनर के तौर पर आया, तो उनकी तरह ही दौड़ूंगा. कोई भी कन्फ्यूजन नहीं होगा.' सचिन ने इस मैच में सिर्फ 75 गेंदों में 98 रन ठोके थे, जिसमें 12 चौके और एक छक्का शामिल था. सचिन जब तक आउट हुए, तब तक मैच लगभग भारत की गिरफ्त में आ चुका था. सचिन के अलावा इस मैच में मोहम्मद कैफ, राहुल द्रविड़ और युवराज सिंह ने भी उपयोगी पारियां खेलीं थीं.

## क्रिकेट खेलने से भी मुश्किल अंपायर बनना! परीक्षा में पूछे जाते हैं अजीबोगरीब सवाल

**क्रिकेट के** खेल में अंपायर की भुमिका सबसे अहम होती है, लेकिन अंपायर बनने के लिए क्या करना होता है ये बहुत कम लोग जानते हैं. जितना क्रिकेट खेलना मुश्किल है उतना ही अंपायर बनना भी मुश्किल है. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड भारत में अंपायरिंग का स्तर बढ़ाने के लिए इन दिनों कड़ी मेहनत कर रही है. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर ने हाल ही में अंपायरों की भर्ती के लिए उनका टेस्ट लिया था, जिसका रिजल्ट भी आ गया है. ये टेस्ट बीसीसीआई ने अहमदाबाद में पिछले महीने आयोजित किया था.

**अंपायर बनने के एग्जाम में 97% लोग हुए फेल**

अंपायर बनने का यह टेस्ट महिला और जूनियर मैचों (ग्रुप डी) में अंपायरिंग के लिए आयोजित किया गया था. इस टेस्ट में ऐसे घुमाने वाले सवाल थे कि 140 में से सिर्फ 3 अंपायर ही टेस्ट पास कर पाए हैं. इस टेस्ट में 37 बेहद मुश्किल सवाल पूछे गए थे. आपको बता दें कि ये टेस्ट कुल 200 अंकों का था, इसके लिए कट ऑफ 90 अंक था. इस टेस्ट में 100 अंक का लिखित एग्जाम, 35 अंक का वाइवा और वीडियो, इसके अलावा 30 अंक फिजिकल टेस्ट के थे.



**टेस्ट में पूछे गए बेहद मुश्किल सवाल**

1. अगर पवेलियन के किसी हिस्से की परछाई, पेड़ या खिलाड़ी की परछाई पिच पर पड़ती है और बल्लेबाज आपसे शिकायत करे तो आप क्या करेंगे?

सही जवाबः पवेलियन या पेड़ की परछाई का संज्ञान नहीं लिया जा सकता है. खिलाड़ी को स्थिर रहने के लिए कहा जा सकता है, नहीं तो अंपायर को डेड बॉल घोषित करने का आधिकार है.

2. आपको लगता है कि गेंदबाज की चोट सही है और अगर पट्टी हटाते हैं तो खून निकलने की आशंका है. इसके बाद भी क्या आप गेंदबाज को टेप हटाकर बॉलिंग करने के लिए कहेंगे?

सही जवाबः अगर गेंदबाज को बॉलिंग करनी है तो टेप हटाना जरूरी है.

3. बल्लेबाज ने कोई शॉट खेला और बॉल शॉर्ट लेग पर खड़े फील्डर के हेलमेट में अटक गई. गेंद की वजह से हेलमेट गिर गया, लेकिन बॉल के जमीन पर गिरने से पहले फील्डर ने उसे कैच कर लिया. क्या बल्लेबाज को कैच आउट देंगे?

सही जवाबः बल्लेबाज को नॉट आउट दिया जाएगा.

**अंपायर्स को मिलती है इतनी सेलरी**

अंपायर के करियर की शुरुआत ग्रुप डी से ही होती है. बता दें कि ग्रुप डी की अंपायरिंग ही आपके लिए नेशनल और इंटरनेशनल क्रिकेट में अंपायरिंग करने के दरवाजे खोलती है.

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने इसके बारे में कहा, 'परीक्षा मुश्किल थी लेकिन हम गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं करना चाहते हैं. अगर आगे आप नेशनल और इंटरनेशनल मैचों में अंपायरिंग करना चाहते हैं तो गलती की कोई गुंजाइश नहीं हो सकती है.

खेल की समझ, नियमों का पूरा ज्ञान होना जरूरी है.' बीसीसीआई ने अंपायरों को पांच ग्रेड में बांटा हुआ है.

A+ और A+ ग्रुप के अंपायर्स को प्रथम श्रेणी मैच के लिए प्रत्येक दिन 40,000 रुपये, जबकि B, C और D ग्रुप के अंपायर्स को प्रत्येक दिन 30,000 रुपये दिए जाते हैं.

## बोल्डनेस में बड़ी-बड़ी एक्ट्रेस को मात देने वाली धनश्री की ऐसे शुरू हुई चहल के साथ लव स्टोरी



धनश्री का डांस से रिलेटेड एक यूट्यूब चैनल (धनश्री वर्मा यूट्यूब चैनल) है, इस चैनल पर 26 लाख से अधिक सब्सक्राइबर्स हैं. धनश्री बॉलीवुड गानों को रिक्रिएट करती हैं.

इसके अलावा वह हिप-हॉप की ट्रेनिंग भी देती है. इस यूट्यूब चैनल पर वह अपने डांस अकादमी के वीडियो भी अपलोड करती हैं. धनश्री ने साल 2014 में डी वाई पाटिल डेंटल कॉलेज नवी मुंबई से पढ़ाई की है.

एक बार धनश्री ने ही बताया था कि चहल ने उनकी ऑनलाइन डांस क्लास ज्वॉइन की थी, यही से ही इन दोनों की लव स्टोरी शुरू हुई थी. युजवेंद्र चहल और उनकी वाइफ धनश्री वर्मा ने रिलेशनशिप में के 3 महीने बाद यानी अगस्त 2020 में सगाई कर ली थी, वहीं दिसंबर 2020 में शादी के अटूट बंधन में बंध गए.

क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी वाइफ धनश्री वर्मा काफी चर्चित कपल हैं. वह अक्सर अपने फैंस के साथ अपनी खूबसूरत फोटोज और वीडियो शेयर करते रहते हैं. युजवेंद्र चहल और धनश्री ने दिसंबर 2020 में शादी की थी.

युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा की पहली मुलाकात ऑनलाइन क्लास के दौरान हुई थी. दरअसल चहल ने डांस सीखने के लिए धनश्री वर्मा की क्लास ज्वॉइन की थी, यही से ही इन दोनों की लव स्टोरी शुरू हुई थी.

## क्रिकेट इतिहास के अनसुने रिकॉर्ड्स की सालों से कोई भी नहीं कर सका बराबरी

क्रिकेट में कई रिकॉर्ड बनते और टूटते आपने कई बार देखे होंगे. खिलाड़ियों की दुनिया रिकॉर्ड्स के इर्द-गिर्द घूमती है, लेकिन क्रिकेट जगत में कुछ ऐसे अजीबोगरीब रिकॉर्ड्स भी हैं जिन्हें बहुत कम लोग जानते हैं. इन रिकॉर्ड्स को इतने सालों से कोई भी नहीं तोड़ सका है. इसमें कुछ ऐसे फैक्ट्स भी है जिसे आपने इससे पहले कभी नहीं पढ़ा होगा.

टेस्ट मैच की पहली बॉल पर सबसे ज्यादा बार आउट होने का रिकॉर्ड भारत के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर के नाम हैं. सुनील गावस्कर 3 बार टेस्ट मैच की पहली बॉल पर आउट हुए हैं. इस रिकॉर्ड को अभी तक तो कोई भी तोड़ नहीं पाया हैं. सुनील गावस्कर का नाम भारत के सबसे सफल बल्लेबाजों में आता है.


वेस्टइंडीज के क्रिस गेल अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं, लेकिन बहुत कम लोगों को ही पता है कि वह एकमात्र बल्लेबाज है जो टेस्ट मैच की पहले गेंद पर छक्का लगा सके हैं. गेल ने 2012 में बांग्लादेश के खिलाफ इस उपलब्धि को हासिल किया था.



इंग्लैंड के गेंदबाज जिम लेकर एक टेस्ट मैच में 19 विकेट लेने का कारनामा कर चुके हैं. इस रिकॉर्ड को आज तक कोई भी गेंदबाज नहीं तोड़ सका है. ये टेस्ट मैच में बना क्रिकेट का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है. जिम लेकर ने इस टेस्ट मैच की पहली पारी में 9 विकेट झटके और दूसरी पारी में 10 विकेट झटके थे.

सौरव गांगुली के नाम भी एक अनसुना रिकॉर्ड दर्ज है. क्रिकेट इतिहास में सौरव गांगुली एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने वनडे में लगातार चार बार मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड जीते हैं. उन्होंने 1997 में पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में लगातार 4 मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड अपने नाम किए थे.

शाहिद अफरीदी ने 1996 में 37 गेंदों में 11 छक्के और 6 चौके जड़कर उस समय सबसे तेज शतक जड़ने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था. लेकिन क्या आपको पता है इस मैच में अफरीदी ने सचिन तेंदुलकर के बल्ले का इस्तेमाल किया था. दरअसल अफरीदी के पास उचित बैट नहीं था इसलिए वकार यूनिस ने उनको सचिन का बैट खेलने के लिए दिया था.



## स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ट्रांजेक्शन नियम बदल गए? वायरल हो रहे मैसेज ने बढ़ाई टेंशन

नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसियां)। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई के ट्रांजेक्शन से जुड़े कुछ मैसेज वायरल हो रहे हैं। मैसेज में दाव किया जा रहा है कि बचत खाते मे वर्ष मे 40 ट्रांजेक्शन से अधिक होने पर जमा राशि से प्रति ट्रांजेक्शन 57.5 की कटौती की जाएगी। वहीं एक अन्य मैसेज में कहा जा रहा है कि एटीएम से 4 बार से अधिक पैसा निकालने पर कुल 173 काटे जाएंगे। क्या



है सचः पीआईबी फैक्ट चेक के मुताबिक ये दावे फजी हैं। एसबीआई ने ट्रांजेक्शन नियमों में किसी तरह का बदलाव नहीं किया है। बीते दिनों पीआईबी फैक्ट चेक ने ही बताया था अपने बैंक के एटीएम से हर माह 5 मुफ्त ट्रान्ज़ेक्शन किए जा सकते हैं। इसके बाद अधिकतम 21/ट्रांजैक्शन या कोई टैक्स होने पर वह अलग से देना होगा। पीआईबी फैक्ट चेक ने एक अन्य वायरल मैसेज को भी फेक बताया है। मैसेज में लिखा है कि सरकार सभी आधार कार्ड से लोन दे रही है। लोन की रकम 4 लाख 78 हजार रुपये बताई गई है।

## हफ्ते का आखिरी कारोबारी दिन बाजार को नहीं आया रास

### सेंसेक्स धड़ाम, निफ्टी 17800 के नीचे



नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसियां)। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन भारतीय बाजार में बड़ी गिरावट दिखी है। शुक्रवार को सेंसेक्स धड़ाम हो गया। यह 651.85 अंक टूटकर 59,646.15 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी बड़ी गिरावट देखने को मिली। शुक्रवार को बाजार बंद होते समय निफ्टी पिछले कारोबारी दिन के मुकाबले 198.05 अंक गिरकर 17,758.45 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। शुक्रवार को जोमैटो के शेयरों में आठ फीसदी तक की गिरावट दिखी। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन लगभग एक प्रतिशत तक लुढ़के। सेंसेक्स इंडेक्स के तीस शेयरों में एलएंडटी, इंफोसिस और टीसीएस के अलावा बाकी सभी कंपनियों के शेयर लाल निशान पर कारोबार करते हुए बंद हुए। इससे पहले हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 20 ऊपर सपाट ढंग से खुला। बाजार खुलते समय सेंसेक्स 60,376 के लेवल पर करोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 17,966 के लेवल पर कारोबार करता दिखा। इससे पहले अमेरिकी शेयर बाजार कमजोर शुरुआत के बाद संभल कर बंद हुए थे।

डाओ जोंस 150 और नैस्डेक 100 अंक संभल कर हरे निशान में बंद हुआ। एशियाई बाजारों में एजीएक्स निफ्टी हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ। शुक्रवार को बिटकॉइन में भी सात प्रतिशत तक की गिरावट देखने को मिली। यह तीन महीने के सबसे निचले स्तर को छू चुका है।

## आरबीआई ने सरकार को चेताया- बड़े पैमाने पर सरकारी बैंकों का निजीकरण खतरनाक, सावधानी से आगे बढ़ें

नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसियां)। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बड़े पैमाने पर निजीकरण से फायदे से अधिक नुकसान हो सकता है। आरबीआई ने इस मामले में सरकार को ध्यान से आगे बढ़ने की सलाह दी है। केंद्रीय बैंक ने एक लेख में कहा, निजी क्षेत्र के बैंक (पीवीबी) लाभ को अधिकतम करने में अधिक कुशल हैं। वहीं, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में बेहतर प्रदर्शन किया है। लेख के मुताबिक, निजीकरण नई अवधारणा नहीं है। इसके फायदे व नुकसान सभी जानते हैं। पारंपरिक दृष्टि से सभी दिक्कतों के लिए निजीकरण प्रमुख समाधान है, जबकि आर्थिक सोच ने पाया है कि इसे आगे बढ़ाने के लिए सतर्क दृष्टिकोण जरूरी है। सरकार ने 2020 में 10 राष्ट्रीयकृत बैंकों का चार बड़े बैंकों में विलय कर दिया था। इससे सरकारी बैंकों की संख्या घटकर 12 रह गई है, जो 2017 में 27 थी। केंद्रीय बैंक ने कहा कि लेख में व्यक्त विचारलेखक के हैं, आरबीआई के नहीं। आरबीआई के हस्तक्षेप से मुद्रा बाजार में उतार-चढ़ाव के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार घटने की दर में कमी आई है। आरबीआई के वित्तीय बाजार संचालन विभाग के सौरभ नाथ, विक्रम राजपूत और गोपालकृष्णन एस के अध्ययन में कहा गया है कि 2008-09 के वैश्विक वित्तीय संकट के कारण मुद्रा भंडार में 70 अरब डॉलर की गिरावट आई। कोविड-19 के दौरान इसमें 17 अरब डॉलर की ही कमी हुई। वहीं, रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण इस वर्ष 29 जुलाई तक 56 अरब डॉलर की कमी आई है।

### यूपीआई और डेबिट कार्ड से भुगतान होगा खर्चीला, आरबीआई ने दिए संकेत

नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसियां)। भारत में यूपीआई से भुगतान अब कोई नई बात नहीं। यूपीआई ने ना केवल डिजिटल रूप से पैसों के लेन-देन को आसान बना दिया है बल्कि यह कई मामलों में लोगों के लिए व्यापार के बेहतरीन अवसर भी मुहैया करा रहा है। अब तक देश में यूपीआई से भुगतान पर कोई चार्ज नहीं वसूला जाता है। हालांकि अब रिजर्व बैंक यूपीआई से भुगतान पर चार्ज वसूलने के संकेत दे रहा है। देश के केंद्रीय बैंक ने इसके लिए एक डिस्कशन पेपर जारी किया है। रिजर्व बैंक ने इस डिस्कशन पेपर पर आम लोगों से राय मांगी है। इस डिस्कशन पेपर में यूपीआई से भुगतान करने पर चार्जेज वसूलने की भी बात कही गई है। ऐसे में इस बात की संभावना बढ़ गई है कि आने वाले समय में यूपीआई से भुगतान करते समय हमें कुछ चार्जेस देना पड़े। भारतीय रिजर्व बैंक देश में भुगतान प्रक्रियों के डेवलपमेंट और भुगतान को सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई बुनियादी संरचनाओं की लागत वसूल करने की तैयारी कर कर रहा है। आरबीआई के डिस्कशन पेपर में कहा गया है कि यूपीआई भी आईएमपीएस की तरह ही एक फंड ट्रांसफर सिस्टम है। इसलिए इस पर भी आईएमपीएस की तरह ही चार्जेज लगाए जाने चाहिए।

## तीसरी वंदेभारत ट्रेन अक्टूबर तक मुंबई से अहमदाबाद के बीच चल सकती है



नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय रेलवे की तीसरी वंदेभारत ट्रेन का ट्रायल मोहाली और साहनेवाल के बीच शुरू हो चुका है। 15 सितंबर तक ट्रेन के सभी तरह के ट्रायल पूरे होने की संभावना है। इस ट्रेन को अक्टूबर तक चलाने की तैयारी है। नई वंदेभारत को मुंबई से अहमदाबाद के बीच चलाया जा सकता है।रेलवे मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार ट्रायल पूरा होने के बाद सीआरएस क्लीयरेंस लिया जाएगा। इस प्रकिया के भी समय पर पूरा होने की संभावना है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार चूंकि सितंबर के अंत और अक्टूबर के पहले सप्ताह में देशभर में उत्सव की धूम रहेगी। नवरात्र, दुर्गापूजा और गरबा सभी उत्सव इस बीच होंगे। इसलिए रेलवे की कोशिश है कि नई वंदेभारत को इस दौरान शुरू किया जाए। रेलवे मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार मुंबई से अहमदाबाद सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदेभारत चलाई जा सकती है। दोनों शहरों के बीच रोजाना चलने वाले यात्रियों की संख्या खूब है। दोनों व्यावसायिक शहरों के बीच सुबह जाकर शाम को वापस लौटने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते इस रूट पर चलाया जा सकता है। हालांकि अभी रेलवे मंत्रालय ने इस संबंध में फैसला नहीं लिया है, लेकिन संभावित रूटों पर मंथन चल रहा है। जल्द ही फैसला लिया जाएगा। ट्रेन का मोहाली-साहनेवाल के बीच ट्रायल शुरू हो चुका है। यहां पर टेस्टिंग ट्रैक है। अगले कुछ दिनों तक यहां पर ट्रेन का 90 किमी प्रति घंटे से लेकर 120 किमी प्रति घंटे की स्पीड से ट्रायल किया जाएगा। इसके बाद राजस्थान में 180 किमी प्रति घंटे की स्पीड से ट्रायल किया जाएगा।


## कोरोना और मंकीपॉक्स के बाद अब आया टोमेटो फ्लू

### भारत में 80 से अधिक बच्चे पीड़ित

नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसियां)। कोरोना वायरस और मंकीपॉक्स वायरस के बाद अब टोमेटो फ्लू का खतरा बढ़ गया है। भारत में टोमेटो फ्लू के 80 संभावित मामले देखने को मिले हैं, जहां बच्चों के शरीर पर दर्दनाक फफोले बन गए। द सन की एक रिपोर्ट के मुताबिक टोमैटो फ्लू का नाम पूरे शरीर में होने वाले लाल और दर्दनाक फफोले के आधार पर पड़ा है, जो धीरे-धीरे बड़ा होकर टमाटर के आकार का हो जाता है। टोमैटो फ्लू होने पर त्वचा पर चकत्ते भी दिखाई देते हैं, जिससे मरीजों को त्वचा में जलन की शिकायत रहती है। इस बीमारी में थकान, मितली, उल्टी, दस्त, बुखार, पानी की कमी, जोड़ों की सूजन, शरीर में दर्द और सामान्य इन्फ्लूएंजा जैसे लक्षण दिखाई पड़ते हैं। डॉक्टरों ने चकत्तों के फफोले की तुलना मंकीपॉक्स से और बुखार के लक्षणों की तुलना डेंगू, चिकनगुनिया और हाथ, पैर और मुंह की बीमारी से की है। शोधकर्ता अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह लक्षण किन वजहों से शरीर पर दिखाई पड़ते हैं। अब तक, स्वास्थ्य अधिकारियों ने 2022 के मई और जुलाई के बीच 82 मामले दर्ज किए हैं, जिनमें से सभी मरीज पांच साल से कम उम्र के हैं। टोमेटो फ्लू का सबसे पहला मामला केरल के कोल्लम जिले में देखा गया था, जिसके बाद यह पूरे क्षेत्र में फैल गया। टोमेटो फ्लू को लेकर अभी तक कोई सबूत नहीं मिला है कि यह बीमारी गंभीर या जानलेवा है, और बच्चों का इलाज सामान्य उपचार – पैरासिटामोल, आराम और बहुत सारे तरल पदार्थों से किया जा रहा है।

## देश की वर्कफोर्स में उम्रदराज लोग:2021-22 में 57% वर्कफोर्स में 40-59 आयुवर्ग के लोग

### कम पढ़े-लिखे लोग बढ़ रहे




मुंबई, 19 अगस्त (एजेंसियां)। देश में कामकाजी लोगों की उम्र बढ़ रही है। मार्च 2020 में जब कोरोना महामारी आई उस वक्त कुल वर्कफोर्स में आधी से अधिक संख्या मध्यम आयु वर्ग की थी। निजी थिंक टैंक सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के मुताबिक, 2016-17 में 42% वर्कफोर्स में 40-59 आयुवर्ग के लोग थे। 2019-20 में इनकी संख्या बढ़कर 51% और 2021-22 में और बढ़कर 57% हो गई। इसके अलावा 2016-17 में भारत की वर्कफोर्स का 17% हिस्सा 15-24 आयु वर्ग का था।

लेकिन 2021-22 तक यह घटकर 13% रह गया। इसकी मुख्य वजह युवाओं के लिए पर्याप्त नौकरियों की कमी या उच्च शिक्षा के कारण लेबर मार्केट में देर से शामिल होना है। सीएमआईई ने कहा है कि वर्कफोर्स की शैक्षणिक योग्यता में कमी आ रही रही है। ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट की हिस्सेदारी 2017-18 में 12.9% थी, जो 2018-19 तक बढ़कर 13.4% हो गई थी। लेकिन 2019-20 में यह घटकर 13.2% और फिर 2020-21 में सिर्फ 11.8% रह गई थी। हालांकि 2021-22 में यह आंशिक रूप से सुधरकर 12.2% हो गई। सीएमआईई ने कहा है कि एक ओर देश में स्टूडेंट्स की संख्या बढ़ रही है, वहीं वर्कफोर्स में बेहतर योग्यता वाले लोगों की संख्या नहीं बढ़ पा रही है। उम्रदराज होते कामकाजी लोगों की संख्या बढ़ने से देश को बढ़ती आबादी फायदा नहीं मिल पा रहा है।

## फिर मिली राहत, चेक करें पेट्रोल-डीजल की नई रेट लिस्ट



नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसियां)। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार आ रही गिरावटों के बीच पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर हैं। तेल कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल, दोनों की कीमतों में किसी तरह की ना तो कटौती और ना ही इजाफा किया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है, जबकि डीजल 89.62 रुपये में मिल रहा। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की बात करें तो पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। कच्चे तेल का भावः वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 94.91 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर है। वैश्विक मंदी की चिंताओं के कारण कच्चा तेल बीते दिन छह महीने के निचले स्तर 91.51 डॉलर पर आ गया है। कच्चे तेल का मौजूदा भाव भारत के लिए राहत की बात है, क्योंकि देश अपनी 85 प्रतिशत तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर है। इस बीच, सरकार ने डीजल के निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर बढ़ाकर सात रुपये प्रति लीटर कर दिया। यह कर पहले 5 रुपये था। इसके साथ ही विमान ईंधन (एटीएफ) पर दो रुपये प्रति लीटर का कर फिर से लगाया गया है। हालांकि घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर कर कम किया गया है। कच्चे तेल पर कर को 17,000 रुपये प्रति टन से घटाकर 13,000 रुपये प्रति टन कर दिया गया है।

## पंजाब में मारुति कारों का फ्रॉड:बाढ़ में कंडम लग्जरी गाड़ियां करोड़ों में बेची

### कबाड़िए ने 85 लाख में खरीदी थी 87 कारें



चंडीगढ़, 19 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब में मारुति कारों को लेकर बड़ा फ्रॉड उजागर हुआ है। बाढ़ में कंडम हो चुकी कारें कबाड़िए ने सस्ते रेट पर खरीदी। फिर उन्हें फर्जी डॉक्यूमेंट्स के सहारे रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटीज के पास रजिस्टर्ड भी करवा दिया। मामला उजागर हुआ तो फतेहगढ़ साहिब की पुलिस ने जांच शुरू की। पूरा खेल उजागर होने के बाद पुलिस ने 40 कारें बरामद कर ली। कबाड़िए और उसके 4 साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर 3 को गिरफ्तार कर लिया है। रोपड़ रेंज के गड्ढा करना गुरप्रीत भुल्लर ने बताया कि 2019 में पटियाला में बाढ़ आई थी। जिसमें राजपुरा रोड स्थित एटलियर ऑटोमोबाइल में 87 कारें इसकी चपेट में आ गई। यह सभी कारें मारूति की थी। बाढ़ की चपेट में आने से शोरूम ने इन कारों को कंडम करार दे दिया। एजेंसी ने इन कारों को कंडम करार देने के बाद पुलिस या ट्रांसपोर्ट विभाग से संपर्क नहीं किया। अपने स्तर पर ही जुलाई 2019 में मानसा के कबाड़ी पुनीत ट्रेडिंग कंपनी के मालिक पुनीत गोयल को बेच दी। 87 कबाड़ हुई कारें 85 लाख में बेची गई। पुलिस को 3 अगस्त को इस संबंध में इन्फॉर्मेशन मिली। केस दर्ज कर पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी। जिसमें पता चला कि कंपनी ने जब कबाड़िए को कारें बेची तो इनके चैसी नंबर मिटा दिए थे। ताकि इनका आगे इस्तेमाल न हो। इसके बावजूद पुनीत गोयल ने साथियों के साथ मिलकर इन्हें पंजाब और दूसरे राज्यों के ट्रांसपोर्ट ऑफिस में रजिस्टर्ड करा लिया। जिसके बाद इन्हें करोड़ों में आगे बेच दिया गया। फतेहगढ़ साहिब की एसएसपी रवजोत कौर ने बताया कि सरहिंद पुलिस स्टेशन में 4 लोगों पर केस दर्ज किया गया है। इनमें पुनीत गोयल, उसका पिता राजपाल सिंह, कार डीलर और इस फ्रॉड का मास्टरमाइंड जसप्रीत सिंह उर्फ रिंकू के अलावा बठिंडा में आरटीए एजेंट नवीन कुमार भी शामिल है। पुनीत गोयल को छोड़ बाकी 3 गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

## सीमेंट सेक्टर में बढ़ेगा अडानी ग्रुप

### कॉर्पोरेट भारतीय इतिहास में सबसे बड़ी ओपन ऑफर के लिए सेबी की मंजूरी

नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसियां)। अडानी ग्रुप को अंबुजा सीमेंट्स और एसीसी के लिए 3.8 अरब डॉलर की ओपन पेशकश के लिए मार्केट रेगुलेटर सेबी की मंजूरी मिल गई है। अडानी ग्रुप ने अंबुजा सीमेंट्स के लिए 385 प्रति शेयर और एसीसी के लिए 2,300 प्रति शेयर की पेशकश की है। लगभग 31,139 करोड़ के निवेश के साथ ये दो प्रस्ताव कॉर्पोरेट भारतीय इतिहास में सबसे बड़ी खुली पेशकश बन सकते हैं। जानकारी के अनुसार, अडानी परिवार के स्वामित्व वाली मॉरीशस की एक संस्था एंडेवर ट्रेड एंड इनवेस्टमेंट 385 प्रति शेयर पर अंबुजा सीमेंट्स के 26% या 51.63 करोड़ शेयर खरीदने के लिए 19,880 करोड़ का निवेश करेगी। इसी तरह, अडानी परिवार ने 11,259 करोड़ (पूर्ण स्वीकृति मानकर) में 2,300 प्रति शेयर की कीमत पर एसीसी के 26% (4.89 करोड़ शेयर) खरीदने की पेशकश की। इस ओपन ऑफर के बाद अंबुजा में अडानी की हिस्सेदारी बढ़कर 89.11 फीसदी और एसीसी में 80.53 फीसदी हो जाएगी। भारतीय शेयर बाजार के नियमों के अनुसार, स्थानीय सूचीबद्ध कंपनी में 25% या अधिक शेयर प्राप्त करने से एक अनिवार्य खुली पेशकश शुरू हो जाएगी, जहां अल्पसंख्यक शेयरधारक नए निवेशक को पूर्व निर्धारित मूल्य पर अपनी हिस्सेदारी बेचने का विकल्प चुन सकते हैं। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार के बंद भाव की तुलना में अंबुजा के लिए अडानी की ओपन ऑफर कीमत 6% छूट पर है, जबकि एसीसी के लिए 1% छूट है।भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने अडानी समूह को अंबुजा सीमेंट्स और एसीसी के अधिग्रहण की मंजूरी दे दी है। बता दें कि अडानी समूह ने दोनों कंपनियों को मई में 10.5 अरब डॉलर (81,339 करोड़ रुपये) के लेन-देन में होल्सिम समूह से अधिग्रहित किया था। इस अधिग्रहण के बाद अडानी समूह, अल्ट्राटेक के बाद भारत में दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी बन गई। बता दें कि होल्सिम की अंबुजा सीमेंट्स में 63.19 फीसदी जबकि अंबुजा की एसीसी में 54.53 फीसदी हिस्सेदारी थी।

## ब्रिटेन में अब यूपीआई से पेमेंट कर पाएंगे भारतीय:एनआईपीएल ने पेएक्सपर्ट से मिलाया हाथ

### RuPay कार्ड से पेमेंट की सुविधा को भी जोड़ा जाएगा




नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के यूपीआई और रुपे कस्टमर्स जल्द ही पेएक्सपर्ट के पॉइंट-ऑफ-सेल डिवाइस के जरिए यूनाइटेड किंगडम में भी इन-स्टोर पेमेंट्स कर पाएंगे। 'एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड', 'यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस' और 'रुपे कार्ड स्कीम' ने 18 अगस्त को ब्रिटेन में पेमेंट सॉल्यूशन प्रोवाइडर पेएक्सपर्ट के साथ सहयोग करने के लिए एक एमओयू साइन किया है। पेमेंट सोल्यूशंस एक्सेप्टेंस को इंटरनेशनल स्तर पर ले जाने के लिए यह डील की गई है।

यह सहयोग सुनिश्चित करेगा कि इंडियन पेमेंट्स सॉल्यूशन ब्रिटेन में पेएक्सपर्ट के सभी एंड्रॉयड पॉइंट-ऑफ-सेल डिवाइस पर इन-स्टोर पेमेंट्स के लिए अवेलेबल हैं। यह यूपीआई-बेस्ट क्यूआर कोड पेमेंट्स के साथ शुरू होगा और रुपे कार्ड से पेमेंट्स की सुविधा को बाद में इसमें जोड़ा जाएगा।

**भारतीय यात्रियों को पेमेंट करने में होगी आसानी**

पेएक्सपर्ट और एनपीसीआई ने ज्वाइंट स्टेटमेंट जारी कर कहा, हर साल एक लाख स्टूडेंट्स समेत आधा मिलियन (5 लाख) से ज्यादा भारतीय ब्रिटेन की यात्रा करते हैं। अगले कुछ सालों में यह संख्या तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। यह साझेदारी भारतीय यात्रियों को पेमेंट करने का एक परिचित और सुविधाजनक तरीका प्रदान करेगी। यूपीआई और रुपे पेमेंट ऑप्शंस से पूरे यूके में कंज्यूमर और रीटेलर्स को फायदा होगा। इस डील से रीटेल, हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म सेक्टर्स को भी बढ़ावा मिलेगा।

**यूपीआई और रुपे काफी अच्छे ऑप्शंस हैं**

पेएक्सपर्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर डेविड आर्मस्ट्रांग ने कहा कि यूपीआई और रुपे पेमेंट स्कीम कंपनी के पीओएस डिवाइसेज पर अवेलेबल इंटरनेशनल पेमेंट्स ऑप्शंस के पोर्टफोलियो में जोड़ने के लिए काफी अच्छे नाम हैं। उन्होंने कहा, यह यूके में हमारे लिए अवसर का एक नया क्षेत्र खोलेगा और व्यापारियों के लिए हमारे समाधान की क्षमता को और भी ज्यादा मजबूत करेगा।

**पेएक्सपर्ट के पीओएस के जरिए पेमेंट कर सकेंगे भारतीय**

एनपीसीआई इंटरनेशनल में इंटरनेशनल बिजनेस-पार्टनरशिप और बिजनेस डेवलपमेंट एंड मार्केटिंग के चीफ अनुभव शर्मा ने कहा कि यूके की यात्रा करने वाले भारतीय पेएक्सपर्ट के पीओएस डिवाइसेज के जरिए यूपीआई के पेमेंट्स प्लेटफॉर्म का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा, यह सहयोग हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है और हम भविष्य में रुपे कार्ड से पेमेंट की सुविधा को भी इसमें जोड़ने का प्लान बना रहे हैं।

## मुकेश अंबानी को टक्कर देंगे राधाकिशन दमानी:डी-मार्ट के 1200 नए स्टोर्स खोलेंगे


### मार्च से अब तक सबसे ज्यादा 50 स्टोर्स खोले




नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसियां)। डी-मार्ट के फाउंडर राधाकिशन दमानी ने मुकेश अंबानी की रिलायंस रिटेल को टक्कर देने के लिए नए स्टोर्स खोलने का प्लान बनाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दमानी डी मार्ट के स्टोर्स की संख्या बढ़ाकर 5 गुना करेंगे। उन्होंने अपने इस प्लान पर काम करना भी शुरू कर दिया है।

**कंपनी की 1200 नए स्टोर्स खोलने की प्लानिंग**

डी मार्ट के देशभर में अभी 284 स्टोर्स हैं, जिसे बढ़ाकर 1500 करने का फैसला किया है। इस हिसाब से कंपनी 1216 नए स्टोर्स खोलने की प्लानिंग कर रही है। इस बात की जानकारी एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड के सीईओ नेविल नोरोन्हा ने दी है। हालांकि, उन्होंने इसके लिए टाइमलाइन और कितना इन्वेस्टमेंट किया जाएगा, इसकी जानकारी नहीं दी है। मुंबई स्थित ब्रोकरेज मोतीलाल ओसवाल की इस महीने की एक रिपोर्ट के अनुसार, एवेन्यू सुपरमार्ट्स मार्च 2024 तक 135 डी-मार्ट स्टोर्स ऐड कर सकती है। डी मार्ट के के नए स्टोर्स खुलने पर रिलायंस रिटेल के बिजनेस पर भी फर्क पड़ सकता है। रिलायंस रिटेल के अभी 12,711 स्टोर्स हैं। नोरोन्हा ने कहा, मार्केट के बड़े प्लेयर्स एक-दूसरे की चिंता किए बिना खुशी-खुशी अपना काम कर सकते हैं। इस बारे में अगले 20 साल तक चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। इस सेक्टर में ग्रोथ अच्छी दिख रही है।₹ डी-मार्ट ने मार्च से अब तक सबसे ज्यादा 50 नए स्टोर्स इस साल खोले हैं। दाल से लेकर तेल तक, कम भाव में ग्रॉसरी का सामान खरीदने के लिए लोगों की पहली पसंद डी-मार्ट बन गया है। इसकी शुरुआत 2002 में मुंबई के पवई इलाके से हुई थी, यहां डी-मार्ट का पहला स्टोर खुला था। 1999 में दमानी ने नई मुंबई के नेरूल में 'अपना बाजार' की एक फ्रेंचाइजी की शुरुआत की थी, पर उन्हें यह मॉडल जमा नहीं था। सफलता की कहानी गढ़ने वाली इस कंपनी को एक सफल निवेशक दमानी ने बनाया, जिन्हें शेयर बाजार के बिग बुल राकेश झुनझुनवाला भी अपना गुरु मानते थे। इन्हें लोग 'आरडी' के नाम से भी जानते हैं। सफेद कपड़े की पसंद के चलते कई लोग इन्हें 'मिस्टर व्हाइट एंड व्हाइट' नाम से भी बुलाते हैं। अस्सी के दशक में शेयर बाजार में 5000 रुपए के साथ उतरे दमानी की नेटवर्थ आज 1.6 लाख करोड़ रुपए हो गई है। फोर्ब्स के मुताबिक, इस समय वे दुनिया के 81वें सबसे अमीर शख्स हैं। 68 साल के राधाकिशन दमानी की कंपनी डिमार्ट ने 2017 में शेयर बाजार में डेब्यू किया था, तब से अब तक इस स्टॉक ने 1370% की छलांग लगाई है।



# गहलोत बोले- राजस्थान में मैं परमानेंट जादूगर

## कहा- अपने-आप चलता है मेरा जादू, पर जनता चुनाव हरवा देती है, क्या कर सकते हैं?

जयपुर/ नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि प्रदेश के अंदर मेरा जादू परमानेंट है। मैं परमानेंट जादूगर हूं, मेरा जादू अपने आप चलता रहता है। मेरा जादू अलग तरह का जादू है, वो जादू देख लीजिए आप। लगातार सेवा करने का जो मुझे अवसर मिला है, मेरा तो जिंदगी का मकसद है अंतिम सांस तक गरीब, असहाय की सेवा करना। जो गांधीजी ने कहा था उसमें सब आ जाते हैं। गहलोत दिल्ली में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। गहलोत के इस बयान की सियासी हलकों में चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

गहलोत ने कहा- गरीब चाहे ब्राह्मण-वैश्य ही क्यों न हो, मैं गरीब के साथ खड़ा हूं। उससे संतोष मिलता है। सरकारें आईं और चली गईं, लेकिन मैं गरीबों के लिए खड़ा रहता हूं। मेरा रास्ता था, मैंने दोनों टर्म में शानदार



अगर आप इस प्रकार से इतिहास को नई पीढ़ी को बताने में संकोच करेंगे, तो आपके इतिहास को नई पीढ़ी आगे आने वाले वक्त में क्यों बताएगी कि मोदी नाम के कोई PM बने, ये काम किया, ये नहीं किया, ये करना चाहिए था। वो क्यों बताएंगे जब आप ये नई परंपरा डाल रहे हो?

- अशोक गहलोत
सीएम

गवर्नेंस दी, एक से बढ़कर एक स्कीम दी हैं।

**इस बार जनता कृपा करे हम पर, सरकार रिपीट करवाए**

गहलोत ने कहा- हम कई योजनाएं लेकर आए। गरीबों के लिए काम करने पर संतोष मिलता है, अच्छा लगता है, बाकी जनता चुनाव हरवा देती है, उसमें हम क्या कर सकते हैं। इस बार मैं चाहता हूं जनता हमें वापस जिताए, सरकार रिपीट करवाए। इतने हमने काम किए हैं, हर परिवार में हमारी कोई न कोई स्कीम पहुंच गई है। मुफ्त इलाज की सुविधा मिल गई, यह कम बात है क्या? नहीं है। पब्लिक से आह्वान करूंगा कि इस बार कृपा करो हम पर। सरकार बदलती है तो हमारी स्कीम्स बंद हो जाती हैं।

**मैं बचपन से जादू-टोने के खिलाफ, लेकिन मैजिक में विश्वास**

गहलोत ने कांग्रेस के महंगाई के खिलाफ काले कपड़े पहनकर किए गए प्रदर्शन को काला जादू कहने के पीएम मोदी के पर पलटवार करते हुए कहा - पीएम काले जादू की बातें करने लग गए, काला जादू आ गया है, काला जादू आ गया है। काला जादू है ये? जादू-टोने हैं?

हम तो बचपन से ही जादू-टोने के खिलाफ रहे हैं। मैजिक अलग चीज है जिस पर मेरा विश्वास है। वो ट्रिक होती है और ये काला जादू जो होता है, ये जादू तो होता नहीं है।

**त्याग-बलिदान की कहानियां गायब कर रहे**

गहलोत ने कहा- पंडित नेहरू आजादी के अमृत महोत्सव से गायब हैं। क्या बिना नेहरू आजादी की जंग लड़ी गई? राहुल गांधी जी के परिवार के 2-2 लोग शहीद हुए, कभी नाम लेते हैं मोदी जी? त्याग-बलिदान की कहानियों को गायब कर रहे हो। विकास यात्रा को गायब कर रहे हो। उसमें कौन मुसाफिर थे, उनको गायब कर रहे हो, फिर काहे का अमृत महोत्सव मना रहे हो आप लोग? गहलोत के परमानेंट जादू वाले

**बयान के सियासी मायने**

सीएम अशोक गहलोत ने प्रदेश में उनका परमानेंट जादू चलने का बयान देकर सियासी चर्चाएं छेड़ दी हैं। राजनीतिक जानकार इस बयान को गहलोत के आगे भी सक्रिय रहकर राजस्थान में लीडरशिप करने से जोड़कर देखा जा रहा है। कांग्रेस की खींचतान के बीच इसे विरोधियों को सियासी मैसेज के तौर पर देखा जा रहा है।

# गुजरात में गहलोत का दर्द बढ़ाएंगे बेरोजगार युवक

## उपेन यादव बोले- 21 अगस्त को गुजरात कूच

जयपुर, 19 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के बेरोजगार युवा 21 अगस्त से गुजरात कूच करेंगे। अपनी मांगों को लेकर गुजरात में राजस्थान के मंत्रियों-नेताओं की सभाओं में धरना-प्रदर्शन करेंगे। राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेन यादव युवाओं को एकजुट करने के लिए प्रदेश व्यापी दौरे पर है। उपेन यादव ने आज सिरोही जिले में बेरोजगार युवकों से मुलाकात की। युवा संवाद कार्यक्रम में तहत युवकों ने अपनी मांगे रखी और उपेन यादव के समर्थन का एलान किया। उपेन यादव ने कहा कि युवा बेरोजगारों की मांगों को लेकर हमारा संघर्ष जारी है। आज युवा संवाद कार्यक्रम के तहत सिरोही जिले आबू रोड के युवा बेरोजगारो से 21अगस्त गुजरात कूच को लेकर संवाद किया। इतना मान सम्मान- प्यार देने के लिए सिरोही के युवाओं का धन्यवाद। गुजरात जंग के लिए युवा तैयार हैं। उपेन यादव ने कहा कि कांग्रेस सरकार के पास अभी भी समय है। युवा बेरोजगारों की मांगों को पूरा करके अपना वादा पूरा करें।

**गहलोत के मंत्री और विधायक करेंगे जनसभा**

उल्लेखनीय है कि सीएम अशोक गहलोत को कांग्रेस आलाकमान ने गुजरात विधानसभा चुनाव में वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इसके अलावा गहलोत के मंत्री और विधायकों समेत 23 पर्यवेक्षक गुजरात में लगाए गए है। उपेन यादव का कहना है कि गुजराज में राजस्थान के मंत्रियों और विधायकों की जनसभाओं में धरने प्रदर्शन किया जाएगा। हमारी मांगे पूरी नहीं होने पर विरोध जारी रहेगा। सरकार को हमारी मांगे पूरी करनी चाहिए।

**बाहरी राज्यों के उम्मीदवारों पर रोक लगे**

उपेन यादव का कहना है कि राज्य सरकार द्वारा पहले बजट में 6000 पदों पर टेक्निकल हेल्पर भर्ती निकालने की घोषणा की थी लेकिन हाल ही में राज्य सरकार द्वारा 1512 पदों पर भर्ती की जा रही है। इसलिए राज्य सरकार अपने बजट घोषणा को जल्द पूरा करें। और टेक्निकल हेल्पर भर्ती में 6000 पद किए जाए। पंचायती राज जेन भर्ती बजट घोषणा के अनुसार 2100 पदों के साथ 539 पदों को जोड़ते हुए जल्द से जल्द विज्ञप्ती जारी की जाए और लिखित परीक्षा के माध्यम भर्ती परीक्षा आयोजित की जाए। जूनियर अकाउंटेंट भर्ती को सीईटी से बाहर किया जाए। जल्द से जल्द विज्ञप्ति जारी करके परीक्षा तिथि की घोषणा की जाए। प्रतियोगी भर्ती परीक्षाओं में प्रदेश के बेरोजगारों को प्राथमिकता दी जाए और बाहरी राज्यों के अभ्यर्थियों के ऊपर रोकथाम लगाई जाए। युवा बेरोजगार आयोग बनाया जाए।

# पुजारी का आत्मदाह, बहन से बोला था-मरना होगा

## लिखा- चाकू गंडासी लेकर आए थे, पत्नी बोली-गंदे-गंदे आरोप लगाए गए



पुजारी गिर्राज शर्मा की पत्नी की ओर से एफआईआर दर्ज कराने के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

जयपुर, 19 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर में खुद को आग लगाने वाले पुजारी की देर रात सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पूरे मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को आत्मदाह करने वाले पुजारी गिर्राज शर्मा का सुसाइड नोट भी सामने आया है। जो परिवार ने पुलिस को दिया। इसमें कुछ लोगों पर परेशान करने का आरोप लगाया है। पंडित के बेटे जानू शर्मा ने बताया कि उसे मंदिर में मूर्ति के पीछे सुसाइड नोट मिला। वहीं, परिवार ने शव लेने से इंकार कर दिया है। पुलिस ने विरोध कर रहे सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं व परिवार के सदस्यों की समझाइश का प्रयास किया है। प्रशासन की ओर से उचित आर्थिक मुआवजा देने की बात कही गई है।

**परिवार द्वारा दिए गए पंडित के सुसाइड नोट में लिखा -**

सुबह इन लोगों ने मुझे धमकी दी। शाम को चाकू-गंडासी लेकर मारने आए थे। ये मुझे परेशान कर रहे थे। मैं 25 साल से बिना स्वार्थ सेवा कर रहा था। सुसाइड नोट में पुजारी ने समिति के सदस्यों मूलचंद मान, शंकर जोशी, अशोक खंडेलवाल, सामरमल अग्रवाल, रामप्रसाद, दिनेश धारीवाल के नाम भी लिखे हैं। इस नोट में उन्होंने विकास समिति के फर्जी चुनाव की बात भी लिखी है।

**बहन बोली- सुसाइड से पहले मुझे फोन किया**

पंडित गिर्राज शर्मा की बहन कृष्णा शर्मा ने बताया कि 2 दिन पहले उसके पास में भाई का फोन आया था। उसने बताया कि समिति वालों ने उसके साथ में मारपीट की है। अब वह यह बात अपने परिवार को भी नहीं बता सकता। अब उसे मरना ही होगा। बहन ने कहा- उसे पुलिस को यह जानकारी देनी चाहिए, लेकिन पुजारी ने कहा कि नहीं अब उसे मरना ही पड़ेगा। अब बहन की मांग है कि परिवार को आर्थिक सहायता और नौकरी मिले। पुजारी गिर्राज शर्मा के परिवार में पत्नी चंद्रकांता के अलावा एक बेटा जानू (17) और बेटी वहीं, मौत की जानकारी मिलने पर कई सामाजिक संगठन आज सुबह परिवार के साथ एसएमएस की मॉर्च्युरी पहुंचे। परिवार और सामाजिक संगठनों की मांग है कि पंडित को परेशान करने वाले सभी आरोपियों को सख्त सजा मिले। संगठनों ने मृतक के आश्रितों को अधिक से अधिक आर्थिक सहायता देने की भी मांग की है। उनका कहना है कि मांग के अनुसार आर्थिक सहायता की घोषणा के बाद ही शव लिया जाएगा। पंडित गिर्राज शर्मा का परिवार भी एसएमएस मॉर्च्युरी के बाहर बैठा हुआ है। यहां बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है।

**5 लोगों की हुई गिरफ्तारी**

पंडित गिर्राज शर्मा को मंदिर में पूजा करने से रोकने वाले और उन्हें बार-बार प्रताड़ित करने वाले 5 लोगों की पुलिस अब तक गिरफ्तारी कर चुकी है। पुलिस ने दिनेश चंद धारीवाल (42), मूलचंद मान (68) रामकिशन शर्मा (70), सांवरमल अग्रवाल (63) और मालीराम (60) को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की पत्नी चंद्रकांता ने 7 लोगों के खिलाफ गुरुवार को नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

गिर्राज शर्मा की पत्नी का कहना है कि विकास समिति के लोग पंडित पर गंदे-गंदे आरोप लगाते थे। चंद्रकांता का कहना है कि सदस्य मंदिर में आने वाले भक्तों पर यहां के दान पात्र में पैसा डालने का दबाव भी बनाते थे और पुजारी को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। इस संबंध में 2 महीने पहले विकास समिति के लोगों ने मुरलीपुरा थाना पुलिस को मौके पर बुलाया था।

# ओवरस्पीड के कहर से 2 बच्चों को उड़ाया

## हवा में 6-7 फीट उछलकर 20 फीट दूर गिरे दोनों भाई, ड्राइवर फरार

हनुमानगढ़, 19 अगस्त (एजेंसियां)। तेज स्पीड से आती कार ने साइकिल पर जा रहे 2 सगे भाइयों को उड़ा दिया। इस भयानक टक्कर से दोनों बच्चे 20 फीट दूर झाड़ियों में जा गिरे। रूह कंपा देने वाले हादसे का वीडियो भी सामने आया है। दोनों की हालत गंभीर है। एक भाई को हनुमानगढ़ जबकि दूसरे की हालत को देखते हुए उसे बीकानेर रेफर कर दिया गया। घटना हनुमानगढ़ जिले के फेफाना थाना क्षेत्र की है। फेफाना थाने के एएसआई इंद्राज ने बताया कि गुरुवार देर शाम जसाना के रहने वाले देवीलाल नायक के बेटे सुरेंद्र(12) और रोबिन(10) खेलते-खेलते गांव के समीप पेट्रोल पंप की तरफ चले गए थे। उसके बाद जैसे ही वे घर की तरफ जाने के लिए पेट्रोल पंप के सामने से सड़क पर आए तभी काफी तेज गति से आ रही अल्टो कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। दोनों बच्चों की हालात गंभीर बताई जा रही है। एएसआई ने बताया कि इस मामले में अभी तक किसी व्यक्ति ने थाने में कोई रिपोर्ट नहीं दी है।

# 10-10 पैसे की मछलियों से किसान बना करोड़पति

## 20 साल पहले दोस्तों ने दिया फिश फार्मिंग का आइडिया, आज 1 करोड़ की जमीन के मालिक

भरतपुर, 19 अगस्त (एजेंसियां)। क्या आप मान सकते हैं कि 10 पैसे की मछली किसी को करोड़पति बना सकती है? अगर नहीं तो आपको भरतपुर के इस किसान के सफलता का सफर जरूर पढ़ना चाहिए। 55 साल के निहाल सिंह कामां तहसील के तरगोतरा उंधन गांव के रहने वाले हैं। वह 35 साल की उम्र से ही फिश फॉर्मिंग कर रहे हैं।

आगे वह खुद बता रहे हैं अपनी कामयाबी की कहानी। भाइयों के बीच बंटवारा होने के बाद मेरे हिस्से में 5 बीघा जमीन आई थी। परिवार भी बड़ा था। ऐसे में पारंपरिक खेती से कुछ खास मुनाफा नहीं हुआ। मैं परेशान रहने लगा। यह बात जब मैंने अपने दोस्तों को बताई तो उन्होंने फिश फॉर्मिंग का आइडिया दिया। दोस्तों ने ही फिश फार्मिंग का तरीका भी समझाया।

फिश फार्मिंग शुरू करने के बाद धीरे-धीरे मुनाफा मिलने लगा। प्रॉफिट बढ़ता देख, मैंने गांव के ही सरकारी तालाब को ठेके पर लिया और फॉर्मिंग शुरू की। पहली बार में मैंने 6 लाख रुपए कमाए।

**दिल्ली और फरीदाबाद मंडी तक सप्लाई**

दिल्ली और फरीदाबाद मंडी तक मेरी मछलियां सप्लाई होती हैं। भरतपुर के बाजारों से व्यापारी खुद मेरे पास आते हैं। साइज के अनुसार मछलियों की डिमांड रहती है। व्यापारियों को जो मछली पसंद आती है, उनकी साइज के अनुसार वे तालाब से इन्हें निकाल ले जाते हैं। तालाब में हर वजन की मछली मिल जाती है। इनके वजन के अनुसार ही दाम तय होता है।




मेरे तीन बेटियां और दो बेटे हैं। फिश फॉर्मिंग से हुए मुनाफे से मैंने तीनों बेटियों की शादी कराई। बड़ा बेटा फरीदाबाद में नौकरी करता है और छोटा बेटा अभी पढ़ाई कर रहा है। इतना ही नहीं इसकी खेती करते-करते मैं 7 बीघा जमीन और खरीद चुका हूं। अब मेरे पास 12 बीघा जमीन है। इसकी कीमत आज 1 करोड़ रुपए से भी ज्यादा है। अब मैं एक और तालाब में फिश फार्मिंग शुरू करने की प्लानिंग कर रहा हूं।

**मछलियों के लिए तैनात हैं गार्ड**

मेरे इलाके में पानी की काफी कमी है। तालाब में पानी भरने के लिए मैंने तालाब के पास बोरिंग लगवाई। मछली जब बड़ी हो जाती हैं तो चोरी होने का भी डर लगा रहता है। अभी तालाब में 10 लाख की मछलियां हैं। इसलिए तालाब की देखभाल करना जरूरी हो जाता है। इसके लिए मैंने दो गार्ड रखे हैं, जो 24 घंटे इनकी निगरानी करते हैं।

# वैभव गहलोत को फिर मिलेगी पायलट गुट की चुनौती!

जयपुर, 19 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान क्रिकेट संघ के चुनाव में एक बार सीएम गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को पायलट गुट की चुनौती मिल सकती है। पिछली बार पायलट गुट के रामेश्वर डूडी से चुनौती मिली थी। माना जा रहा है कि वैभव गहलोत इस बार भी अध्यक्ष पद के लिए फिर मैदाने में होंगे। राजस्थान क्रिकेट के राजनीति में यह चुनाव काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। राजस्थान क्रिकेट संघ में चुनाव का बिगुल बजने वाला है। मौजूदा समय में आरसीए पर सीएम अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत की अध्यक्षता में चुनी गई कार्यकारणी सत्ता में है। वैभव गहलोत दोबारा चुनाव मैदान में उतरेंगे। राजस्थान क्रिकेट संघ की मौजूदा कार्यकारिणी का कार्यकाल 4 अक्टूबर को पूरा होने जा रहा है। तीन साल पहले 4 अक्टूबर 2019 में वैभव गहलोत ने आरसीए



अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया था। तब उन्होंने रामेश्वर डूडी ग्रुप को चुनाव हराया था। वैभव गहलोत ने आरसीए में विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी को संरक्षक बनाया था।

**वैभव गहलोत की दावेदारी तय मानी जा रही है**

पिछली बार वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामेश्वर डूडी ने वैभव गहलोत के खिलाफ चुनाव लड़ा था। डूडी पायलट गुट के नेता माने जाते हैं। इस बार विधानसभा चुनाव हार गए थे। हालांकि बाद में सीएम गहलोत और रामेश्वर डूडी में सुलह हो गई थी। सीएम गहलोत ने रामेश्वर डूडी को राजनीतिक नियुक्ति भी दी है। आरसीए ने अक्टूबर में होने वाले इन चुनावों को लेकर अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। अध्यक्ष के तौर पर वैभव गहलोत की दावेदारी होना तय माना जा रहा है। मौजूदा कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष अमीन पठान, सचिव महेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष कृष्ण निमावत, संयुक्त सचिव महेन्द्र नाहर और कार्यकारिणी सदस्य देवाराम चौधरी हैं। मौजूदा कार्यकारिणी में से कुछ सदस्यों के दोबारा चुनाव लड़ने पर अभी असंमजस की स्थिति बनी हुई हैं। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस आरएम लोढा समिति की शिफारिशों को लागू किया गया था। लोढा समिति की सिफारिशों के अनुसार राज्य क्रिकेट संघ या बीसीसीआई स्तर के पदाधिकारियों को छह साल के कार्यकाल के बाद तीन साल के ब्रेक से गुजरना होगा।

# पार्किंग में मिला नवजात शिशु

## पीआईसीयू में कराया गया भर्ती

बीकानेर, 19 अगस्त (एजेंसियां)। बीकानेर स्थित पीबीएम के पीडियाट्रिक अस्पताल की पार्किंग में नवजात शिशु मिला है। माना जा रहा है कि महिला जन्म देने के बाद बच्चे को वहां रोते-बिलखता हुआ छोड़कर फरार हो गई। वह डॉक्टरों की देखरेख में और पूरी तरह स्वस्थ्य हैं। डॉक्टरों का कहना है कि जन्म देने वाली महिला की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

पीबीएम के पीडियाट्रिक अस्पताल की पार्किंग के पास एक नवजात शिशु मिलने से सनसनी फैल गई। अस्पताल का सफाई कर्मी चंद्रमोहन पार्किंग की सफाई कर रहा था। तभी अचानक उन्हें बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। आसपास देखने पर उन्हें पिलर के



पास कपड़ों में लिपटा हुआ बच्चा मिला। जिसकी सूचना मिलने पर अस्पताल परिसर की पार्किंग में कर्मियों समेत अन्य लोगों की भीड़ इक्ट्ठा हो गई।

सूचना पर नर्सिंग स्टाफ राकेश प्रजापत भी मौके पर पहुंच गए। राकेश बच्चे को लेकर आईसीयू पहुंचे। यहां बच्ची को प्रारंभिक उपचार देने के बाद पीआईसीयू में भर्ती करवाया। फिलहाल बच्चा पूरी तरह स्वस्थ हैं।

# शिक्षकों की पिटाई से एक छात्र के दांत टूटे, दूसरे के कान का पर्दा फटा, जालोर में छात्र की गई थी जान

उदयपुर, 19 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के उदयपुर जिले के दो अलग-अलग स्कूलों के शिक्षकों ने दो छात्राओं से पिटाई कर दी। शिक्षकों ने बच्चों को इतनी बुरी तरह पीटा कि एक छात्र का दांत टूट गया वहीं दूसरे के कान का पर्दा फट गया है। दोनों बच्चों के परिजनों ने शिक्षकों के खिलाफ थाने में केस दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है। पहला मामला शहर के मउंट लिटटा जी स्कूल का हैं। शांतिनगर हिरणमगरी सेक्टर 3 में रहने वाले भारत नंदावत ने हिरणमगरी थाने में एक केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी अपनी रिपोर्ट में भारत ने बताया कि गुरुवार को उसका 14 साल का बेटा सम्यक स्कूल गया था। वहां हिंदी के शिक्षक कमलेश वैष्णव ने क्लास में बैठे एक अन्य बच्चे से एक सावल पूछा, लेकिन उसका जवाब सम्यक ने दे दिया। इस बात पर शिक्षक नाराज हो गया और उसके बेटे का सिर पकड़कर टेबल पर मार दिया। इससे उसके आगे के दो दांत आधे टूट गए। परिजनों का कहना है कि इस तरह की पिटाई से बच्चे को कोई गंभीर चोट भी लग सकती थी। उनकी शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**बच्चे के कान का पर्दा फटा**

दूसरा मामला शहर के वल्लभनगर कस्बे के महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल का है। यहां 8वीं कक्षा में पढ़ने वाले 14 साल के बच्चे के पिता माधव लाल डांगी ने शिक्षक पर बेहरमी से बेटे की पिटाई करने का आरोप लगाकर थाने में केस दर्ज कराया है। पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि बीते बुधवार को उनका बेटा स्कूल गया था। वह क्लास में बैठकर चिप्स खा रहा था, इस बात पर शिक्षक मुकेश शर्मा नाराज हो गए और उसकी पिटाई कर दी। स्कूल से घर पहुंचे बेटे ने कान में दर्द होने की शिकायत की तो वह बच्चे को अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने बताया कि उसके कान का पर्दा फट गया है।

जालोर जिले के सायला थाना इलाके के सुराणा गांव में नौ साल के इंद्र मेघवाल की शिक्षक की कथित पिटाई से मौत हो गई थी। इंद्र सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में तीसरी कक्षा में पढ़ता था। आरोप है कि 20 जुलाई को बच्चे ने स्कूल में रखे एक मटके से पानी पी लिया था। इस बात पर शिक्षक छैल सिंह ने उसकी पिटाई कर दी थी। 24 दिन चले इलाज के बाद बीते शनिवार को अहमदाबाद इंद्र की मौत हो गई थी।

# डॉ. भीमराव आंबेडकर के बोर्ड पर पोती कालिख, पांच गिरफ्तार

चुरू, 19 अगस्त (एजेंसियां)। चुरू जिले के साजनसर गांव में बाबा भीमराव अंबेडकर के बोर्ड पर कालिख पोतने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अभी इस मामले में नामजद एक अभियुक्त फरार बताया जा रहा है। जिसकी तलाश पुलिस जगह-जगह कर रही है। ग्रामीण बाबूराम ने सरदार शहर थाना में कालिख पोतने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

थाना प्रभारी सतपाल विश्नोई ने बताया कि साजनसर गांव में बाबा भीमराव अंबेडकर के बोर्ड पर कालिख पोती गई थी। बोर्ड पर बाबा भीमराव अंबेडकर की तस्वीर भी लगी हुई है। इस मामले में बाबूलाल पुत्र केसराराम मेघवाल ने 16 अगस्त को मामला दर्ज करवाया था। दर्ज मामले के मुताबिक, असामाजिक तत्वों ने 15 अगस्त की रात माहौल बिगाड़ने और भावनाओं को आहत पहुंचाने के लिए इस घटना को अंजाम दिया है।

# नौकरी का झांसा देकर देवर ने भाभी के साथ किया रेप

जयपुर, 19 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर में देवर और भाभी के रिश्ते को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। आरोप है कि देवर ने कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर भाभी के साथ रेप किया। यहां तक की बेहोशी की हालत में उसकी अश्लील वीडियो बना ली और फोटो खींच लिए। जिन्हें वायरल करने की धमकी देकर कुछ डॉक्यूमेंट्स पर महिला के साइन करा लिए। अब ब्लैकमेल कर रहा है। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर महिला ने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

मालवीय नगर निवासी एक 34 साल की महिला ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार, पास में घर होने की वजह से रिश्ते में लगने वाले देवर का महिला के घर आना-जाना था। आरोपी ने करीब 11 माह पहले भाभी को नौकरी दिलाने का झांसा दिया। महिला को नौकरी की जरुरत थी, लिहाजा वह तैयार हो गई। आरोप है कि देवर उसे बजाज नगर के पास महावीर नगर ले गया। एक मकान में ले जाकर देवर ने उन्हें पीने के लिए कोल्डड्रिंक दी। आरोप है कि कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिला हुआ था। जिसके कुछ ही देर बाद वह बेहोश हो गई। जिसके बाद देवर ने उनके साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया। महिला का आरोप है कि बेहोशी की हालत में ही आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो बनाई। उसके बाद फोटो भी खींच लिए। फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर महिला से डॉक्यूमेंट्स भी साइन करा लिए।

# रिटायर्ड फौजी से 35 लाख की लूट

## 5 लुटेरों ने गन पॉइंट पर की वारदात, बोला-26 साल जो कमाया, सब गया

चिड़ावा , 19 अगस्त (एजेंसियां)। झुंझुनूं के चिड़ावा में गुरुवार देर रात रिटायर्ड फौजी के घर हथियारबंद लुटेरों ने धावा बोल दिया। आरके मार्बल के पास गली में रिटायर्ड फौजी महेंद्र मेघवाल (45) का घर है। लुटेरे घर में घुसे और गन पॉइंट पर जेवर नकदी समेत 35 लाख की लूट को अंजाम देकर फरार हो गए। जाने से पहले फौजी को रस्सियों से बांध दिया। घटना देर रात करीब 1.45 बजे की बताई जा रही है। उस समय महेंद्र घर में अकेले थे। चिड़ावा सीआई इंद्र प्रकाश ने बताया कि महेंद्र मेघवाल का मकान सूरजगढ़ रोड पर चिड़ावा बाइपास रोड से 50 मीटर अंदर है। पीड़ित का कहना है कि वह गुरुवार की रात मकान में अकेला था। रात 1.30 से 1.45 के बीच गैलरी के जाली के गेट को तोड़कर 5 बदमाश घर में घुस आए। सभी की उम्र 25 से 35 साल के बीच थी। पीड़ित महेंद्र मेघवाल 2004 में सेना में हवलदार पद से रिटायर हुए थे। असम के तेजपुर में उनकी आखिरी पोस्टिंग थी।

पांच साल पहले चिड़ावा बाइपास पर मकान बनाकर शिफ्ट हुए थे।उनका कहना है कि 26 साल नौकरी कर जो कमाया, सब चला गया। पीड़ित महेंद्र मेघवाल 2004 में सेना में हवलदार पद से रिटायर हुए थे।

# ग्राहकों को आकर्षित कर रहा है लेपाक्षी फर्नीचर का अत्याधुनिक शोरूम

## नाचाराम स्थित शोरूम में एक छत की नीचे है कई उत्पाद






हैदराबाद, 19 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। लेपाक्षी फर्नीचर, नाचाराम का अत्याधुनिक शोरूम अपने विशिष्ट शैली के बने फर्नीचर के कारण ग्राहकों को आकर्षित कर रहा है। इस शोरूम में एक ही छत के नीचे कई बेहतरीन व गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध हैं। सबसे खास बात यह है कि ग्राहकों के लिए पॉकेट फ्रेंडली है। लेपाक्षी फर्नीचर शोरूम, नाचाराम मुख्य मार्ग पर स्थित 200 फीट की एरिया वाला अत्याधुनिक फर्नीचर शोरूम है। एक छत के नीचे सारे लोगों के जरूरत के उत्पाद उपलब्ध है। शोरूम में विशेष रतन मौसम प्रूफ आउटडोर फर्नीचर, छतों के लिए हटाने योग्य पेर्गोलस, इंटीरियर समाधानों को पूरा करने के लिए विभिन्न डिजाइनों और रंग विकल्पों में घर के अंदरूनी हिस्सों और गार्डेन के अनुरूप विभिन्न प्रकार के सोफा सेट, डाइनिंग टेबल और बेड हैं। इनके उत्पाद रेंज विशाल वाले और पॉकेट फ्रेंडली है। इनकी डिजाइनों को हमारे ग्राहकों द्वारा बहुत सराहा गया है। इसके अलावा इनके पास ऑफिस में उपयोग के लिए फर्नीचर की एक पूरी श्रृंखला है, जिसमें कॉफ्रेस सम्मेलन टेबल, एक्जक्यूटिव चेयर, एमडी चेयर और विभिन्न प्रकार की विशेष प्रकार की ऑफिस टेबल शामिल हैं, यह इसका अंत नहीं है। इन सभी आंतरिक पहलुओं को पूरा करने के अलावा लेपाक्षी नाचाराम के पास एक विशेष है किचन और वार्डरोब की रेंज है। ग्राहकों को कल्पना करने और उनके निर्णय को आसान बनाने के लिए एक विशाल मॉक अप बनाया गया है। इस क्षेत्र में हमें कितनी विशेषज्ञता मिली है, हमारे नए ग्राहक हमसे पूछते हैं, यह समझने के बाद कि यह दशकों से इनका पारिवारिक व्यवसाय है। शोरूम की संचालिका रीता अग्रवाल और शीतला अग्रवाल ने बताया कि पिछले 60 साल से अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। तब से हम बहुत सस्ती कीमतों पर बहुत उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद बनाने पर लगातार काम कर रहे हैं। हमारे डिजाइन अनूठे, आराम, आकार और विशिष्टता को ध्यान में रखकर बनाए जा रहे है। हमें वर्षों से अपने ग्राहकों से लगातार प्रशंसा मिल रही है। हमारे पास से ग्राहक पीढ़ियों से फर्नीचर खरीद रहे हैं और हमारा नाम हमेशा उनकी जुबान पर होता है जब फर्नीचर की बात आती है। इस नए स्टोर लेपाक्षी फर्नीचर और अंदरूनी नाचाराम की विशिष्टता यह है कि यह एक फैक्ट्री आउटलेट है। उत्पाद फैक्ट्री आउटलेट से सीधे ग्राहक को दिया जाता है। हमारी विशाल उत्पाद श्रृंखला से कोई भी ग्राहक निराश नहीं होगा। यह आज तक पूरे तेलंगाना में एक तरह का कारखाना आउटलेट है। यह हर उस व्यक्ति के लिए जरूरी है जो आंतरिक रूप से चाहता है, यह इंटीरियर डिजाइनरों के लिए भी पूरी तरह से खुशी की बात है। हमारे पास न केवल प्रदर्शन पर उत्पादों की एक किस्म है। हम ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार फर्नीचर को भी बनाते हैं। कपड़े, आयाम, पॉलिश, फिनिश और डिजाइन की पसंद पूरी तरह से ग्राहकों की पसंद है। यह अब तक हमें भारत में सबसे बड़ा और सबसे अधिक लागत प्रभावी शोरूम बनाता है।

## एलबी स्टेडियम में वज्रोत्सव समापन समारोह की व्यवस्था की सीएस ने जायजा लिया

हैदराबाद, 19 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्य सचिव सोमेश कुमार ने स्वतंत्रता दिवस हीरक महोत्सव समापन समारोह स्थल एलबी स्टेडियम में आज निरीक्षण किया। 22 अगस्त को दोपहर 3 बजे से शुरू होने वाले इस समापन समारोह में मुख्यमंत्री केसीआर मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ मंत्री भी शामिल होंगे। मुख्य सचिव ने अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए एक विशेष मंच होगा। समापन समारोह में शंकर महादेवन और शिवमणि जैसी हस्तियों द्वारा संगीत प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम में लगभग हजार लोग शामिल होंगे। बैठक में अपर डीजी जितेंद्र, जीएडी सचिव शेषाद्री, पंचायत राज विभाग सचिव संदीप कुमार सुल्तानिया, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त चौहान, डीसीपी, यातायात रंगनाथ, जीएच एमसी आयुक्त लोकेश कुमार, हैदराबाद कलेक्टर अमय कुमार, आरएंडबी इंजीनियर रेड्डी, एमडी, टीएसआईसीसी नरसिम्हा रेड्डी, सूचना निदेशक बी. राजामौली आदि ने भाग लिया।

# श्री गुरु जम्भेश्वर मंदिर में भव्यता से मना जन्माष्टमी पर्व



हैदराबाद, 19 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। श्री गुरु जम्भेश्वर मंदिर, सुभाष नगर, जीडीमेटला में भव्य रूप से जन्माष्टमी पर्व का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर भजन संध्या का आयोजन श्री विश्नोई महासभा-हैदराबाद द्वारा करवाया गया। पंडित गिरधारीलाल एवं सुभाष द्वारा मधुर भक्ति गीतों ने श्रोताओं के झूमने पर मजबूर कर दिया। सुबह 9 बजे श्री गुरु जम्भेश्वर शब्दवाणी के पाठ एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ परंपरागत पवित्र पाहल किया गया एवं समापन से पहले भोजन एवं प्रसादी की व्यवस्था की गई थी। अध्यक्ष सोहनला जाणी ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कोषाध्यक्ष रघुनाथ जाणी ने मंदिर निर्माण का लेखा जोखा प्रस्तुत किया एवं उपाध्यक्ष ओमप्रकाश बोला ने सबका धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह को सफल बनाने में मुल्तान लेगा, तेजाराम लोल ओमप्रकाश लोल, श्रवण कुमार साऊ बाबुलाल साझ, विरदाराम ढाका, राजुराम सारण, जगडीरा सारण, मोहनलाल ईशरवाल, जीवराज जाणी, हापुराम सियाक, राजुराम नैण, शैतानसिंह एडवोकेट, हीरालल लोल, राजुराम ढाका, जयकिशन जाजू, हनुमान गोदारा और समस्त बिश्नोई समाज के लोगों ने बड-चढकर भाग लिया।

# प्रजापति समाज का सम्मान समारोह कार्यक्रम सम्पन्न



हैदराबाद, 19 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कांटेदान स्थित श्री श्रीयादेमाता मंदिर सभा भवन में प्रजापति समाज ट्रस्ट समाज बन्धुओं द्वारा आगामी कार्यकाल के लिए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व एरिया सदस्यों का स्वागत-समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवनिर्वाचित प्रचार मंत्री किशोरकुमार रांवरिया ने बताया कि नवनिर्वाचित पदाधिकारी चेयरमैन पप्पुलाल रांवरिया, अध्यक्ष तेजाराम बेतेडिया, उपाध्यक्ष किशोरकुमार बाबरिया, कोषाध्यक्ष रमेशकुमार झुझंडिया, सचिव धर्मीचन्द बाबरिया, प्रचारमंत्री किशोरकुमार रावंरिया, सलाहकार एवं विभिन्न क्षेत्रों से चुने गये एरिया मेम्बरों का समाज बन्धुओं व कार्यक्रम मे पधारे विभिन्न समाजों के पदाधिकारीयों द्वारा पुष्प-माला व राजस्थानी साफे से विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम मे विभिन्न समाजों के प्रमुखरुप से अखिल भारतीय आर्दश जाट महासभा भोनगिरी जिलाध्यक्ष सतपाल ढाढिया, उपाध्यक्ष गोविन्द सांगुण, जाट एकता मंच प्रदेशाध्यक्ष धर्माराम ढाका, भागीरथसिंह राठौड़, कुमावत समाज ट्रस्ट अध्यक्ष भाकरराम लारणा, बाबुलाल मानणीया, दीपाराम दुबलदिया, शंकरलाल मोटावत व बहुत से समाज बन्धु उपस्थित रहे। पधारे समाज बन्धुओं व अतिथियों के लिए भोजन-प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी। चेयरमैन पप्पुलाल रावंरिया व अध्यक्ष तेजाराम बेतेडिया ने समाज बन्धुओं द्वारा किये गये सम्मान समारोह व कार्यक्रम मे पधारे विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों का तहदिल से आभार प्रकट किया। कार्यक्रम व सभा का संचालन अमरचन्द हाँटवा ने किया। सचिव धर्मीचन्द बाबरिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



भैंसा सरस्वती शिशु मंदिर में कृष्णा जन्माष्टमी उत्सव मनाते नन्हें-मुन्ने।



जन्माष्टमी पर कोलसाबाड़ी, बेगमबाजार स्थित श्री जेताराम रामनाथ आश्रम में पूजा-अर्चना करते हुए ए. गौतम जैन, पी. राजेंद्र यादव, गजानंद चौधरी, रघुनंदन गोप व अन्य।

# बाबा रामदेवजी के जन्मोत्सव पर भव्य कलश एवं ध्वज यात्रा 28 को

## सिद्दिअम्बर बाजार से रामदेवरा दरबार, शिवरामपल्ली तक भव्य कलश यात्रा

हैदराबाद, 19 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बाबा रामदेवजी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार, 28 अगस्त को सुबह 7.21 बजे बाहेती भवन सिद्दिअम्बर बाजार से रामदेवरा दरबार, शिवरामपल्ली तक भव्य कलश एवं ध्वजा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। इसमें हजारों भक्तों के सम्मिलित होने की संभावना है।

तेलंगाना एवं आन्ध्र प्रदेश से हजारों महिलाओं के इसमें भाग लेने की संभावना के मद्देनजर आवश्यक व्यवस्थाएँ की जाएँगी। भाग लेने के इच्छुक महिलाओं को निर्धारित शुल्क देकर पंजीकरण करवाना होगा। उन्हें पावन जल से युक्त ताम्रपात्र का कलश धारण करने के लिए दिया जायेगा तथा राजस्थानी छटा वाली साड़ी दी जायेगी। यात्रा के समापन के पश्चात रामदेवजी के रजत-पत्र पर अंकित पगलिए (चरण पाद) भी प्रदान किए जाएँगे। सभी कलशों के जल को रामदेवरा दरबार, शिवरामपल्ली में एकत्रित किया जायेगा, जो दूज के दिन बाबा के जलाभिषेक में उपयोग किया जायेगा। इस संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

आज यहाँ कार्यक्रम के मुख्य संयोजक धर्माराम ढाका जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कलश यात्रा पैदल मार्ग से होगी। साथ ही वाहनों की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी। गोशामहल, बेगम बाजार, सिटी कॉलेज, कबूतरखाना, बहादुरपुरा से होते हुए यात्रा का का कार्य प्रारंभ कर दिया है। शिवरामपल्ली पर समापन होगा। यात्रा मार्ग में अल्पाहार, पेयजल तथा शिवरामपल्ली में भंडारे की व्यवस्था की जायेगी। इसे भव्य बनाने के लिए झाँकियाँ, भजन प्रस्तुति, बैंडबाजा आदि को समाहित किया जायेगा। प्रधान संयोजिका संगीता भूतड़ा के साथ विभिन्न संयोजिकाओं का मनोनयन किया गया है। इसमें मीना कासलीवाल (आबिड्स), हेमलता शर्मा (ज्ञानबाग), शोभा डागा (कोठी), इन्द्रा बजाज (अमीरपेट), दुर्गा मून्दड़ा (कबूतरखाना), अरुणा त्रिवेदी (अत्तापुर), कला दरक (दारूशिफा), विजयकांता असावा (रामकोट), प्रमिला गिलड़ा (अत्तापुर), सीमा ईन्नानी (सिकन्दराबाद), विजया बंग (नई बस्ती), मीना खटोड़ (बेगम बाजार), सरोज अग्रवाल (घाँसी बाजार), सुशीला वैष्णव (शिवरामपल्ली), शारदा बाई मुंदीयाड़ा (शिवरामपल्ली), संतोष बल्दवा (मंचीरियाल), पूजा सारड़ा (बेलापुरा), मोनिका सोमानी (दिलसुखनगर), सारिका चितलांगी ( नल्लाबुटा), संतोष शर्मा (कबूतरखाना), अल्का सांखला (बेगम बाजार), बबीता राठी (बेगम बाजार), टीना शर्मा (शिवरामपल्ली), मीना सारड़ा (कुतबीगुड़ा), सविता द्विवेदी (काटेदान), गली देवी ढाका (शिवरामपल्ली), विष्णुकांता लोया (सिरपुर कागजनगर), सरोज लोया (पेद्दापल्ली), कविता सोनी (सिद्दिपेट), पिंकी देवी डाडिया (शिवरामपल्ली), सीता बाई रेनवाल (शिवरामपल्ली), ममता भराड़िया (कुक्कटपल्ली), सरिता सोनी (कुक्कटपल्ली), सरला मून्दड़ा (करीमनगर), उमा बोहरा (फीलखाना), सुमीता वर्मा (मलकपेट), बीना लड्डा (शमशेरगंज) सुनीता हेडा (शमशेरगंज), चंदा सो (वरंगल), सावित्री लड्डा (शादनगर ) ललिता मारू (बेल्लमपल्ली), अन्नपूर्ण राठी (घोड़े की कबर) ने पंजीकरण का कार्य प्रारंभ किया है।

सभी व्यवस्थाओं को प्रभावी रूप से सम्पन्न कराने हेतु प्रधान संयोजक कमलकिशोर जाजू, धरमचन्द भंसाली दिनेश सिंग्नोड़िया, राजकुमार अग्रवाल, सुरेश महाराज, बनवारी महाराज, अनिल महाराज को मनोनीत किया गया। मुख्य अतिथि प्रकाश गौड़ (विधायक राजेन्द्रनगर), मुख्य यजमान नरेन्द्र कुमार गोयल (समाजसेवी) विशेष अतिथि राजेश अग्रवाल (निदेशक अग्रसेन बैंक), अमृतकुमार जैन (समाजसेवी), सत्यनारायण भांगड़िया (समाजसेवी), अशोक शेरमल बोहरा (समाजसेवी), दिनेश सिंह राजपुरोहित (समाजसेवी) की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन हेतु किशन चौधरी (एसएसपी), दोलाराम कड़वा, हनुतराम खोकर, धर्माराम ढाका, सुरेश ताजपुरिया, जगदीश अग्रवाल, यस. वेंकटेश, विमल डालिया, विठ्ठल अट्टल, ओमप्रकाश शर्मा, निलेश शर्मा, गड्डी चन्द्रशेखर, कमलेश बाफना, कलम बजाज, दिनेश तोषनीवाल, श्यामसुन्दर परतानी, निर्मल कोठारी, राजकुमार लड्डा ने आग्रह स्वीकार किया है। रामदेव दरबार शिवरामपल्ली मंदिर ट्रस्ट के चेयरमैन श्यामसुन्दर गिलड़ा (श्री रामदेव कीर्तन संगम मंदिर ट्रस्ट) तथा कार्यकारी अधिकारी वी. मोहन राव सेवा प्रदान करेंगे। मारवाड़ी युवा संगठन (हैदराबाद सिकन्दराबाद) को सहयोगी संस्था के रूप में जोड़ा गया है। अल्पाहार की सेवा जय श्री श्याम मित्र मण्डल, लंगर हाउस द्वारा की जायेगी। सभी से कलश ध्वजा यात्रा में भाग लेने का आग्रह किया गया है।



श्री श्रीयाद प्रजापत समाज काटेदान की नयी कार्यकारिणी गठित होने पर आयोजित सम्मान समारोह में समाज के सभी पदाधिकारी सदस्यों का सम्मान करते हुए जाट समाज के हणुतराम खोखर, धर्माराम ढाका, चिमनाराम मुंदियाडा, सतपाल ढाडीया, गोविंद सांगुण, दोलाराम कड़वा। साथ में हैं भागीरथ सिंह राठोड़ व अन्य।



श्री स्वामीनारायण गुरुकुल बीदर शाखा में शुक्रवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का महोत्सव संपन्न किया गया है। इस शुभ अवसर पर पाठशाला के विद्यार्थी बालकृष्ण के वेष धारण से नृत्य गान का प्रदर्शन किया है।



श्री वेंकटेश्वर वेदांतवर्धिनी संस्कृत महाविद्यालय, टीटीडी में जन्माष्टमी पर सभी विद्यार्थियों ने बड़ी श्रद्धा के साथ भगवान कृष्ण की पूजा की और शाम को महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रभाकर शर्मा, हरीश कुमार, पवन कुमार और पूर्व छात्र साईं फणींद्र, रामकृष्ण, रवि, नारायणस्वामी, वामसी विजय आदि ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।



बजरंग सेना तेलंगाना टीम ने प्रजा संग्राम यात्रा में भाग लिया और श्री बंदी संजय गारू सांसद और भाजपा तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष, एन आर लक्ष्मण राव मीडिया प्रभारी शिव प्रसाद अध्यक्ष सूर्य शुक्ला शहर सचिव प्रवीण दुबे और अन्य को सम्मानित किया।



अग्रणी महिला मंच द्वारा आयोजित श्री कृष्ण जन्मोत्सव में भाग लती हुईं मंच की अध्यक्ष सुमन भुवानिया, बबिता गर्ग, रितु गर्ग, वंदना पंचारिया, मीनाक्षी अग्रवाल, रीता अग्रवाल, संगीता जाजोदिया, अन्नू अग्रवाल, सुधीक्षा गर्ग, समीक्षा गोयल व अन्य।



कांटेदान स्थित कुमावत समाज ट्रस्ट हैदराबाद के नवनिर्माणाधीन श्रीराधा-कृष्णा मंदिर व भवन के कार्यों का निरीक्षण करते हुए अध्यक्ष भाकरराम लारणा, बाबूलाल मानणीया, दीपाराम दुबलदिया, शंकरलाल मोटावत, भीयाराम मानणीया व अन्य।



श्री राजपुरोहित आत्मानंदजी शिक्षा सेवा समिति, हैदराबाद-सिकंदराबाद द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थियों सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि कर्नल गोपाल सिंह राजपुरोहित आसोतरा व डॉ विजय कुमार पुरोहित, मुख्य भामाशाह महेंद्र सिंह, भरतसिंह, सुमित सिंह, राजपुरोहित समाज हैदराबाद सिकेन्दाबाद के अध्यक्ष जोगसिंह सांथु, सहयोगकर्ता सुरेश कुमार व अन्य।

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग

### 'मैं भी सेना ...

लेकिन मेरे पिता का निधन हो जाने व अन्य पारिवारिक समस्याओं के कारण मैं सेना में शामिल नहीं हो पाया। उन्होंने कहा, यदि आप किसी बच्चे को सेना की वर्दी देते हैं, तो आप देखेंगे कि उसका व्यक्तित्व ही बदल जाता है। इस वर्दी में कुछ बात है। इस दौरान भारतीय सेना के प्रमुख जनरल मनोज पांडे भी मौजूद रहे।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय मणिपुर दौरे पर हैं। गुरुवार को उन्होंने खुमान लम्पक स्टेडियम के 131वें डूरंड कप के मणिपुर चैप्टर का उद्घाटन किया। आज रक्षामंत्री ने मुख्यमंत्री बीरेन सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की।इस मुलाकात मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने ट्वीट किया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त करना एक परम खुशी की बात है। उनके निरंतर समर्थन के लिए बहुत आभारी हूं।

### जम्मू-कश्मीर में ...

इस बीच, नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने 22 अगस्त को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इसमें आगे की रणनीति तय होगी।

जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के सज्जाद लोन ने कहा कि यह खतरनाक है। मुझे नहीं पता कि वे क्या हासिल करना चाहते हैं। 1987 को याद करें। हम अभी तक इससे बाहर नहीं आए हैं। 1987 को न दोहराएं।

दूसरी तरफ, पूर्व मंत्री और अपनी पार्टी के नेता जीएच मीर ने कहा, अगर मतदाता अधिकार कानून दूसरे राज्यों में लागू होता है तो जम्मू-कश्मीर में भी लागू होगा। यदि इसे केवल जम्मू-कश्मीर में लागू किया जा रहा है, तो हम इसके खिलाफ लड़ेंगे। हालांकि अन्य नेताओं का कहना है कि नए मतदाता जोड़ने के मुद्दे को विपक्षी पार्टियां हौवा बना रही हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर की जनता ने भी इस फैसले का बचाव किया है।

### क्या दिसंबर तक ...

कर्नाटक और मध्य प्रदेश में जब सरकारें बदलीं तब इस तरह का कदम विधायकों ने उठाया था। इन दोनों राज्यों में सत्ताधारी गठबंधन के पास इतना बड़ा बहुमत नहीं था जितना ममता के पास है। कर्नाटक में जहां 13 विधायकों के इस्तीफे से समीकरण बदल गए थे। वहीं, मध्य प्रदेश में 22 विधायकों के इस्तीफे के चलते कमलनाथ सरकार गिर गई थी।

बंगाल में अगर विधायकों के इस्तीफे से सरकार बदलने की कोशिश होती है तो बहुत बड़ी संख्या में विधायकों को इस्तीफा देना पड़ेगा। विधायकों के इस्तीफे के बाद भाजपा अपने दम पर सरकार बनाने की स्थिति में तभी आएगी जब सदन में सदस्य संख्या 139 हो जाए। यानी, टीएमसी के 154 विधायक इस्तीफा दे दें। इतनी बड़ी संख्या में विधायकों का इस्तीफा देना काफी मुश्किल लगता है।

# बाबर ने जमाई अर्धशतकों की हैट्रिक

## पाकिस्तान दूसरे वनडे में 7 विकेट से जीता

### 9 मैचों में 8वां अर्धशतक जमाया, इनमें से 4 शतक



रॉटरडैम, 19 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम इस समय कमाल के फार्म में चल रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को नीदरलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मुकाबले में 57 रन बनाए। उनकी इस पारी से पाकिस्तान ने 7 विकेट की जीत हासिल कर ली है। उसने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। सीरीज का आखिरी मुकाबला 21 अगस्त को खेला जाएगा।

रॉटरडैम में पाकिस्तान ने पहले तो नीदरलैंड को 44.1 ओवर में महज 186 रनों के साधारण से स्कोर पर चलता कर दिया। उसके बाद जीत के लिए जरूरी रन 33.4 ओवर में तीन विकेट पर बना डाले। बाबर आजम ने पिछले 9 वनडे मैचों में 8वीं फिफ्टी जमाई है। इनमें से 4 शतक में तब्दील हुई हैं। वे पिछले 16 मैचों में से 14 में अर्धशतक जमा चुके हैं। बाबर ने अपनी पारी में 65 गेंदों पर 7 चौकों की मदद से 57 रन बनाए।

**रऊफ-नवाज ने तोड़ी नीदरलैंड की कमर**

मेजबान टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी, लेकिन, पाकिस्तानी गेंदबाज हारिस रऊफ और मोहम्मद नवाज (दोनों को तीन-तीन विकेट) ने इसे गलत साबित कर दिया। टीम के टॉप-3 बल्लेबाज महज 8 रन पर आउट हो गए। इसके बाद बास डी लीड (89) और टॉम कूपर (66) ने चौथे विकेट के लिए 109 रनों की साझेदारी कर टीम को संभाला। नवाज ने 117 के स्कोर पर इस साझेदारी को तोड़ा। यहां कूपर आउट हुए। फिर देखते ही देखते पूरी टीम पवेलियन लौट गई।

**11 रन पर पाक ओपनर्स लौटे**

फखर जमान 3 और इमाम उल हक 6 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए। पाकिस्तान ने 11 रन पर दोनों ओपनर खो दिए थे। कप्तान बाबर आजम ने मोहम्मद रिजवान के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 88 रनों की साझेदारी की।

बाबर के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए आगा सलमान ने रिजवान का अंत तक साथ दिया और टीम को जीत दिलाई। रिजवान ने 69, तो सलमान ने 35 गेंदों पर 50 रनों की नाबाद पारी खेली।




# एनबीए इतिहास के सबसे महंगे बास्केटबाल खिलाड़ी बने जेम्स

## लेकर्स ने 773 करोड़ रुपये में खरीदा

लॉस एंजेलस, 19 अगस्त (एजेंसियां)। दिग्गज लीब्रॉन जेम्स एनबीए इतिहास के सबसे महंगे बास्केटबॉल खिलाड़ी बन गए हैं। लॉस एंजेल्स लेकर्स ने अगले दो वर्ष 2024-25 केलिए उनके साथ 773 करोड़ रुपये (97.1 मिलियन डॉलर) का करार किया है। किंग जेम्स के नाम से विख्यात लीब्रॉन अभी भी लेकर्स के साथ जुड़े हैं और चार साल पहले हुए उनके करार का यह अंतिम वर्ष है।

**इस सत्र में जेम्स को मिलेंगे 371 करोड़**



क्लच स्पोट्र्स के सीईओ रिच पॉल के अनुसार जेम्स जुलाई, 2018 में लेकर्स के साथ जुड़े थे। नए करार के साथ यह तय हो गया है कि 18 बार के ऑल स्टार इस खिलाड़ी को इस सत्र में चोटिल नहीं होने पर 371 करोड़ रुपये (46.7 मिलियन डॉलर) मिलेंगे। उम्मीद यह की जा रही है कि जेम्स इन सर्दियों में एनबीए के इतिहास में सबसे ज्यादा स्कोरिंग करने वाले करीम अब्दुल जब्बार को पीछे छोड़ देंगे। वह स्कोरिंग के मामले में अभी दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। लेकर्स के साथ चार सत्रों में से तीन में ज्यादातर समय जेम्स चोटिल ही रहे हैं। 2019-20 के सत्र में जेम्स पूरी तरह फिट थे। तब लेकर्स ने उस दौरान एनबीए का अपना 17वां खिताब जीता था।

**बेटे के साथ एनबीए खेलने की इच्छा**

37 वर्षीय जेम्स का बड़ा बेटा ब्रॉनी 17 साल का है और बास्केटबॉल खेलता है। जेम्स यह पहले कह चुके हैं कि वह अपने बेटे के साथ एक ही टीम में एनबीए में खेलना चाहते हैं। उनका बेटा अभी कॉलेज स्तर पर बॉस्केटबॉल खेलता है।

# यूईएफए चैंपियंस लीग

## महिला फुटबॉलर मनीषा कल्याण ने रचा इतिहास ऐसा करने वाली भारत की पहली खिलाड़ी बनीं

नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसियां)। भारत की 20 वर्षीय महिला फुटबॉल खिलाड़ी मनीषा कल्याण ने इतिहास रच दिया है। वह यूएफा महिला चैंपियंस लीग में खेलने वालीं देश की पहली महिला खिलाड़ी बन



गई हैं। मनीषा ने ऐसा माकरियो स्टेडियम में अपोलन लेडीज एफसी के लिए खेलते हुए किया। मनीषा भारत की स्टार फुटबॉलर्स में से एक हैं। पिछले एक साल में उन्होंने कई कमाल किए हैं।

दरअसल, महिला चैंपियंस लीग में गुरुवार को अपोलन का मुकाबला लातवियन क्लब रिगास एफसी से हुआ। इस क्वालिफाइंग मैच में मनीषा को 60वें मिनट में सिपरस की मारिलने जॉर्जिया की जगह सब्सिटियूट के तौर पर खेलने का मौका मिला। अपोलन ने इस मैच में रिगास को 3-0 से हरा दिया। हालांकि, मनीषा कोई गोल नहीं कर पाईं, लेकिन उन्होंने इस यूरोपिय लीग में मैदान पर उतरकर ही इतिहास रच दिया है।

मनीषा किसी विदेशी लीग में खेलने वाली भारत की चौथी खिलाड़ी हैं। मनीषा ने भारतीय महिला लीग में गोकुलम केरल के लिए शानदार प्रदर्शन किया था। इसके साथ ही भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम में भी उनका प्रदर्शन बेहतरीन रहा था। इसी को देखते हुए ही उन्हें इस लीग के लिए चुना गया था।

इंडियन विमेंस फुटबॉल (आईडब्ल्यूएल) लीग के पिछले सीजन में मनीषा 'प्लेयर ऑफ द सीजन' भी रही थीं। उस टूर्नामेंट में मनीषा ने कुल 14 गोल किए थे। मनीषा की बदौलत गोकुलम केरल ने पहला आईडब्ल्यूएल खिताब भी जीता था। इसके अलावा मनीषा को इसी साल एआईएफएफ महिला 'फुटबॉलर ऑफ द इयर' भी चुना गया था। साल 2021 में मनीषा 'इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द इयर' भी बनी थीं। नवंबर 2021 में मनीषा भारत के लिए खेलते हुए ब्राजील के खिलाफ दोस्ताना मैच खेलने उतरी थीं। इसी मैच में मनीषा के करियर को बदल कर रख दिया था। 20 साल की विंगर मनीषा ने ब्राजीलियन डिफेंस को चीरते हुए गोल दागा था। वह सीनियर फुटबॉल में ब्राजील के खिलाफ गोल दागने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर बनी थीं।

# वेस्टर्न और सदर्न ओपन

## छह हफ्ते बाद वापसी करने वाले नडाल दूसरे दौर में बाहर, ब्रिटेन के मरे भी हारे



मैसन, 19 अगस्त (एजेंसियां)। छह हफ्ते बाद टेनिस कोर्ट पर वापसी कर रहे 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्पेन के राफेल नडाल को क्रोएशिया के बोरना कोरिक ने वेस्टर्न एंड साउदर्न ओपन में दूसरे दौर में 7-6, 4-6, 6-3 से हराकर बाहर कर दिया। लंबे समय बाद कंधे की चोट से उबरकर मार्च में लौटे कोरिक की यह टूर पर पांचवीं जीत है।

दूसरी वरीय और दुनिया में तीसरे नंबर के नडाल छह जुलाई के बाद पहला मैच खेल रहे थे। पेट में दर्द की वजह से वह विंबलडन के सेमीफाइनल में निक किर्गियोस के खिलाफ मुकाबले से हट गए थे। वह इस महीने के अंत में होने वाले यूएस ओपन की तैयारियों के लिए इस टूर्नामेंट में उतरे थे। पिछली चोट का कोई असर 36 साल के खिलाड़ी के खेल में नहीं दिख रहा था। उन्होंने एक सर्विस 121 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से फेंकी। यह मैच दो घंटे 51 मिनट चला। मैच के दौरान हालांकि एक घंटे और 25 मिनट की बाधा भी आई थी।

**वाइल्ड कार्डधारी शेल्डन ने रूड को हराया**

इसके अलावा 11वीं रैंकिंग के कैमरून नोरी ने तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन एंडी मरे को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। टेलर फ्रिट्ज ने विंबलडन के फाइनल में पहुंचने वाले निक किर्गियोस को 6-3, 6-2 से हराया। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले 19 साल के बेन शेल्डन ने पांचवीं रैंकिंग के कैस्पर रूड को हराया। शेल्डन 21 वर्ष में शीर्ष पांच में शामिल किसी प्रतिद्वंद्वी को हराने वाले पहले अमेरिकी हो गए। इससे पहले एंडी रोडिक ने 2001 में गुस्तावो कुएर्तन को हराया था।

**रादूकानू ने अजारेंका को हराया**

महिला वर्ग में 19 साल की यूएस ओपन चैंपियन ब्रिटेन की एमा रादूकानू ने बेलारूस की विक्टोरिया अजारेंका को 6-0, 6-2 से हराया। रादूकानू ने इससे पहले सेरेना विलियम्स के खिलाफ पहले दस और 13वीं वरीयता की अजारेंका के खिलाफ सात अंक लिए। अब रादूकानू का मुकाबला दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी जेसिका पेगुला के खिलाफ होगा। पिछले हफ्ते टोरंटो में खिताब जीतने वाली छठी रैंकिंग की सिमोना हालेप जांघ में चोट के कारण हट गईं।

# एफटीएक्स क्रिप्टो कप

## 17 साल के प्रगनाननंदा ने नीमन को हराया, लगातार तीसरी जीत



मियामी, 19 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रगनाननंदा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एफटीएक्स क्रिप्टो कप के तीसरे दौर में हैंस नीमन को 2.5-1.5 से हराकर अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की। यह 17 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन के साथ सूची में शीर्ष पर बना हुआ है। इन दोनों के समान नौ अंक हैं। कार्लसन ने एक अन्य मुकाबले में लेवोन आरोनियन को 2.5-1.5 से हराया। प्रगनाननंदा ने पहली बाजी गंवाने के बाद शानदार वापसी की तथा दूसरी और चौथी बाजी में जीत हासिल करके तीन अंक हासिल किए। तीसरी बाजी ड्रॉ रही थी।

दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी अलीरेजा फिरोजा पर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करने वाले प्रगनाननंदा ने दूसरे दौर में अनीश गिरी को हराया था। तीसरे दौर के अन्य मुकाबलों में फिरोजा ने गिरी को टाई ब्रेकर में 4-3 से हराया जबकि चीन के क्वांग लीम ले ने पोलैंड के यान क्त्रिस्ज़िस्तोफ़ डूडा को 2.5-1.5 से पराजित किया। आरोनियन और फिरोजा के पांच-पांच अंक हैं तथा वे कार्लसन और प्रगनाननंदा से पीछे हैं। डूडा के चार अंक हैं।

# लॉर्ड्स में स्टुअर्ट ब्रॉड का कमाल

## इस ग्राउंड पर 100 टेस्ट विकेट पूरे किए, एंडरसन के बाद यह कारनामा करने वाले दूसरे गेंदबाज

लंदन, 19 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने लॉर्ड्स में टेस्ट विकेटों का शतक पूरा कर लिया है। वे इस मैदान पर ऐसा करने वाले दुनिया के दूसरे गेंदबाज बन हैं। वेटरन गेंदबाज ने इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के बीच खेले जा रहे मुकाबले के दूसरे दिन विकेटकीपर बल्लेबाज काइल वेरेने को आउट करने के बाद यह उपलब्धि हासिल की। उनसे पहले इंग्लिश जेम्स एंडरसन ही यह उपलब्धि हासिल कर पाए हैं।

**एक मैदान पर 100 विकेट लेने वाले दुनिया के चौथे गेंदबाज**

वेरेने के विकेट के साथ ही ब्रॉड मुथैया मुरलीधरन जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो गए। मुरलीधरन भी एक मैदान पर 100 विकेट ले चुके हैं। ब्रॉड ऐसा करने वाले दुनिया के चौथे गेंदबाज बने हैं। रंगना हेराथ गॉल में यह कारनामा कर चुके हैं।

**मुरलीधरन 3 ग्राउंड्स पर ऐसा कर चुके हैं**

टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक 800 विकेट चटकाने वाले मुरलीधरन ने तीन मैदानों पर 100 टेस्ट विकेट लेने का कारनामा किया है। इस श्रीलंकाई दिग्गज ने गॉल, कैंडी और कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड में 100 या उससे अधिक विकेट चटकाए हैं।

**साउथ अफ्रीका ने 124 की बढ़त बनाई**

3 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 124 रनों की बढ़त बना ली है। उसने पहली पारी में 7 विकेट पर 289 रन बना लिए हैं। कप्तान डीन एल्गर ने 47 और सारेल एरवी 73 रनों की पारियां खेलीं। मारको जानसन ने 41 रन बनाए।

# काउंटी क्रिकेट खेलेंगे सिराज

## वारविकशर के लिए खेलने वाले दूसरे भारतीय; टीम ने आखिरी 3 मैचों के लिए बुलाया



लंदन, 19 अगस्त (एजेंसियां)। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज इंग्लिश काउंटी चैम्पियनशिप में खेलेंगे। वे सितंबर में वारविकशर के लिए के सीजन के आखिरी के 3 मुकाबलों में खेलते हुए नजर आएंगे।

सिराज इस सत्र में वारविकशर की ओर से खेलने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे पहले कृणाल पंड्या ने रॉयल लंदन कप वनडे चैम्पियनशिप के लिए क्लब से करार किया था।

28 साल के हैदराबादी गेंदबाज वर्तमान में जिम्बाब्वे में वनडे सीरीज खेल रही टीम इंडिया का हिस्सा हैं। सिराज ने पहले मैच में 8 ओवर फेंके और दो मेडल के साथ 36 रन देकर एक विकेट हासिल किया।

काउंटी क्लब ने एक बयान में कहा- 'वारविकशर काउंटी क्रिकेट क्लब ने भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज से काउंटी चैम्पियनशिप सत्र के अंतिम तीन मैचों के लिये करार किया है। वे 12 सितंबर को सॉमरसेट के खिलाफ घरेलू मुकाबले से पहले एजबेस्टन में पहुंच जाएंगे।'

**टीम इंडिया 10 विकेट से जीती**

टीम इंडिया ने मेजबान जिम्बाब्वे को आसानी से 10 विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। सीरीज का दूसरा मैच 20 अगस्त और आखिरी मुकाबला 22 अगस्त को खेला जाएगा।

**एजबेस्टन टेस्ट में इंग्लैंड को दिए थे 4 झटके**

दाएं हाथ के इस गेंदबाज ने जुलाई में एजबेस्टन में भारत-इंग्लैंड के बीच पांचवें और अंतिम टेस्ट की पहली पारी में 66 रन देकर चार विकेट झटके थे। उन्होंने तीन वनडे मैचों में छह विकेट चटकाए थे।

**इंग्लैंड में खेलने में हमेशा मजा आया**

टीम से करार को लेकर सिराज ने कहा, 'मैं वारविकशर (बीयर्स टीम) से जुड़ने के लिये बेताब हूं। मुझे हमेशा भारतीय टीम के साथ इंग्लैंड में खेलने में मजा आया है और मैं काउंटी क्रिकेट का अनुभव हासिल करने के लिए उत्साहित हूं। एजबेस्टन विश्व स्तरीय स्टेडियम है और इस साल टेस्ट के लिये वहां जो माहौल था, वो काफी विशेष था। मैं सितंबर में खेलने के लिए उत्साहित हूं और उम्मीद करता हूं कि टीम को सत्र का समापन अच्छी तरह करने में मदद करूंगा।'

# क्रिकेट में सबसे ज्यादा खेला जा रहा सबसे छोटा फॉर्मेट

मुंबई, 19 अगस्त (एजेंसियां)। टी-20 अब क्रिकेट में सबसे ज्यादा खेला जाने वाला फॉर्मेट बन गया है, जबकि वनडे मैच कम हुए हैं। वहीं, टेस्ट में ज्यादा अंतर नहीं आया है। पिछले 3 साल में 908 मैच खेले गए हैं। इनमें से 641 उन टीमों ने खेले हैं जो टॉप-10 रैंकिंग में नहीं हैं। यह बातें सामने आई हैं भास्कर रिसर्च में। हमने वनडे वर्ल्ड कप के अगले तीन सालों के मैचों की संख्या का एनालिसिस किया। हमने पाया कि 2007 वर्ल्ड कप के बाद से टी-20 इंटरनेशनल की संख्या लगातार बढ़ी है, जबकि उसी साल खेले गए वनडे वर्ल्ड कप के बाद से इस फॉर्मेट के मुकाबले कम हुए हैं। बता दें कि 2007 वर्ल्ड कप से ही टी-20 फॉर्मेट को लोकप्रियता मिली है।

आंकड़ों पर गौर करें तो पता चलता है कि टी20 आने के बाद टीमें पहले की तुलना में 50-60 वनडे कम खेल रही हैं। आमतौर पर किसी भी वर्ल्ड कप के अगले तीन सालों में औसतन 322 वनडे मैच खेले जाते थे। लेकिन,



1382 खिलाड़ियों ने टी-20 डेब्यू किया है पिछले 3 साल में

2019 वर्ल्ड कप फाइनल के बाद अगले तीन सालों में सिर्फ 142 वनडे ही खेले गए।

2019 के वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचने वाली न्यूजीलैंड ने इस दौरान सिर्फ 13 वनडे ही खेले। इस बीच टीम ने चार गुना ज्यादा टी20 मैच खेले, जबकि पिछले वर्ल्ड कप से अब तक 120 टेस्ट मुकाबले हो चुके हैं, जो पहले 134 होते थे।

हाल ही में इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने टी20 और टेस्ट को तरजीह देते हुए वनडे से संन्यास का ऐलान कर दिया था। ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा ने इस फॉर्मेट को उबाऊ बताया। इंग्लैंड के मोइन अली ने कहा कि आने वाले दो सालों में या तो खिलाड़ी टेस्ट खेलना पसंद करेंगे या टी20, कोई भी वनडे नहीं खेलना चाहेगा।

# सत्ता में आने के बाद घुमंतू जनजातियों की समस्याओं का होगा समाधान : संजय

## भाजपा अध्यक्ष गांव की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर घुटने तक गहरे पानी से गुजरे



हैदराबाद, अगस्त 19 (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य में खानाबदोश जनजातियों के साथ घोर अन्याय करने का टीआरएस सरकार पर आरोप लगाते हुए, राज्य भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय कुमार ने समाज के सभी कमजोर वर्गों से मुख्यमंत्री केसीआर के निरंकुश शासन को समाप्त करने का आह्वान किया। चितकोडुरु गांव में विभिन्न खानाबदोश जनजातियों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करते हुए संजय ने आरोप लगाया कि केसीआर सरकार इन जनजातियों को किसी भी कल्याणकारी योजना का लाभ नहीं दे रही है। खानाबदोश जनजाति के प्रतिनिधियों ने भाजपा अध्यक्ष से कहा कि उनके पास अपने बच्चों को स्कूल स्तर तक शिक्षित करने के लिए कोई वित्तीय स्थिति नहीं है, उन्हें उच्च शिक्षा प्रदान करना भूल जाना है। पिछले 200 वर्षों से अपना हक पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अंग्रेज हमारे साथ लुटेरों जैसा व्यवहार करते थे और आज भी हमें नीची दृष्टि से देखा जाता है। तेलंगाना राज्य बनने के बाद भी हमारी किस्मत नहीं बदली है। हमें राज्य या केंद्र से किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। हम चूड़ियाँ, मनके और टोकरियाँ बेचकर गाँव-गाँव में जी रहे हैं। संजय ने कहा कि तेलंगाना में खानाबदोश जनजातियों की कुल आबादी लगभग 30 लाख है। कुछ राज्यों में ये जनजातियां अनुसूचित जनजाति में शामिल है। उन्होंने याद दिलाया कि उत्तर प्रदेश में, उन्हें सरकार से बहुत अधिक वित्तीय सहायता दी गई थी और इसलिए, उन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए प्रचार किया और मतदान किया था। "अपने आप को कम मत समझो। आपके पास किसी भी सरकार को बनाने या बिगाड़ने की शक्ति है। आपकी सभी समस्याओं का एकमात्र समाधान तेलंगाना में केसीआर सरकार को गिराना और भाजपा को सत्ता में लाना है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि केसीआर ने झूठे वादों के साथ विभिन्न बीसी समुदायों को धोखा दिया है। उन्होंने एमबीसी कॉर्पोरेशन को 1,000 करोड़ रुपये आवंटित करने का वादा किया था, लेकिन उन्होंने केवल 67 करोड़ रुपये जारी किए थे। उन्होंने मोदी सरकार द्वारा तेलंगाना राज्य को स्वीकृत 2.40 लाख घरों का निर्माण नहीं किया है। उन्होंने वादा किया कि एक बार भाजपा सत्ता में आने के बाद घुमंतू जनजातियों के सभी मुद्दों का समाधान करेगी। संजय अपनी पदयात्रा के हिस्से के रूप में चीताकोदुर गांव की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर घुटने तक गहरे पानी से गुजरे। ग्रामीणों ने उनसे शिकायत की कि जब भी भारी बारिश होती है, लगभग 20 गांवों का शेष जिले से संपर्क टूट जाता है। उन्होंने खेद व्यक्त किया कि केसीआर सरकार ने हर मौसम में बाढ़ से बचने के लिए सड़क पर पुल का निर्माण नहीं किया। संजय ने गांव में पुल बनाने के लिए राज्य सरकार पर दबाव बनाने का आश्वासन दिया

## नगर में हुई मध्यम बारिश, राज्य के कई जिलों के लिए एलो अलर्ट जारी

हैदराबाद, 19 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद शहर में शुक्रवार शाम को गच्चीबावली, मानिकोंडा, टोलीचौकी, गंडीपेट, चारमीनार, मेहदीपट्टनम, चंद्रयनगुट्टा, बालापुर, बरकास, सरूरनगर, मलकपेट और एलबी नगर सहित विभिन्न हिस्सों में मध्यम बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, शुक्रवार को तेलंगाना के कई जिलों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने के साथ बिजली भी गिरी। हैदराबाद, रंगारेड्डी, विकाराबाद, कामारेड्डी, आदिलाबाद, संगारेड्डी, कुमारम भीम आसिफाबाद, निजामाबाद, मेडचल-मलकजगिरी, सिद्दीपेट, जंगांव, निर्मल, मंचेरियल, जगित्याल, सूर्यापेट, नलगोंडा, खम्मम, महबूबाबाद, वारंगल, राजना, सिरसिला, करीम, सहित जिले पेद्दापल्ली, जयशंकर भूपालपल्ली, नारायणपेट, जोगुलम्बा गडवाल, हनमाकोंडा, यादरी भुवनागिरी और वनपर्ती में हल्की से मध्यम बारिश हुई। शनिवार के लिए, आदिलाबाद, कुमारम भीम आसिफाबाद और मंचेरियल सहित जिलों में भारी बारिश का संकेत देते हुए एक एलो अलर्ट जारी किया गया है।

# बिलकिस बानो बलात्कारियों की रिहाई पर कविता ने सीजेआई को लिखा पत्र

## गुजरात सरकार के फैसले को रद्द करने का आग्रह किया



पत्र में इस बात पर प्रकाश डाला

हैदराबाद, 19 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। टीआरएस नेता और एमएलसी के. कविता ने भारत के मुख्य न्यायाधीश को एक पत्र लिखकर बिलकिस बानो बलात्कार मामले में दोषियों को रिहा करने के मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। अपने पत्र में, उन्होंने मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय से दोषियों की रिहाई को रद्द करके "अन्याय को पूर्ववत करने" और 'कानून और मानवता में देश के विश्वास को बचाने' का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बिलकिस बानो के न्याय की बहाली के लिए सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप महत्वपूर्ण है। टीआरएस नेता ने लिखा, "बलात्कार जैसे अपराध हमारे सामाजिक अंतरात्मा को हिला देते हैं और दोषी बलात्कारियों को हमारे स्वतंत्रता दिवस जैसे दिन पर स्वतंत्र रूप से बाहर निकलते देखना भेजता है। हर महिला और वास्तव में हर नागरिक की रीढ़ को हिला देता है जो देश के कानूनों और हमारे देश की न्याय प्रणाली में अपना विश्वास रखता है।" उसने अपने कि दोषियों की रिहाई में केंद्र सरकार की भूमिका स्पष्ट नहीं है, जबकि 11 दोषियों को रिहा करते समय प्रक्रियात्मक और मूल जांच को ध्यान में रखा गया था या नहीं। "इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा की गई थी। यह विशेष सीबीआई अदालत थी जिसने इन दोषियों को सजा सुनाई थी। साथ ही, उन्होंने गुजरात सरकार पर 21 अप्रैल, 2022 को 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के हिस्से के रूप में गृह मंत्रालय द्वारा जारी केंद्र सरकार के दिशानिर्देशों की अनदेखी करने का आरोप लगाया।


श्रीमद्भागवत गीता क्षेत्रम्
(श्री गीता भवन)
सोमसुंदरम् विथी, जनरल बाजार, कलासीगुड़ा, सिकंदराबाद (तेलंगाना) – 500 003
https://goo.gl/maps/noCEALbUMyL2
संपूर्ण श्रीमद्भगवत गीता
सम्पूर्ण भागवत गीता पारायणम् , माह के प्रति तीसरे रविवार(21-8-22) को 9:30 सुबह से 1:30 दोपहर तक, बाद में महाप्रसाद, श्रीमद्भागवत गीता क्षेत्रम (श्री गीता भवन), जनरल बाजार, अजंली सिनेमा टॉकिस के सामने , सिकंदराबाद ।
समाज सेवी
गोपाल बल्दवा-श्रीमती मन्जू बल्दवा
*जय श्री कृष्णा*
cont: 9000366660
सभी भक्तगण प्रधारे। फोन करें या मैसेज करके आना सब व्यवस्था करने के लिये आधार कार्ड अनिवार्य, हिन्दु पहचान के लिये।
टी. विश्वेश्वर
सिकंदराबाद
09290444203
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
ब्रिगेड रोड नं. 7, बंजारा हिल्स, हैदराबाद. मोबाइल : 9000366660
GB GOPAL BALDAWA GROUP


# मुख्य सचिव ने शिशु विहार में बच्चों को फल बांटे



हैदराबाद, अगस्त 19 (स्वतंत्र वार्ता)। स्वतंत्र भारत वज्रोत्सव समारोह के तहत मुख्य सचिव सोमेश कुमार ने शुक्रवार को शहर के शिशु विहार का दौरा किया और बच्चों को फल और मिठाई बांटी। इस अवसर पर यहां मीडिया से बात करते हुए, मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार ने शुक्रवार को पूरे तेलंगाना में सभी अनाथालयों, वृद्धाश्रमों और ऐसे अन्य स्थानों में मिठाई और फलों के वितरण के लिए एक विशेष अभियान चलाया था। कार्यक्रम का उद्देश्य अनाथालयों और वृद्धाश्रमों में रहने वालों के लिए मुस्कान और खुशी लाना है।

इस अवसर पर मुख्य सचिव ने शिशु विहार का भ्रमण कर बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने परिसर में स्थापित पोषक ताजा उद्यान देखा। उन्होंने दिव्यांग बच्चों के पुनर्वास केंद्र का भी जायजा लिया। इस अवसर पर फैंसी ड्रेस में बच्चों ने गीत गाए और नृत्य प्रस्तुत किए। बाद में सोमेश कुमार ने जुड़वाँ जुड़वां बच्चों वीणा-वाणी से भी मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। सचिव महिला एवं बाल कल्याण दिव्या एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने 8 अगस्त को स्वतंत्र भारत वज्रोत्सव समारोह का शुभारंभ किया और तब से, राज्य सरकार स्वतंत्रता दौड़, राष्ट्रगान के सामूहिक गायन, छात्रों के लिए गांधी फिल्म की स्क्रीनिंग जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है।

# तातिचेर्ला और जांगलापल्ले के बीच विद्युतीकरण के साथ दोहरीकरण पूरा

हैदराबाद, अगस्त 19 (स्वतंत्र वार्ता)। गूटी-धर्मावरम दोहरीकरण और विद्युतीकरण परियोजना के हिस्से के रूप में 18.8 किलोमीटर की दूरी के लिए तातिचेरला और जांगलापल्ले के बीच रेल लाइन के विद्युतीकरण के साथ दोहरीकरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। ट्रेनों को अब इस डबल लाइन सेक्शन में 110 किमी प्रति घंटे की अधिकतम अनुमेय गति के साथ संचालित किया जा सकता है। यह गूटी से चिगिचेरला तक 79 किलोमीटर के खंड के लिए निरंतर डबल लाइन कनेक्टिविटी को सक्षम करेगा। चिगिचेरला-धर्मावरम के बीच 11 किलोमीटर के शेष खंड में कार्य तेजी से प्रगति कर रहा है ताकि पूरी परियोजना पूरी हो सके। गूटी-धर्मावरम दोहरीकरण परियोजना आंध्र प्रदेश और कर्नाटक राज्यों को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण रेल कड़ी है। यह लाइन दोनों तेलुगु राज्यों को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से जोड़ने वाले महत्वपूर्ण मार्गों में से एक के रूप में कार्य करती है। रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस (राइट्स) द्वारा 90 किलोमीटर की दूरी के लिए गूटी-धर्मावरम परियोजना का दोहरीकरण और विद्युतीकरण किया जा रहा है। परियोजना की स्वीकृत लागत 636.38 करोड़ रुपये है और इस परियोजना को पूरी तरह से रेलवे द्वारा वित्त पोषित



किया जा रहा है। 90 किलोमीटर की पूरी परियोजना में से, 11 किलोमीटर की दूरी के लिए कल्लुरु-गारलाडिने के बीच खंड में दोहरीकरण और विद्युतीकरण सितंबर, 2019 के दौरान पूरा कर लिया गया है। जून 2020 में चिगिचेरला और जांगलापल्ले के बीच 11 किलोमीटर के लिए दोहरीकरण और विद्युतीकरण का काम पूरा हो गया है और नवंबर 2020 में 10 किलोमीटर के लिए गारलाडिने-तातिचेरला का काम पूरा कर लिया गया है। 28 किलोमीटर के लिए कल्लुरु-गूटी के बीच काम अक्टूबर 2021 में पूरा किया गया था। अब, तातीचेर्ला और जांगलापल्ले के बीच विद्युतीकरण के साथ 19 किलोमीटर के दोहरीकरण के पूरा होने से 79 किलोमीटर के निरंतर खंड के लिए डबल लाइन सेक्शन में ट्रेन सेवाओं के संचालन की सुविधा प्रदान की है। अधिकारियों के अनुसार, एक बार परियोजना पूरी हो जाने के बाद, यह इस महत्वपूर्ण संतृप्त सिंगल लाइन खंड पर भीड़भाड़ को कम कर देगी और अधिक संख्या में यात्री और मालगाड़ियों को बेंगलुरु की ओर चलाने में सक्षम बनाएगी। एसडब्ल्यूआर क्षेत्राधिकार में धर्मावरम-बेंगलुरु के बीच दोहरी लाइन का काम भी एक साथ प्रगति कर रहा है और कुछ खंड पहले ही पूरे हो चुके हैं। यह यात्री और माल ढुलाई दोनों खंडों में स्थानीय आबादी के लिए एक बड़ा वरदान प्रदान करेगा। इस अवसर पर, दक्षिण मध्य रेलवे के प्रभारी महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने क्षेत्रीय अधिकारियों और रेल इंडिया तकनीकी और आर्थिक सेवा (राइट्स) टीम को बधाई दी। महाप्रबंधक ने कहा कि इस महत्वपूर्ण खंड के दोहरीकरण से परिचालन दक्षता में वृद्धि होती है, साथ ही अधिक संख्या में संचालन की गुंजाइश भी मिलती है।


Agarwal Seva Dal
agarwalsevadal@gmail.com
BADRIVISHAL PANNALAL PITTI TRUST
in coordination with
AGARWAL SAMAJ
Urdu Galli Shakha | Rikabgunj Shakha | Charminar Shakha
Murlinagar Shakha | Chelapura Shakha
organises
100th FREE CAMP
MEGA MEDICAL CAMP
In Associates with
Medicover Hospital, Hi-tech city, Hyd.
LCS Dundoo Eye Institute, West Marredpally, Hyd.
Jaiswal Hospital, Motinagar, Borabanda, Hyd.
Specialities at the Camp
• EYE CHECKUP (FREE CATARACT SURGERY & OPTICALS TO THE NEEDY)
• DENTAL CHECKUP EVOKE DENTAL CARE (DR. MANITHA PERSHAD SETH) BDS, MDS (PEDODONTIST)
• PHYSIOTHERAPY BAJAJ PHYSIO CARE (DR. MEETA BAJAJ)
• PEDIATRICIAN
• GENERAL PHYSICIAN,
• GYNECOLOGY
• ORTHOPAEDIC
• CARDIOLOGY
• ENT / ECG / 2D ECHO / BMD
• RBS / BP - CHECKUP
रविवार 21 अगस्त 2022
प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक
VENUE : Sri Maheshwari Vidyalay High School, Old Kabutar Khana, Hyd-64
REGISTRATION 10.00 AM to 12 NOON
संयोजक : शेष कुमार गोयल 9293929312 | बजरंग लाल अग्रवाल 9391013272 | कमल कुमार गर्ग 8309723180 | दिनेश कुमार केड़िया 9440399888 | घनश्याम अग्रवाल 9700110102
संजय पंसारी 9391002500 | प्रदीप अग्रवाल 9246504222 | सुधीर गुप्ता 9550522277
AGROHA CO-OP URBAN BANK LTD.
Rikabgunj, Hyderabad-500 002 Ph : 040-24511322, 24512868. www.agrohabank.com


# तेलंगाना सरकार नें केन्द्र की प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण योजना लागू नहीं की

नई दिल्ली, 19 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण योजना को क्रियान्वनित नहीं किया जा रहा है। सरकारी सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) योजना के तहत तेलंगाना राज्य सरकार को वित्त वर्ष 2016-17 और 2017-18 के दौरान 70,674 आवासों के निर्माण का लक्ष्य दिया गया था।

सूत्रों ने बताया कि इस योजना के तहत वर्ष 2016-17 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए केन्द्र सरकार ने अपने हिस्से की 190.79 करोड़ रूपये की पहली किश्त भी जारी कर दी थी, लेकिन तेलंगाना सरकार ने इस योजना को क्रियान्वनित नहीं किया।

# बालकृष्णा द्वारा महिलाओं का अपमान किये जाने पर चंद्रबाबू चुप क्यों : मंत्री रोजा

अमरावती, 19 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य मंत्री रोजा ने कहा कि, नेता बालकृष्णा द्वारा महिलाओं का अपमान करने पर तेदेपा नेता चंद्रबाबू चुप क्यों हैं तथा कोई एक्शन क्यों नही ले रहे हैं। इस संदर्भ में मंत्री रोजा ने पत्रकारों को बताया कि, अभिनेता बालकृष्णा द्वारा महिलाओं का अपमान करने पर तेदेपा नेता चंद्रबाबू चुप बैठे हैं। इसका मतलब इन दोनों में महिलाओं के प्रति हीन भावना पनप रही है। साथ ही उन्होने कहा कि, बालकृष्णा द्वारा जब कभी भी आम सभा को संबोधित किया जाता है तब वे महिलाओं के प्रति अनाप शनाप वार्तालाप करते हैं। जोकि पूरी तरह अनुचित है। इसके चलते तेदेपा अध्यक्ष चंद्रबाबू को चाहिए कि तुरंत बालकृष्णा को पार्टी से निकाल बाहर करें। पर चंद्रबाबू ऐसा नही कर रहे हैं। इससे साफ जाहिर है कि इन दोनों में महिलाओं के प्रति कितना सम्मान है। मंत्री रोजा ने आगे कहा कि, राज्य की जगनमोहन रेड्डी के नेतृत्व की सरकार सभी क्षेत्रों में विकास कर रही है तथा इसका ज्वलंत उदाहरण बडे बडे उद्यमी जैसे अंबानी व अडानी भी राज्य में निवेश करने को इच्छुक है। पर तेदेपा इस सबको देखकर भी अपने अटपटे स्वभाव में बदल नही करती, जोकि सचमुच ही शोचनीय बात है।

# विशाखापट्टणम में राउडीशीटर की निर्मम हत्या

विशाखापट्टणम, 19 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। विशाखापट्टणम में राउडीशीटर की निर्मम हत्या से शहर में हडकंप मचा है। इस बारे में स्थानीय पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, विशाखापट्टणम शहर के बीच सडक में अप्पुघर के बी. अनिलकुमार नामक एक रौडीशीटर की हत्या की गयी। पुलिस ने कहा कि, रौडीशीटर अनिलकुमार के करीबी मित्र जैसे आदर्शनगर का निवासी श्यामप्रकाश, शमीर व एरय्या अन्य ने ही रौडीशीटर की हत्या की तथा घटनास्थल से फरार हो गये।


स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com



रामदेव ज्योतिष
मो. 8801305757
जन्म कुंडली, संतान प्राप्ति, विवाह-सगाई में देरी, व्यापार में घाटा, मोहिनी वशीकरण, किया-कराया, सास-बहू में असंतोष, सौतन समस्या, घर में अशांति, शत्रुनाश, प्रेम समस्या, लक्ष्मी बंधन, पति-पत्नी में अनबन, भूमि लाभ आदि सभी समस्याओं का समाधान।
विश्वसनीय राजस्थानी पंडित जी
घर पर आकर सेवाएँ देने और फ़ोन पर भी सुविधा उपलब्ध।
माँ-बहनें निःसंकोच अपना घर-मंदिर समझ कर पधार सकती हैं।
बात गुप्त रहेगी, फ़ीस केवल : 200/-
काचीगड़ा, हैदराबाद. समय : 10.00 से 6.00 बजे तक


# सीजेआई रमणा ने तिरुमाला मंदिर में की पूजा-अर्चना

तिरुपति, 19 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन.वी. रमण ने शुक्रवार को तिरुमाला मंदिर में पूजा-अर्चना की। अपनी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ, उन्होंने प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर में दर्शन किए और विभिन्न अनुष्ठानों में भाग लिया। महाद्वारम पहुंचने पर, सीजेआई का आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री नारायणस्वामी, तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के अध्यक्ष वाई.वी. सुब्बा रेड्डी और अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया। दर्शन के बाद सीजेआई को रंगनायकुल मंडपम में पुजारियों द्वारा 'वेदश्री वचनम' की पेशकश की गई और उसके बाद टीटीडी अध्यक्ष द्वारा 'तीर्थ प्रसादम' की प्रस्तुति दी गई।



आंध्र प्रदेश के रहने वाले न्यायमूर्ति रमना का कार्यकाल 16 महीने से अधिक के कार्यकाल के बाद 26 अगस्त को समाप्त हो रहा है। उन्होंने न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित को अपने उत्तराधिकारी के रूप में केंद्र से सिफारिश की है। इस बीच, तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश उज्ज्वल भुइयां ने भी शुक्रवार को मंदिर में पूजा अर्चना की। परिवार के सदस्यों के साथ, उन्होंने 'दर्शन' किया और अनुष्ठानों में भाग लिया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा ने भी शुक्रवार को दर्शन किए। टीटीडी अधिकारियों ने उनका पारंपरिक स्वागत किया। पुजारियों और टीटीडी अधिकारियों ने उन्हें पवित्र प्रसाद भेंट किया। दो दिन पहले भाजपा ने येदियुरप्पा को अपने संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति में नियुक्त किया था।


|| श्री गणेशाय नमः || || श्री गोगा नमः || || श्री हनुमते नमः ||
जाहर वीरम् भूतप्रेतादि निवारकम्, गोरख शिष्यम् बाछल नन्दनम् ।
भाला-आदि-आयुधधारी नीलाश्व वाहनम्, नमामि गोगा वीरम् वागडधरा अधिनायकम् ॥
श्री गोगा नवमी के उपलक्ष्य में
श्री गोगाजी जन्मोत्सव
(हँसता - गाता - धूम मचाता)
आज शनिवार दि. 20-8-2022
अभिषेक - प्रातः4-30 बजे दर्शन - प्रातः 7-00 बजे से
भण्डारा - सायं 6:00 बजे से
विशेष आकर्षण
बाबा का दरबार | अखण्ड ज्योत | अनुपम श्रृंगार | अलौकिक दर्शन | भजन संकीर्तन
भजन संध्या सायं 6-30 बजे से
प्रस्तुतकर्ता : जय भवानी कीर्तन मण्डल (भाग्यनगर)
भजन गायक श्री विजय जाजू
दर्शन करें- गुरु गोरखनाथजी के
कार्यक्रम शुभस्थल : श्री गोगाजी मन्दिर
(ऐश्वर्या एग्रीप्रॉसेसर्स प्राईवेट लिमिटेड)
पेद्दा अम्बरपेट, हयातनगर मण्डल, जिला : रंगा रेड्डी (तेलंगाना)
सभी भक्तगण सपरिवार सादर आमंत्रित है।
श्री गोगाजी का मन्दिर
दक्षिण भारत का प्रथम लोकदेवता जाहर वीर श्री गोगाजी मन्दिर ऐश्वर्या एग्रीप्रॉसेसर्स प्रा. लि., विजयवाडा हाइवे, हयातनगर से आगे, तीसरे पेट्रोल पम्प के बाद, दूसरी बायें ओर की सड़क, पेद्दा अम्बरपेट, हयातनगर मण्डल, जि.: रंगा रेड्डी में पधारकर श्री गोगाजी मन्दिर के दर्शन व प्रसाद (भण्डारा) का लाभ लेवें।
निवेदक
फकीरचन्द राजेन्द्रप्रसाद ताजपुरिया एवं समस्त परिवार
सम्पर्क सूत्र : 92465 44233, 98855 55540, 98480 34003
Aishwarya Agriprocessors Pvt. Ltd.
KUNTLOOR VILLAGE, HAYATHNAGAR MANDAL


Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.